डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
07.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-319 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

कोई भी व्यक्ति इस संसार में हमारा दोस्त या दुश्मन बन कर नहीं आता, हमारा व्यवहार ही लोगों को दोस्त और दुश्मन बनाता है।

## ईडी की तैयारी, पंकज मिश्रा पर जल्द होगी चार्जशीट

### ईसीआईआर के आधार पर आलमगीर आलम की बढ़ सकती है मुसीबत



### रडार पर आलमगीर आलम भी



झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भी ईडी की रडार पर हैं। ईडी ने बरहरवा थाने में टेंडर मैनेज करने से जुड़ा जो केस दर्ज किया था, उस केस में भी आलम आरोपी हैं। ईडी की ईसीआईआर में भी आलम का नाम दर्ज है। हालांकि, इस मामले में ईडी ने अबतक उनका बयान दर्ज नहीं कराया है। एजेंसी से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जांच का दायर जैसे जैसे आगे बढ़ेगा इसमें कई लोगों की भूमिका सामने आ सकती है।

### 19 जुलाई को पंकज मिश्रा को ईडी ने किया था गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संताल परगना में टेंडर मैनेज करने और अवैध खनन के जरिये अर्जित संपत्ति के मनी लाउंड्रिंग के मामले में पंकज मिश्रा पर जल्द ही चार्जशीट दायर की जायेगी। ईडी की टीम बकायदा तीन हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट तैयार कर रही है। इसके लिये ईडी की टीम जुटी हुई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने 19 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया था। उसी दिन उनकी गिरफ्तारी ईडी ने कर ली थी। इसके बाद 14 दिनों के रिमांड पर उनके एजेंसी ने पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी को गिरफ्तारी के 60 दिनों के भीतर चार्जशीट करनी है, चार्जशीट नहीं हो पाने की स्थिति में पंकज मिश्रा को लाभ मिल सकता है, ऐसे में पूरे तथ्यों के साथ ईडी चार्जशीट कर रही है।

**100 करोड़ से अधिक का अवैध खनन :** ईडी ने 100 करोड़ रुपये की काली कमायी अवैध खनन के जरिये पायी है। साहिबगंज, पाकुड़ समेत अन्य जिलों में अवैध खनन का मास्टरमाइंड भी एजेंसी ने पंकज मिश्रा को ही पाया है। ईडी ने अबतक की जांच में साहिबगंज के दर्जनों माइंस कारोबारियों से पूछताछ की है। ईडी ने पंकज मिश्रा के पार्टनर बच्चू यादव को भी इस मामले में जेल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तीन महिलाओं की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या मामले में 15 गिरफ्तार

**रांची।** रांची जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर तीन महिलाओं की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अभिमन्यू सिंह मुंडा, ललित सिंह मुंडा, संतोष सिंह मुंडा, सहदेव सिंह मुंडा, जन्मेनत्रय लोहरा, बबलू सिंह मुंडा, सुकरा मुंडा, पुईता सिंह मुंडा, मुचिराम मुंडा, नमीसिंह मुंडा, नंदकिशोर सिंह मुंडा, बिरहर सिंह मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, दिनेश सिंह मुंडा और संजय सिंह मुंडा शामिल हैं। एसएसपी कौशल किशोर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया था। पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि मारी गयी महिलाओं में एक के बेटे ललित को शक था कि उसकी मां और गांव की दो अन्य महिलाएं सांप बन कर गांव के युवाओं को डंस रही हैं। इसी वजह से तीनों को मार डाला गया। ग्रामीणों ने तीनों महिलाओं के मौत होने के बाद उनके शव को एक ऑटो में रखा। इसके बाद उसे गांव से ढाई किलोमीटर दूर स्थित मारांगबुरू पहाड़ी के जंगल में ले जाकर फेंक दिया। एसडीपीओ अजय कुमार ने मंगलवार को आम जनता से अपील की है कि इस तरह की घटना समाज के लिए कुरीति है। लोग अंधविश्वास में आकर ऐसी घटना को अंजाम ना दें जो मानवता के लिए कलंक हो।

## करम पर्व की धूम, अखड़ा में विधि-विधान के साथ की गयी पूजा अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यभर में प्रकृति पर्व करमा की धूम रही। राजधानी रांची में भी जगह-जगह करम पूजा के लिए अखड़ा की विशेष साज-सज्जा की गयी। कुंआरी कन्याएं दिनभर का व्रत रखकर शाम में करम देव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बहनें करमदेव से अपने भाई की सुख-समृद्धि की कामना करते दिखीं। विधि-विधान से अखड़ों में करम डाली स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। पाहनों द्वारा विभिन्न अखड़ों में पूजा-अर्चना करायी गयी। देशवासियों और राज्यवासियों की खुशहाली के लिए लाल मुर्गे की बलि दी गयी। पाहन (पुजारी) ने करम-धरम की कथा सुनायी। पूजा के बाद खुशियां मनाते हुए रातभर अखड़ा में नृत्य-संगीत का दौर चलता रहा। कारोना संक्रमण के कारण दो साल करमा पूजा सादगी से मनाया जा सका था। ऐसे में इस बार पर्व को लेकर दोगुना उत्साह नजर आया। राजधानी रांची में सभी अखड़ा में पूजा की गयी। मुख्यरूप से हातमा, सिरमटोली, आदिवासी हॉस्टल, हरमू, करमटोली, वीमेंस कॉलेज, डंगराटोली, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी करम पर्व की शुभकामनाएं



**रांची।** मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने राज्यवासियों को प्रकृति पर्व करम की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि प्रकृति पर्व करम पूजा की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं, भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाई-बहन के अटूट प्रेम का यह पर्व, आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाये, यही कामना करता हूं। वहीं रांची विमेंस कॉलेज (साइंस ब्लॉक) स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव-2022 में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन।

## न्यूज गैलरी

### सुरक्षाबलों ने हिजबुल के दो आतंकवादी को किया ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादी मारे गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग के पोशक्रीरी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया था। उनके अनुसार तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर उन्होंने जवाबी कार्रवाई की और फिर दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गयी। अधिकारी के मुताबिक इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। उन्होंने बताया कि दोनों आतंकवादियों का संबंध प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कश्मीर क्षेत्र) विजय कुमार ने ट्वीट किया कि (सुरक्षाबलों ने) दानिश भट और बशरत नबी को मार गिराया जिनका संबंध प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से था। दोनों ही नौ अप्रैल, 2021 को प्रादेशिक सेना के सैनिक सलीम की तथा 29 मई, 2021 को जबलीपोरा में दो नागरिकों की हत्या में शामिल थे।

### ईडी कोर्ट में हुई प्रेम प्रकाश की पेशी, भेजा गया जेल

**रांची।** खनन घोटाले और मनी लाउंड्रिंग मामले में जांच कर रही ईडी की टीम ने चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश से 12 दिनों तक रिमांड पर पूछताछ करने के बाद मंगलवार को उसे विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया गया। जिसके बाद अदालत ने 16 सितम्बर तक के लिए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। इससे पहले दो बार 6-6 दिनों के लिए रिमांड पर लेकर प्रेम प्रकाश से ईडी ने पूछताछ की थी। इससे पहले 25 अगस्त को ईडी द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने उसके 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इससे पहले भी ईडी उनके कई ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों ईडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित किराये पर रह रहे आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद हुई थीं। दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था।

### डाकघर गबन मामले में सीबीआई की टीम ने की छापेमारी

**गढ़वा।** झारखंड में गढ़वा जिले के रमना उप डाकघर से हुई करीब 2.10 करोड़ रुपये के गबन मामले की जांच को लेकर सीबीआई की टीम मंगलवार को रमना पहुंची। उन्होंने आरोपी संजय कुमार के आवास पर जाकर करीब दो घंटे तक छापेमारी की। 11 बजे से शुरू की गयी छापेमारी दोपहर एक बजे तक जारी रही। बताया गया कि छापेमारी के दौरान सीबीआई की टीम को कुछ विशेष हाथ नहीं लग सका है। सीबीआई की सात सदस्यीय टीम ने संजय कुमार की पत्नी नीलम देवी और उनके पिता से पूछताछ कर वापस लौट गयी। सीबीआई की ओर से इस मामले के एक अन्य अभियुक्त भवनाथपुर के अरसली गांव निवासी अश्विनी कुमार ठाकुर के आवास पर भी छापेमारी की गयी। हालांकि, छापेमारी दल में शामिल अधिकारियों ने इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार किया। विदित हो कि रमना उप डाकघर में विभिन्न आवर्ती खातों से अवैध निकासी करने के मामले में सहायक डाक अधीक्षक शंकर कुजूर ने जून 2019 में रमना थाना मे तत्कालीन उप डाकपाल कामेश्वर राम, अश्विनी कुमार, मंजीत कुमार और संजय कुमार पर मामला दर्ज कराया था। दो वर्ष तक चले विभागीय जांच के बाद मामला सीबीआई को टेक ओवर कर दिया गया। इसके बाद से सीबीआई की टीम जांच कर रही है।

## पलामू पुलिस ने हत्या में शामिल तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

### अपराधियों ने पैसे की लालच में की थी 65 वर्षीय दिनेश की हत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि 24 अगस्त को दोपहर 1:00 बजे किसी व्यक्ति के माध्यम से छतरपुर थाना को सूचना मिली की छतरपुर थाना क्षेत्र के बाधमारा लक्ष्मी जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार,एसआई प्रियरंजन कुमार एवं सशस्त्र बल के जवानो के साथ पुलिस बल लक्ष्मी जंगल में पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतू सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया। पुलिस ने मृत व्यक्ति के पास से आधार कार्ड की एक फोटो कॉपी पाया। जिसमें मृत व्यक्ति का पता रोहतास जिला फिरहीन्डीह थाना शिवसागर, बिहार है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात शव के परिजनों का पता लगाने में जुट गयी। जांच में पुलिस को मृतक के बारे में पता चला कि मृतक दिनेश कुमार बिहार राज्य के रोहतास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, बारिश के कारण रुका अभियान

## एसपी अंजनी अंजन ने खुद संभाला कमान, किया कैंप

**अजय सिन्हा**

**लातेहार।** भारी बारिश के कारण बूढ़ा पहाड़ में चलाया जा रहा ऑपरेशन को रोक दिया गया। सुरक्षाबलों को वापस बुला लिया गया। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बूढ़ापहाड़ इलाके में चाइनीज बम समेत लैंड माइंस बरामद किए हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में गोली और नक्सल सामग्री भी जब्त किए गए हैं। पुलिस को बूढ़ा पहाड़ पर माओवादियों खिलाफ अभियान के दूसरे दिन बड़ी सफलता मिली है।खराब मौसम में भी अर्धसैनिक बल मोर्चा लिए हुए थे। मंगलवार को अभियान के क्रम में सुरक्षाबलों को अलग-अलग तरह लैंडमाइन और 350 से अधिक गोलियां मिली हैं।



**पहली बार बूढ़ा पहाड़ में चायनीज सामग्री मिली :** सोमवार को पुलिस ने भारी मात्रा में आईडी बरामद किया था। नक्सलियों का बंकर ध्वस्त किया गया। मंगलवार को अभियान जारी रहा और पुलिस को सफलता मिली। माओवादियो ने सारी सामग्री को एक बंकर में छिपा कर रखा था। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बंकर को ध्वस्त किया और सभी सामग्री को जब्त कर लिया है। माओवादियो के पास से चाइनीज लैंडमाइंस के अलावा कई तरह की सामग्री मिली है। बताया जा रहा है कि ये पहली बार है कि बूढ़ा पहाड़ के इलाके में चायनीज सामग्री मिली है।

**बूढ़ा पहाड़ से बरामद हुई यह सामग्री :** 10 किलो का सिलेंडर बम 02 , तीन किलो का लैंडमाइन 11, दो किलो का लैंडमाइन 07, एक किलो लैंडमाइन 06, टीफिन बम 5, प्रेशर कूकर बम 01, तीर बम 25, चाइनीज सिलेंडर ग्रेनेड 1, चाइनीस ग्रेनेड 35, चाइनीस कोन ग्रेनेड 3, अमोनियम नाइट्रेट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## देश को मिली पहली नेजल वैक्सीन

### भारत बायोटेक की इंट्रानैसल को डीसीजीआई से मिली मंजूरी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना के खिलाफ जंग में भारत ने एक और बड़ी छलांग लगा दी है। देश को पहली स्वदेशी नेजल वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी मिल गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बताया कि भारत बायोटेक की ओर से निर्मित कोरोना के लिए बनायी गयी देश की पहली नेजल वैक्सीन को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने उपयोग के लिए हरी झंडी दे दी है। खास बात यह है कि यह भारत का कोविड-19 वायरस के लिए पहला नाक से दिया जानेवाला टीका होगा। भारत ने अभी तक 100 करोड़ कोविड टीकाकरण करके एक रिकॉर्ड कायम किया है। पहले स्वदेशी नेजल वैक्सीन को मंजूरी दिये जाने को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि नियामक ने 18 वर्ष और उससे अधिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाई वॉल्टेज करंट की चपेट मे आने से 14 भैंसों की मौत, तीन घायल

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार प्रखंड के चराई-पंचायत के ममनदोहर वीर कुंवर स्थान के निकट 11 हजार हाई वॉल्टेज विद्युत करंट की चपेट मे आने से 14 भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि बिजली के खम्भा में, इंसुलेटर पंचर होने के कारण बिजली के खम्भे से कंरट आ गई और भैंस उसकी चपेट में आ गये। बताया यह भी जा रहा है कि जिस जगह पर खंभा था। उसी के बगल में गड्ढा भी था और उसमें पानी भरा था। जिसमें भैंस तैर रहे थे। अचानक उसमें करंट आने से सभी भैंस छटपटा कर वहीं दम दिये। इस बीच चारवाहों ने देखा कि हाई वॉल्टेज का तार खम्भे में लहर रही है । उन्होंने दौड़ कर अपने गावंवालो को सूचना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बैंकमोड़ में मुथूट फिनकॉर्प में लूट के प्रयास में मुठभेड़, एक डकैत की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** शहर के बैंकमोड़ स्थित मुथूट फिनकॉर्प कंपनी के कार्यालय में लूट के प्रयास में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक अपराधी को गोली लग गयी। घटना में मौके पर ही उसकी मौत हो गयी, जबकि धरपकड़ में एक डकैत जख्मी है। एक अन्य अपराधी को पुलिस ने दबोच लिया है। पकड़े गये दोनों अपराधियों को सरायढेला पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। वहां उससे पूछताछ की जा रही। बताया जाता है कि कुछ लोग मौके से फरार भी हुए हैं। अपराधी बिहार के लखीसराय जिले के रहनेवाले बताये जा रहे हैं। अपराधी दो बाइक पर सवार होकर आये थे। सुबह करीब 10 बजे बैंक मोड़ गुरुद्वारा के पास स्थित मुथूट फाइनेंस का दफ्तर खुलते ही डकैत अंदर घुस गये। इसकी सूचना मिलने पर बैंक मोड़ थाना की पुलिस पलक झपकते ही मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को देख अपराधी भागने लगे, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## वाहन में पीछे की सीटों पर बैठे लोगों को भी सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य करने की तैयारी

**- ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** उद्योगपति साइरस मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद कार में सभी सीटों पर बैठे यात्रियों को सीट बेल्ट लगाना आवश्यक करने, सड़क निर्माण की डिजाइन को अंतर्राष्ट्रीय मापदंड के अनुसार कड़ाई से लागू करने की चर्चा शुरू हो गयी है। इस बार बहस खास तौर पर पीछे बैठने वाले यात्रियों की सुरक्षा को तवज्जो दे रहा है। चर्चा यह भी है कि साइरस जो मर्सिडीज जीएलसी की पिछली सीट पर बैठे थे, यदि सीट बेल्ट लगाये होते तो बच गये होते। इस दुखद घटना ने केंद्र को सीट बेल्ट और सीट बेल्ट वार्निंग सिस्टम पर अपने नियम पर फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है। इसके मद्देनजर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय जल्द ही सीट बेल्ट वार्निंग अलार्म को रोकने के लिए सभी मैकेनिज्म पर प्रतिबंध लगा सकता है। सूत्रों का कहना है कि बीते रविवार को पालघर में सड़क दुर्घटना में साइरस मिस्त्री की मौत के बाद सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय चार फैसले लेगा। मंत्रालय सीट बेल्ट बीप अलार्म स्टॉपर्स पर प्रतिबंध लगायेगा, कारों में छह एयरबैग और कार निर्माताओं के लिए मध्य और पीछे की सीटों के लिए तीन-बिंदु सीट बेल्ट अनिवार्य करेगा और कार के फ्रंट सीट बेल्ट और रियर सीट बेल्ट की अहमियत पर जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलायेगा। मंत्रालय नयी सड़कों के लिए डिजाइन प्रस्तावों की कड़ाई से समीक्षा कर सकता है और निर्धारित मानकों में नाकाम रहने वालों पर दंड के साथ सख्त कार्रवाई कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम उसी के लिए आदेश तैयार कर रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। इस तरह के सभी प्रकार के सीट बेल्ट क्लिप पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जल्द ही जारी किया जायेगा। मालूम हो कि भारत में कारें ज्यादातर सामने बैठनेवालों के लिए सीट बेल्ट चेतावनी प्रणाली के साथ आती हैं। कुछ कारें आगे बढ़ना भी बंद कर देती हैं, अगर उन्हें पता चलता है कि सामनेवाले यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं पहनी है। जबकि पीछे के यात्रियों के लिए ऐसी कोई चेतावनी प्रणाली नहीं है। सीट बेल्ट अलार्म स्टॉपर्स क्लिप होते हैं, जो सीट बेल्ट लगाने के बाद बीप करना बंद कर देते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैंने ऐसी सीट बेल्ट स्टॉपर क्लिप के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। मैं अपने राजमार्गों पर लगे कैमरों के दायरे का विस्तार करने पर भी काम कर रहा हूं ताकि कार के अंदर सीट बेल्ट नहीं पहनने वालों का पता लगाया जा सके और उन पर ऑटोमेटिक रूप से मुकदमा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कोरोना संक्रमण में आ रही कमी, लेकिन बरतते रहें सावधानी

**- आरपी सिंह**

**नयी दिल्ली।** देश में मंगलवार छह सितम्बर को 4417 नये कोरोना संक्रमित मिले। ये बीते तीन माह में एक दिन में मिले संक्रमण के सबसे कम मामले हैं। देश की दैनिक संक्रमण दर भी तेजी से घटकर 1.20 प्रतिशत रह गयी। मंगलवार सुबह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अपडेट आंकड़ों में यह बात कही गयी है। बीते 24 घंटों में सक्रिय केस में और गिरावट आयी है। ये अब 52,336 रह गये हैं। बीते 24 घंटों में 23 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ दिया। इसमें केरल में पूर्व में हुए एक मौत शामिल हैं, जिसे राज्य ने अब मौत के आंकड़ों में जोड़ा है। इसके साथ ही कोरोना से कुल मृतक संख्या 5,28,030 हो गयी है। इससे पहले देश में छह जून को 24 घंटे के अंदर 3,714 नये मामले सामने आये थे। उसके बाद मंगलवार को मिले संक्रमित तीन माह के सबसे कम हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कुल केस की तुलना में सक्रिय केस 0.12 फीसदी है। कोरोना की राष्ट्रीय रिकवरी दर बढ़कर 98.69 फीसदी हो गयी है। बीते 24 घंटे में सक्रिय केस में 1638 की गिरावट दर्ज की गयी। मंत्रालय के अनुसार दैनिक संक्रमण दर 1.20 फीसदी दर्ज की गयी, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.06 फीसदी रही। कोरोना महामारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,38,86,496 हो गयी है, जबकि कोविड मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गयी। 22 नयी मौतों में दिल्ली में चार, महाराष्ट्र के तीन और बिहार, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में हुई दो-दो मरीजों की मौत शामिल है।

**बीते तीन माह में सबसे कम 4417 नये कोरोना केस मिले**

## न्यूज गैलरी

### नारायण सेवा समिति ट्रस्ट ने गरीबों के बीच वस्त्र बांटा

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया पंचायत के बंसी टोला में मंगलवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा गरीब ,असहाय, लाचार ग्रामीणों के बीच साड़ी, धोती व वस्त्र का वितरण किया गय। वस्त्र वितरण करते हुए नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि मैं करीब 9 माह से वस्त्र वितरण कर रहा हूं। बहुत से लोग इसमें सहयोग भी कर रहे हैं। हलांकि अभी सदस्यों की संख्या भी बढ़ रही है।` ईश्वर की कृपा रही तो जब तक जीवन है तब तक सेवा करता रहूंगा। उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके बच्चों को शिक्षित करें, हर हाल में बच्चों को विद्यालय भेजे,`घर के आस पास हमेशा साफ सफाई रखे ।तभी आप लोगों का विकास हो सकता है ।मौके पर नारायण सेवा समिति के सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राजनीतिक पार्टी मुरुमातु महादलित परिवार की घटना को न दे तुलः नईमुदिन

**विश्रामपुर।** राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुदिन अंसारी ने मुरुमातु महादलित मुसहर परिवारों को लेकर उत्पन विवाद पर मंगलवार को विश्रामपुर अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस अयोजित की। जिसमें उन्होंने कहा कि मुरुमातु की घटना काफी निंदनीय है। प्रशासन को किसी भी राजनीतिक पार्टी के दबाव में आकर नही ,बल्कि पूरे पारदर्शिता के साथ अपना काम करना चाहिए ।चाहे वह पार्टी कितनी भी बड़ी क्यू ना हो। अंसारी ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी सिर्फ और सिर्फ जात और धर्म की राजनीतिक करती है जो समाज कल्याण हेतू ठीक नही है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर चुटकी लेते हुए कहा कि विधायक को आज दलितों की याद आ रही है ।इससे पहले क्यों नहीं आई। अगर आई भी है तो सिर्फ मुरुमातु के महादलित मुसहर परिवारों के लिए क्यों, क्या उनके विधान सभा क्षेत्र में सिर्फ यहीं एक जगह है ।जहां महादलित परिवार रहते है,वहां सैकड़ों गांव हैं। जहां महादलित परिवार आज भी बद से बतर स्थिति में अपना जीवन यापन कर रहे है । विधायक को इनके बारे में भी सोचना चाहिए। सिर्फ एक समुदाय को टारगेट कर उन्हे परेशान करना ठीक नही है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया में जिनका भी वास्तविक जमीन है उन्हे मिलना चाहिए। लेकिन भाजपा जो बेवजह मुद्दा बना रही है। उससे क्षेत्र के मुस्लिम परिवार पूरे दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं अंसारी ने दोनों समुदाय से अपील करते हुए कहा है की इस मामले को ज्यादा तुल न दिया जाये।

### धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत बंजारी मोहल्ला में साड़ी धोती का वितरण किया गया। डीलर मो. नसरुल्लाह के जनवितरण प्रणाली दुकान पर मंगलवार को सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत पूर्व पंसस सह समाजसेवी राजकुमार पासवान व समाजसेवी मो. डायमंड ने सभी कार्डधारकों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण किया। मौके पर राजकुमार पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ अनुदानित दर पर सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है। मौके पर मो. खुर्शीद आलम, मो कितबुद्दीन, मो. शहजाद, शाहिदा खातून, पूनम देवी, सरोज देवी, सुखदेव विश्वकर्मा, मो. असलम सहित कई कार्डधारी उपस्थित थें।

### पौधा के रूप में एक जीव प्रतिस्थापित कर रहे हैं: राजेश

**छतरपुर।** पलामू विहंगम योग संत समाज के अंतरराष्ट्रीय प्रचारक प्रधान उपदेष्टा पूज्य संत श्री नामदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर छतरपुर सत्यनारायण सिंह भवन एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में पौधारोपण किया गया । जिसमें विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राओं ने वृक्ष लगाया । साथ ही इस मौके पर विहंगम योग संत समाज के प्रचारक राजेश भारद्वाज ने कहा कि हम आज पौधे के रूप में एक जीव को प्रतिस्थापित कर रहे हैं । जिसका हम सभी बड़े होने तक देखभाल करेंगे। वृक्ष के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती । मौके पर विद्यालय के प्राध्यापिका पुष्पा कुमारी ,सुनीता कुमारी ,अमरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, रानी कुमारी, रामरेस विश्वकर्मा मौजूद थे।

### समाजसेवी ने खराब चापाकल की निजी खर्च से कराई मरम्मत

**हरिहरगंज।** युवा समाजसेवी सह हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार राजीव रंजन ने निजी खर्च से हरिहरगंज बटाने नदी छठ घाट तथा श्मशान घाट पर एक साल से खराब चापाकल को मरम्मत कराकर लोगों को पेयजलापूर्ति की सुविधा मुहैया करायी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा चापाकल खराब होने की जानकारी दी गयी थी। उन्होंने इसे लेकर त्वरित संज्ञान लेते हुए मिस्त्री भेजकर अपने मौजूदगी में निजी खर्चे से 20 फीट नया पाईप लगवाते हुए चापाकल की मरम्मती कराया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने राजीव रंजन के प्रति आभार जताया। इस दौरान राजीव रंजन ने कहा कि समाज के प्रति हमेशा जनहित का कार्य कर रहा हूं और करता रहूंगा। मालूम हो कि नगर पंचायत क्षेत्र में अब तक एक सौ से अधिक चापाकलों को स्वयं के खर्चे पर मरम्मत कराकर पेयजलापूर्ति बहाल करवाई है। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, बसंत मेहता, बसंत साव, सुबोध विश्वकर्मा, सुरेश मेहता, मनोज मेहता, अमरजीत मेहता, रामनाथ गुप्ता, धनेश्वर साव, शिव सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थें।

### दो गुटों की वर्चस्व की आपसी लड़ाई में ग्यारह लोग घायल,चार रेफर

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के सिगसिगी पंचायत अंतर्गत लोहरदगा गांव में मंगलवार को दो पक्षों में आपसी वर्चस्व की लड़ाई में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद का मुख्य कारण कुछ समय पूर्व वार्ड सदस्य की हुई चुनाव को माना जा रहा है। घायलों में प्रथम पक्ष मे कुल सात वही दूसरे पक्ष से कुल चार लोगो का नाम शामिल है। घायलों में फुलवा देवी,रामगति राम,अजय राम, सुधा देवी तथा वार्ड सदस्य माया देवी उम्र करीब 23वर्ष,वासुदेव राम (60),दीपक राम,लव कुमार आदि का नाम शामिल है। जिनका इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। वही चिकित्सको ने गंभीर रूप से घायल वासुदेव राम सहित तीन अन्य घायल महिला को प्राथमिक उपचार के उपरांत उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतू एमएचसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।

## महुदंड गांव में पलामू सांसद ने किया सड़क का शिलान्यास

# अतिसंवेदनशील क्षेत्र महुदंड का होगा विकासः सांसद

### 10.15 करोड़ रुपए की लागत से 14 किमी. बनेगी सड़क



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के अतिसंवेदनशील क्षेत्र महुदंड गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत काला पहाड़ से महुंदण्ड गांव तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास पलामू सांसद बीडी राम व छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद महुदंड स्कूल परिसर में एक समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महुदंड पंचायत की मुखिया मीना देवी ने की। जबकि संचालन समाजसेवी शिव शंकर यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पलामू सांसद ने कहा कि अब महुदंड पंचायत में विकास कार्य दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण हो जाने से लोगों को आने जाने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह करीब 14 किमी.की है। जो दस करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से बनेगी। सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। सांसद ने कहा कि महुदंड में शीघ्र जिओ मोबाइल कंपनी के अधिकारियों से मिलकर टॉवर लगवाने के लिए पहल करेंगे,साथ ही ग्रामीणों के इलाज के लिए शीघ्र ही स्वास्थ्य केंद्र बहाल की जायेगी। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि सांसद प्राथमिकता के आधार पर पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी विकास पर ही विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से हमारे विधान सभा क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत होगी। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद मनोज भुईयां, विनोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, सीबी रमन सिंह,कामेश्वर कुशवाहा, विजय प्रसाद यादव, उदय यादव, कामेश्वर सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, मोहम्दगंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, मुजाहिद अहमद समेत कई लोग मौजूद थे।

## जपला महावीर भवन दुर्गा पूजा समिति की बैठक

### मिंटू अग्रवाल अध्यक्ष व सचिव बने संतोष



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के जपला बाजार स्थित महावीर भवन के प्रांगण में महावीर भवन दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दीनानाथ सोनी ने किया। जबकि संचालन सचिन आनंद ने की। इस बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मानने का निर्णय लिया गया। पिछले दो वर्षो से कोरोना की वजह से जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए समिति के द्वारा महावीर जी भवन में दुर्गा पूजा सम्पन्न कराया गया। लेकिन इस वर्ष पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मानने पर समिति के द्वारा निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व के आय और व्यय की भी जानकारी देते हुए सर्वसम्मति से महावीर भवन दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, दीनानाथ सोनी, संजय सोनी और उदय विश्वकर्मा, सचिव संतोष गुप्ता, सहसचिव पंकज कुमार सोनी, गोविंदा सोनी, संगठनकर्ता राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष मोहन सोनी, सह कोषाध्यक्ष संदीप सोनी, व्यवस्था प्रमुख धनंजय गुप्ता, हर्ष गुप्ता, भोला, पंकज, विशेष कार्य में अभिषेक कांस्यकार, शशि विश्वकर्मा, संतोष कांस्यकार व मीडिया प्रभारी अमृत कुमार को बनाया गया है।

## रामकृष्ण मिशन विद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** प्रखंड के जरही मोड़ स्थित कमला एजूकेशन ऑफ रामकृष्ण मिशन स्कूल में हर्षोउल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, विशिष्ट अतिथि प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रणीत ठाकुर, विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक राजन कुमार गुप्ता, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित हुए। सर्वप्रथम प्रखंड प्रमुख, विशिष्ट अतिथि, विद्यालय के निदेशक, प्रधानाध्यापक, ने दीप प्रज्ज्वलित की एवं महान शिक्षाविद, देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किये। तत्पश्चात सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नतमस्तक होकर उनकी निःस्वार्थ त्याग और देश के प्रति निष्ठा एवं योगदान को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी की देखरेख में सभी वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिसमें संगीत, नृत्य, एवं भाषण आकर्षक रहा। छात्र छात्राओं ने गुरु और शिष्य की परंपरा को बरकरार रखते हुए सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार गुप्ता ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि वैदिक काल से चली आ रही गुरु शिष्य की परंपरा में भले ही बदलाव आया पर मूल रूप में उद्देश्य हमें नहीं बदलना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजन कुमार गुप्ता ने छात्रों के जोश और उत्साह को देखते हुए कहा कि बच्चों का अध्ययन में अव्वल आना शिक्षकों के प्रति सच्ची कृतज्ञता होगी। मौके पर, शिक्षक दीपक कुमार, राम कृष्ण राम, सोनू सिंह, प्रियंका कुमारी, विद्या कुमारी, काजल कुमारी सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जनकल्याण नीतियों को लाने का काम सिर्फ हेमंत सोरेन ही कर सकते हैः राजेन्द्र



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुरानी पेंशन बहाल होने से एनएमओपीएस के सदस्य काफी उत्साहित हैं। मंगलवार को उन्होंने अपनी खुशी का इजहार झामुमो के जिला कार्यालय में किया। एनएमओपीएस के सभी सदस्यों ने जिला संयोजक की अध्यक्षता में झामुमो जिला कार्यालय पहुंचे और सभी को मिठाई खिला कर खुशियां बांटी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। सरकारी कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ देकर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा तथा जिला सचिव सन्नू सिद्धीकी को सम्मानित किया। इस लड़ाई में उनके पार्टी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि एनएमओपीएस के सभी कर्मचारियों के चेहरे पर संतोष भरी मुस्कान देखकर जी गदगद हो गया। सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में ही दम है ऐसी जनकल्याण की नीतियों को लाने का । आज सभी वर्ग के लोग जनकल्याण की नीतियों से बहुत खुश हैं, ये एकजुटता का प्रमाण है। इसी वजह से विपक्षियों के पेट में दर्द बढ़ा हुआ है। क्योंकि वो छीन रहे थे, हमारे मुख्यमंत्री ने उनकी गलतियों को सुधारते हुए पुरानी पेंशन लागू की है। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कहा कि आज जिला कार्यालय में आप सबों की उपस्थिति देखकर यह लग रहा है कि मुख्यमंत्री के एतिहासिक फैसलों ने जनता को दिवाली और ईद मानने का एक और मौका दिया है। भाजपा सिर्फ गंदी राजनीति की रोटी सेंक कर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। जल्द ही स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, जातिगत जनगणना भी लागू होकर रहेगा। भाजपा का पलामू से भी सुपड़ा साफ होगा। युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि आज हर वर्ग खुश है। ये सिर्फ सरकार की लोक कल्याणकारी फैसले की वजह से संभव हो सका है। पेंशन सभी काम करने वालों का हक है। बुढ़ापे की लाठी को छीन भाजपा ने सरकारी कर्मचारियों के साथ धोखा किया था। ये लोग देश को बनाने में अपनी जवानी न्योछावर कर देते हैं । मौके पर केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, युवा नेता देवानंद भरद्वाज, अनुराग प्रताप सिंह, संगठन सचिव अजय कुमार, सह संयोजक दीपक कुमार, विनय कुमार, कर्नल रंजीत किशोर, प्रभारी पवन गुप्ता, आशीष दुबे, रंजीत कुमार, संजय कुमार, रविंद्र कुमार पाठक, मनोज तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच आठ सितम्बर से

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट के पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच की समाप्ति के बाद 8 सितंबर से सभी जोनो के प्रखंड वार मैचों का फाइनल मैच कराया जायेगा। डालटनगंज विधानसभा का पहला मैच आठ सितम्बर को पुलिस लाइन के मैदान में चियांकी एवं बांसडीह खुर्द रामगढ़ के बीच खेला जायेगा। दुसरा मैच अपराहन 2:00 बजे से बराव चैनपुर एवं पोची सतबरवा के बीच खेला जायेगा। अपराहन 4:00 बजे से दोनों मैचों के विजेता टीम के बीच डाल्टनगंज विधानसभा का फाइनल मैच खेला जायेगा। विश्रामपुर विधानसभा प्रखंड वार मैच का फाइनल 11 सितंबर को हाई स्कूल ग्राउंड में सोरडीहा विश्रामपुर एवं करकटा उंटारी रोड के बीच खेला जायेगा । दूसरा मैच अपराहन 2:00 बजे से महूगांवा पांडू एवं कुंभी काला नावा बाजार के बीच खेला जायेगा । दोनों मैचों में विजेता टीम विश्रामपुर विधानसभा का फाइनल मैच खेलेगी। हुसैनाबाद विधानसभा का फाइनल मैच 12 सितंबर को कपूर्री मैदान में खेला जायेगा। पहला मैच अपराहन 1:00 बजे से जमुआ हुसैनाबाद एवं मोहम्मदगंज के बीच खेला जायेगा। दूसरा मैच अपराहन 2:00 बजे से हैदर नगर एवं हरिहरगंज के बीच खेला जायेगा। दोनों मैचों में विजेता टीम अपराहन 4:00 बजे से हुसैनाबाद विधानसभा का फाइनल मैच खेलेगी। छतरपुर विधानसभा का प्रखंड वार फाइनल मैच पाटन प्रखंड अंतर्गत किशनपुर स्टेडियम में 13 सितम्बर को खेला जायेगा। पहला मैच अपराहन 1:00 बजे से कव्वाल छतरपुर एवं किशनपुर पाटन के बीच एवं दूसरा मैच अपराहन 2:00 बजे से करकटा नौडीहा बाजार एवं तेनदुई पिपरा के बीच खेला जाएगा। जोन विजेता का सेमीफाइनल मैच मेदिनीनगर के पुलिस स्टेडियम में 18 सितंबर को एवं फाइनल मैच 19 सितंबर को खेला जायेगा।

## मुखिया ने कार्डधारियों के बीच किया लूंगी, साड़ी व धोती का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** सोना सोबरन योजना के तहत मंगलवार को मुखिया कमला देवी व उप मुखिया रूपेश कुमार सिंह व वार्ड सदस्य की मौजूदगी मे उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के कुलही गाँव में जनवितरण प्रणाली के दुकान महिला विकास स्वयं सहायता समूह के कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। साड़ी धोती वितरण के दौरान मुखिया कमला देवी ने कहा कि सोना सोबरण के योजना के तहत सरकार द्वारा चलाई गई योजना यह एक महत्वकांक्षी योजना है। इसका लाभ जरूर लें। आगे मुखिया ने कही की सोना सोबरन योजना गरीब लाभुको के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मौके पर महिला विकास स्वयं सहायता समूह डीलर के अध्यक्ष सपती देवी व सभी सदस्य सहित कई लाभुक मौजूद थे।

## पांडू के पूर्व बीडीओ पर पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना पांडू में गड़बड़ी के आरोप में तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी महेश्वर महतो पर कार्रवाई की जायेगी। कार्मिक विभाग ने इनके ऊपर लगे आरोपों के आधार पर विभागीय कार्रवाई शुरू किया है। इनके पदस्थापन काल में इंदिरा आवास नव निर्माण योजना नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लाभुको को किए गये भुगतान में अनियमितता बरतने, उक्त योजना मद से सरकार से प्राप्त राशि का गबन कर बंदरबांट करने, स्वेच्छाचारिता, कर्तव्यहीनता एवं मनमाना आचरण संबंधी आरोप है। 14 अगस्त 2021 को पलामू डीसी ने प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जिसके बाद विभाग ने अपने स्तर से जांच करायी। प्रथम द्दष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। ऐसे में ग्रामीण विकास विभाग ने कार्मिक को कार्रवाई की अनुशंसा की। इसके बाद कार्मिक विभाग ने उन आरोपों की जांच के लिए रिटायर आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जिम्मेवारी दी है।

## विधायक कोटा की दो योजनाओं का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत में विधायक कोटा की दो योजनाओं का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह ने किया। इसमें भाई बिगहा स्थित सदाबह नदी के तट पर छठ घाट का निर्माण व कनौदा गांव में विवाह मंडप का निर्माण कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र में लोगों के बीच किये गये घोषणा की ओर लगातार अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अलावे ब्रह्मस्थान की ढलाई, कब्रिस्तान की घेराबंदी, जिनबाबा का चबूतरा व मस्जिद, मदरसा, मंदिर तक रोड भी बनाने का काम शुरू करा दिया है। वहीं क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त भी कराया जा रहा है। जनता को भी यह बात समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनता को हमेशा विकास की राजनीति का साथ होना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिसे भी कार्य की जिम्मेदारी दी गई है, काफी सोच समझ कर दी गई है। विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा। इस गांव में भूमि उपलब्ध कराने पर आंगनबाड़ी भवन का निर्माण भी कराया जायेगा। इसमें राकांपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, संतोष राम, भोला राम, पंकज पासवान, परमानंद पासवान, रमेश चौहान, नंदा चौहान, अर्जुन चौहान, संजय सिंह, लल्लू सिंह, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ अली, मोहम्मद हुसैन, डौलू हुसैन, साबित अली,मुखिया जितेंद्र सिंह, भोला सिंह, वीरेंद्र सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भूमिहीनों को भूमि का उचित मुआवजा जब तक नहीं मिलता घर नहीं तोड़े जायें



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** प्रखंड के कौवाखोह गांव में मंगलवार को एनएच 98 के किनारे बसे रैयतों की बैठक हुयी। जिसकी अध्यक्षता सेमरवार मुखिया जितेंद्र पासवान व संचालन जिप प्रतिनिधि राजेश राम ने की। बैठक में भूमिहीनों को भूमि तथा उचित मुआवजा मिलने तक एनएच किनारे बसे लोगों का घर नहीं तोड़ने की मांग की गयी। मुखिया ने बताया कि महज 3 दिनों के नोटिस पर रैयतों का मकान तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जो बिल्कुल गलत है। इन सभी को बरसात के दिन में रहने का की समस्या उत्पन्न हो जायेगी । उन्होंने कहा कि कम से कम 6 माह का समय दिया जाना चाहिए। वही जिप प्रतिनिधि राजेश राम ने कहा कि अनेक अनुसूचित जाति के गरीब परिवार जिनका सिर्फ मकान है, उन लोगों के लिए विकट स्थिति का सामना करना पड़ेगा। ऐसे भूमिहीनों को सरकार भूमि उपलब्ध कराकर मकान बनाने के बाद ही एनएच किनारे से उजाड़ा जाये । वही रैयती जमीन को भी अवैध दखल दिखाकर भूमि का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। जबकि 2016 तक इन सभी का रसीद कटता आया है। मुखिया व जिप प्रतिनिधि ने कहा कि ऐसे रैयतों की जांच कर उचित मुआवजा मिलने तथा भूमिहीनों का भूमि उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो विवश होकर एनएच 98 फोरलेन निर्माण कार्य को ग्रामीण रोकेंगे। वही इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री तथा पलामू सांसद से गुहार लगायी है। बैठक में डॉ महेश कुमार, जितेंद्र रवि उर्फ सोनू , शंकर मेहता, ललन राम, राजाराम मेहता, राजेश मेहता, गायत्री देवी, दुलारी देवी, सोना देवी, सुनील मेहता, अनिल भुईयां, योगेश्वर मेहता सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थें। इस संबंध में हरिहरगंज अंचल पदाधिकारी बासुदेव राय ने कहा कि लगभग 49 रैयतों का मुआवजा अक्टूबर 2021 से दिसंबर 2021 के बीच भुगतान कर दिया गया है। परंतु इन लोगों द्वारा अभी तक भूमि खाली नहीं करने के कारण मकान खाली कराने का अभियान चलाया जा रहा है। भूमि का किस्म अवैद्य दखल रहने का मामला अंचल कार्यालय के अधीन नहीं है। वहीं अगर कुछ लोगों को मकान खाली करने के लिए समय की आवश्यकता है, तो उन्हें कुछ समय दिया जा सकता है। परंतु फोरलेन निर्माण कार्य को ज्यादा दिनों तक बाधित नहीं रखा जा सकता है।

## प्रखंड में चल रहे कार्य योजना की जानकारी दे पंचायत समिति



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन ।** कचहरी प्रांगण में सभी पंचायत समिति के सदस्यों ने सात सूत्री मांग को लेकर एक बैठक आयोजित की । जिसमें पंचायत समिति की आपसी सहमति से विभिन्न मुद्दों पर मांग की गयी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की पंचायत की सभी योजनाओं में पंचायत समिति सदस्य की अनुशंसा होनी चाहिए। साथ ही पंचायत सचिवालय में एक रूम आवंटन की जाये। जन वितरण प्रणाली के पश्चात पंचायत समिति की उपस्थिति अनिवार्य हो। 15 वीं वित्त की राशि में भागीदारी मिलना चाहिए प्रखंड कार्यालय की गोपनीयता की जानकारी एवं जनप्रतिनिधि को मिलना चाहिए, आवाज संबंधित सूचना, मनरेगा संबंधी सूचना, सुखाड़ संबंधित सूचना इन सभी मांगों को लेकर प्रखंड के पंचायत समिति मैं आपस में विचार-विमर्श कर फैसला लिया है मौके पर मनोरंजन गिरी, धर्मेंद्र दुबे, शक्ति गुप्ता, पंचायत समिति प्रतिनिधि समेत कोई पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा को किया गया सम्मानित



श्री बंशीधर नगर–राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा को स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार रांची द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2022–23 के लिये शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह में जिले के उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा सम्मानित किये जाने पर विद्यालय परिवार के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये विभिन्न प्रखंडों से प्रखण्ड स्तरीय पुरस्कार के लिये सात, अनुमण्डल स्तरीय तीन शिक्षकों को शिक्षा विभाग गढ़वा द्वारा चयनित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया है। श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल से प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी के शिक्षक अभिषेक पाठक को भी सम्मानित किया गया है। दोनों शिक्षकों को सम्मानित किये जाने पर टेन प्लस टू प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र पांडेय, राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी के शिक्षक रामलाला मिश्र,खुशदिल कुमार सिंह, मीरा कुमारी, अनिता कुमारी, आफताब आलम, माया कुमारी भगत, शशि कुमारी, अनूप कुमार ठाकुर, सुधा कुमारी,बाल संसद, माता समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों व गण्यमान्य लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

### वज्रपात से एक मवेशी की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपरडीह गांव के दवाड़ पर निवासी मनोज यादव की एक गाय की मौत बज्रपात से हो गई। घटना मंगलवार की शाम की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिना बारिश के अचानक एक पेड़ पर बज्रपात हुआ जहां खड़ी मनोज यादव की गाय की मौके पर ही मौत हो गई। गाय बच्चा देने वाली थी। अति गरीब मनोज यादव की पत्नी फूलकुमारी देवी का ऑपरेशन होने के बाद मायके वालो ने दूध पीने के लिए गाय दिया थी। मनोज यादव काफी गरीब हैं। उनके चार छोटे–छोटे बच्चे हैं जिनका पालन–पोषण के लिए वे मजदूरी करके जीविकोपार्जन करते है। गाय की मौत से घर में मातम पसरा है। मनोज की पत्नी का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर चटनियां पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललु यादव ने पशुपालन विभाग को इसकी सूचना दी। पशुपालन विभाग के एक स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर गाय का पोस्टमार्टम किया।

### सुनीता खाका से मिलने रिम्स पहुंचे मंत्री मिथिलेश ठाकुर



**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को रिम्स पहुंचकर इलाजरत सुनीता खाका से मुलाकात किया। उन्होंने सुनीता का मनोबल बढ़ाते हुए आश्वासन दिया कि पूरी सरकार आपके सहयोग के लिए खड़ी है। भविष्य में किसी भी तरह का दिक्कत नहीं होने दिया जाएगा। श्री ठाकुर ने घटनाक्रम पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि 21वीं शताब्दी में भी इस तरह के अमानवीय कृत्य हो सकते हैं इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ऐसे कृत्य करने वाले लोग इंसान की श्रेणी में आ ही नहीं सकते। उन्होंने सुनीता के भाई से बातचीत किया तथा उनका ख्याल रखने की बात कही। मंत्री मिथिलेश ने रिम्स में इलाजरत गढ़वा जिला के प्रवक्ता धीरज दुबे के माताजी से भी मुलाकात किया। शनिवार को उनका गॉलब्लैडर की पथरी का सफल ऑपरेशन हुआ था। वह सर्जरी विभाग में डॉ विनय प्रताप के वार्ड में स्वास्थ्य लाभ ले रही है। मौके पर रिम्स के उपाधीक्षक कर्नल शैलेश त्रिपाठी, डॉ विनय प्रताप, डॉ गौरव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के राजेंद्र प्रसाद, मंत्री मिथिलेश ठाकुर करीम से प्रतिनिधि प्रणव कुमार, जिला प्रवक्ता धीरज दुबे आदि मौजूद थे।

### अधौरा गांव में डायन बिसाही को लेकर मारपीट में एक घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अधौरा गांव में डायन बिसाही को लेकर हुई मारपीट कृष्णा उरांव घायल हो गया। इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अमरनाथ उरांव सहित उनके परिवार के अन्य लोग कृष्णा की पत्नी और डायन का कर हमेशा प्रताड़ित करते थे उसी का विरोध करने पर उमेश उरांव, लाल मुनी उराव, फूलों देवी, सोना देवी सहित अन्य लोगों ने पिटाई कर दी जिसमें कृष्णा घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से कृष्णा को इलाज के भवनाथपुर में भर्ती कराया गया।

### जमीन विवाद में हुई मारपीट

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत खरौंधी थाना क्षेत्र के कुपा गांव निवासी कलूराम मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कल्लू और झरी के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। जमीन को लेकर ही झरी और कल्लू के बीच मारपीट हो गई जिसमें कल्लू घायल हो गया। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पीरी पंचायत भवन में आधार पंजीयन केंद्र का उद्घाटन

**सिमरिया (चतरा)।** मंगलवार पीरी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आधार पंजीयन केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने बताया की आधार पंजीयन कराने के लिए कई दिनों तक प्रखंड का चक्कर लगाना पड़ता था। इस संबंध में संचालक विकास दास ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र सीएससी के जिला समन्वयक प्रेम प्रताप सिंह एवं अमित कुमार सिन्हा के आदेशानुसार पीरी के ग्रामीणों के सुविधा के लिए केंद्र की स्थापना की गई है। मुखिया उमेश राम ने कहां की पंचायत सचिवालय में ही जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, गोल्डन कार्ड, ई–श्रम कार्ड बनाने के साथ रेलवे व फलाइट टीकट बुक किया जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुशील हेरेंज, वार्ड सदस्य मंटू कुमार, योगेंद्र यादव, प्रसांत कुमार, शेखर कुमार, ईश्वर यादव, राजू राम, रंजू देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, रमेश कुमार, नारायण कुमार व भारत कुमार आदि शामिल थे।

### एसडीओ व सीएस के नेतृत्व में लाइफ केयर हास्पिटल में छापेमारी

# तहखाने में कैद मिली प्रसूता, मामला दर्ज

- कार्रवाई होते ही भाग खड़ा हुआ संचालक
- प्रसूता को सदर अस्पताल में कराया गया शिफ्ट
- मरीज को तहखाने में रखकर चल रहा था इलाज, बाहर से बंद था ताला



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बघमनवां में अवैध रुप से संचालित लाइफ केयर हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में मंगलवार को छापेमारी हुई। गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डाः अनिल कुमार व स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह द्वारा लाइफ केयर हास्पिटल की छापेमारी के दौरान तहखाने में मरीज को रखकर इलाज करने का मामला सामने आया है। डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी समाजदेव प्रजापति की पत्नी देवंती देवी का सिजेरियन कर पांच सितंबर 2022 को प्रसव कराया गया था। मरीज को एक स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से उक्त हास्पिटल में लाया गया था। जहां सिजेरियन कर मरा हुआ बच्चाा नकाला गया था। इसके पश्चात उसे हास्पिटल के पिछले हिस्से में तहखाने में रख दिया गया था और बाहर से ताला बंद था। सामान्य परिस्थिति में कोई भी उक्त कैंपस को बंद ही समझता। लेकिन उपायुक्त रमेश घोलप को मिली गुप्त सूचना के बाद एसडीओ व सिविल सर्जन के संयुक्त नेतृत्व में गए छापेमारी दल ने ताला खोलवाकर तहखाने में पहुंचे तो उसमें मरीज व उसके स्वजन बंद मिले। पूछताछ के क्रम में मरीज के स्वजनों ने छापेमारी दल को पूरी जानकारी दे दी। बताते चलें कि हास्पिटल संचालक वकील अंसारी व अनिश अंसारी छापेमारी की भनक लगते ही वहां से भाग खड़े हुए। छापेमारी दल को हास्पिटल में साबिर अंसारी व राजकुमार चौधरी नामक दो स्टाफ मिले। पूछताछ के क्रम में उनदोनों स्टाफ ने छापेमारी दल को पहले तो यह कहकर भरमाने की भरपूर कोशिश किया कि यहां सिजेरियन नहीं होता है, सिर्फ ओपीडी ही चलता है।लेकिन पक्की सूचना पर पहुंचे छापेमारी दल ने तहखाने को खुलवा कर उसमें बंद मरीज व उसके स्वजनों को वहां से निकाला और प्रसूता को सदर अस्पताल में शिफ्ट करा दिया। मौके पर एसडीओ राज महेश्वरम ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर लाइफ केयर हास्पिटल की छापेमारी की गई है। संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## जीएन कान्वेंट प्लस टू स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** जी.एन. कान्वेंट (+2) स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सी. बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी.एन. कान्वेंट (+2) स्कूल में शिक्षक दिवस , गुरु - उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा श्रद्धेय , शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न मोहक एवं रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी , सचिव सुषमा केशरी तथा प्राचार्य बसंत कुमार ठाकुर के द्वारा सम्मलित रूप से द्वीप प्रज्वलन के पश्चात पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजली संबोधन में कहा , आज का दिन राष्ट्र निमार्ताओं के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है । शिक्षक राष्ट्र के वास्त्विक शिल्पकार है , वे हमें जो शक्ति देते हैं , उससे असंभव भी संभव बन जाता है । शिक्षकों की जिम्मेदारी समाज में काफी महत्वपूर्ण है । वे भावी पीढ़ी को तैयार कर एक सभ्य राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं , जिससे उन्नति और सद्भावना का मार्ग प्रशस्त होता है । शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन के वास्तविक कुम्हार की तरह होते हैं जो मात्र आकर ही नहीं देते बल्कि काबिल भी बनाते हैं । कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, विनय दुबे, नरेंद्र सिन्हा, संतोष प्रसाद , मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहीन, सुनिता कुमारी, निलम केशरी, शिवानी कुमारी की भूमिका सराहनीय रही।

## कई दिनों से बीमार चल रहे सीता राम की असमय मृत्यु से गांव हुआ गमगीन

**नवीन मेल संवाददाता**

- मृतक सीता राम गत माह पहले ही हैदराबाद बाद में मजदूरी करने गये थे
- एक सप्ताह पूर्व सर्दी–खासी और बुखार होने से हैदराबाद में ही करा रहे थे इलाज

**रमना।** दिन मंगलवार को सिलिदाग पंचायत अंतर्गत विद्यालय टोला निवासी 52वर्षीय सीता राम का असमयिक निधन से जहां परिवार वाले मर्माहत हैं। वही ग्रामीण जनता भी दुःखी हैं। इस घटना के सबंध में ग्रामीणों नें बताया कि मृतक सीता राम गत माह पहले ही हैदराबाद बाद में मजदूरी करने गये थे और इससे पहले भी वहां जाकर मजदूरी कर के अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गत दिनो पहले करीब एक सप्ताह पूर्व सर्दी-खासी और बुखार रहने के कारण हैदराबाद में ही प्राथमिक इलाज कराये थे, जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो अपने पैतृक घर सिलिदाग गत सप्ताह आये और गढ़वा के चिकित्सक द्वारा इलाज कराये जहां आंतरिक इंफेक्शन बताया गया और इलाज चल रहा था। इसी क्रम में मंगलवार को सुबह में अचानक तवियत खराब हुई और खून कि उलटी करने लगे,इसके बाद तत्काल परिवार वालो नें इलाज हेतु निजी वाहन से लेकर गढ़वा सदर अस्पताल गये जहां चिकित्स्कों नें मृत घोषित कर दिया ।मृत्यु कि सुचना से परिजनों कि चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं, बड़ा पुत्र जगा राम पुलिस जवान हैं। घटना पर मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार ग्रामीण रिंकू, सुरेन्द्र राम दुःखहरण नें परिवारवालों को ढांस बढ़ाया।

### अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल

**कुंदा(चतरा)।** गुप्त सूचना के आधार पर कुंदा थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर अलग-अलग मामले में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में बिंदेश्वरी यादव उर्फ महाराज यादव पिता स्व. जगेश्वर यादव व पत्नी अमरीता देवी जोबिया गांव निवासी व तीसरा एनडीपीएस के अभियुक्त सिद्धेश्वर यादव पिता ननकु यादव हिंदिया निवासी व विकास यादव पिता बाढो यादव ग्राम केवलडीह, थाना सलैया, जिला गया निवासी है। थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया की सभी अभियुक्तों के खिलाफ कुंदा थाना में अलग-अलग मामले में कांड दर्ज था व फरार चल रहे थे।

### सीएस ने पंजीकृत अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक

## अवैध रुप से संचालित निजी अस्पतालों पर हर-हाल में होगी कड़ी कार्रवाई : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में मंगलवार को जिले के पंजीकृत निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक हुई। इसमें जिले के 66 निजी अस्पताल संचालक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने की। बैठक में सिविल सर्जन ने कहा कि क्लिनिकल एस्टेब्लिसमेंट एक्ट के तहत ही जिले में क्लीनिकों का संचालन किया जाएगा। क्लिनिकल एस्टेब्लिसमेंट एक्ट का उल्लंघन करनेवाले निजी अस्पताल संचालकों पर हरहाल में कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नौ सितंबर 2022 जिले के अन्य पंजीकृत क्लीनिक या निजी अस्पताल संचालकों को बैठक में बुलाया जाएगा। उक्त बैठक में नहीं आनेवाले पंजीकृत क्लीनिक या अस्पताल के संचालकों के संबंध में कड़े निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इनके अलावा जिले के सभी अपंजीकृत क्लीनिक या नर्सिंग होम चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध रुप से संचालित सभी पंजीकृत या अपंजीकृत निजी अस्पताल बंद करा दिए जाएंगे। साथ ही अवैध रुप से निजी अस्पताल संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की भी कार्रवाई होगी। मौके पर डीएमओ डा.कमलेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, आयुष चिकित्सक डा. राकेश रंजन गुप्ता, डा. जेपी ठाकुर समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### एटक यूनियन के गढ़वा जिला अध्यक्ष ने लगाये आरोप, कहा

## ठेकाकर्मियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर (गढ़वा)।** एटक यूनियन के गढ़वा जिला अध्यक्ष गणेश सिंह ने सेल जीएम भवनाथपुर मनोज कुमार की पत्र लिखकर भवनाथपुर बीएस एल में कार्यरत लेबर सप्लाई में संवेदकों में कार्यरत ठेका कर्मियों का आर्थिक सोसन दोहन व किये जा रहे अनियमता की शिकायत करते हुए जांच के जांच करने की मांग किया है ।

दिए पत्र में कहा है कि भवनाथपुर प्रोजेक्ट पिछले 30 महीनों से पूर्णतः बन्द है ।य।हां तक कि कार्यरत श्रमिको का सम्पूर्ण भुगतान भी हो चुका है । लेकिन आज भी वर्तमान में आपके यहां कॉन्ट्रैक्टर द्वारा सप्लाई में ठेका श्रमिक कम्प्यूटर, विजली, सफाई, प्रसाशनिक भवन व अस्पताल में जहां मरीजो की संख्या जीरो है, जैसे जगहों पर ठेका मजदूर से कार्य लिया जा रहा है। जिसमे आपके सम्बंधित विभाग के अधिकारी व संवेदक के मिली भगत से बिना कार्य अनुभव के ठेका मजदूर से कार्य कराने के एवज में मजदूरों का आर्थिक शोषण किये जाने की शिकायत मिली है ।जैसे उक्त मजदूरों का पीएफ राशि की कटौती हो रही है पर पीएफ कोड में जमा नही हो रहा है ।ए डब्लू ए का भुगतान सेल द्वारा दिया जा रहा है पर श्रमिको को खाता में राशि डालने के पूर्व उनसे नगद राशि संवेदको द्वारा ले ली जा रही है ।यही नही सभी विभागों में कार्यरत संवेदको के द्वारा श्रमिको के कार्य पर रखने के एवज में पर महीना तीन हजार रु या एक वर्ष का तीस हजार रु तक अवैध राशि की उगाही का भी सूचना मिली है श्रमिक संवेदक के द्वारा कार्य से हटाने की डर से अपना जुबान कहीं नही खोल रहे है। ऐसे तो कार्यरत एंजेसी अपना नाम बदल बदल कर कार्य लेने में महारथ हासिल है ।लेकिन कुछ संवेदक पिछले 25 से 30 वर्षों से कार्य कर रहे है और आपके सेल के कुछ पदाधिकारी के द्वारा इस खेल में कार्य के एवज में मोटी रकम भी लेने की सूचना है । इसमें यूनियन आग्रह करती है कि उक्त बिंदुओं की शिकायत के आलोक में निष्पक्ष जांच कर सम्बन्धीत सेल अधिकारी व संवेदक पर करवाई की जाए । अन्यथा यूनियन विजिलेंस जांच कराने को बाध्य होगी ।

## करमा पूजा समारोह का आयोजन ढोल-मांदर की थाप पर झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया।** प्रखंड के नौका प्रभन बाबा मंदिर प्रांगण में करमा पूजा समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न गांव से आए श्रद्धालुओं ने कर्मा डाली की विधिवत पूजा अर्चना की। गांव के बैगा, पाहन, देवार द्वारा कर्मा की डाली गाड़ कर परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना कराया। मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी ने कहा कि करमा पूजा प्रकृति की पूजा है। इस पूजा पाठ की परंपरा को कायम रखने की आवश्यकता है। इस पर्व में लोगों को एक साथ मिलने बैठने के साथ-साथ खुशियां मनाने का मौका मिलता है। रामकरेश चौरसिया शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह, मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह ने सभा को संबोधित किया। मौके पर विभिन्न गांव से आए नृत्य मंडली द्वारा ढोल मांदर के साथ नृत्य कर रहे थे। महिलाएं अपने मंडली के साथ नाच रही थी। विभिन्न गांव से आए अलग-अलग नृत्य मंडली एक से बढ़कर एक अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। मौके पर करमा पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव ,संयोजक, सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा, ठाकुर प्रसाद महतो, सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### काम करने गये युवक का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र से पुणे काम करने गए युवक का शव गांव पहुँचते ही परिजनों के चीत्कार से मचा कोहराम। जानकारी के अनुसार बता दें कि अरसली उतरी पंचायत के झुमरी टोला निवासी राजा कुमार पुणे के वाल्वद में दो माह पूर्व बिल्डर में काम करने गया था। शनिवार को स्नान करने के दौरान कच्चा कुआं में गिरने से मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद शव को निकाला गया। ठेकेदार ने शव को एंबुलेंस से घर भेजा। शव पहुंचते ही गांव में परिजनों के चीत्कार से कोहराम मच गया। सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता, तासबीन अंसारी, आलमगीर अंसारी, शंभु सेठ,उदय गुप्ता, आत्मानंद विश्वकर्मा आदि सैकड़ों लोग पहुच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# दोहरी मार: सुखाड़ का दंश झेल रहे किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं कीड़े



**6दिपु सिंह**

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र पंचायत गनियारी कला मे इस बार भदयीं फसल के लिए अनुकूल बारिश नहीं होने के बावजूद भी किसान जैसे तैसे मक्का व तिल की खेती किए हैं. देर से बारिश होने के बाद अब उनके फसल तैयार हो रहे हैं. लेकिन जहां किसान प्रकृति की मार जलते हुए खेती किए हैं. वही अब उनकी खेती कीड़ा लग कर नष्ट करने में लगे हैं. जिससे किसानों को प्रकृति की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है.जिसेसे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। जिससे किसान काफी चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि गनियारी गांव के रघुवर सिंह, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह,मोहर सिंह, संतोष सिंह, किशोर सिंह,आदि गरीब किसान हैं ये लोग अपनी मक्का की फसल दिखाते हुए बताया कि हम लोग समय पर बारिश नहीं होने से देर से बधाई फसल किये थे। जिसमें खासकर मक्का और तिल की खेती लगायी गई है। मक्का का फसल अब तैयार होने लगा था वैसे ही काफी मात्रा में फसल मे कीड़ा लग कर सब मक्का का बाल एवं पता को चट कर जा रहे हैं। दवा डालने की भी असर नहीं दिख रही है। खासकर यह कीड़ा सुबह शाम में अधिक मात्रा में लगते हैं। दिन में बल्कि धूप होने पर उड़ जाते हैं। प्रयास करने के बावजूद भी फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। जिससे हम लोगों को इस जगह पर करीब आधा दर्जन परिवार के लोगों को करीब छः एकड़ में लगा फसल नष्ट हो रहा है. हम लोग अपने से बनाकर दवा का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन कारगर नहीं हो रहा है।

### 50 प्रतिशत किसानों ने किया है मकई की फसल

विदित हो कि धुरकी प्रखंड क्षेत्र में इस बार करीब 50 प्रतिशत ही किसान मकई फसल की खेती किए हैं। और जो लोग भी बधाई की फसल में खासकर मक्का का खेती किए हैं उनका फसल को किड़ा नुकसान कर रहा है। जिससे किसान आहत हुए हैं। एक अनुमान के मुताबिक प्रखंड के 34 गांव मे में करीब दो हजार एकड़ में लगे मक्का की फसल को नुकसान होने की उम्मीद की जा रही है। गौरतलब है कि इस प्रखंड क्षेत्र में किसानों के लिए मक्का मुख्य फसल माना जाता है। जो हर किसानों को घर में करीब छ माह का खाने का अनाज उपलब्ध हो जाता है। जिससे किसानों को काफी सहूलियत होती है। इस बार फसल नष्ट होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं ने मंगलवार को आंगनबाड़ी का बकाया राशि भुगतान करने तथा प्रत्येक केंद्र पर गैस चूल्हा एवं सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया। धारणा के अंत में दूरभाष के द्वारा प्रभारी सीडीपीओ प्रवेश कुमार साव को सूचना दिया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविकाओं का कहना है कि विगत 3 वर्षों से पोषाहार की राशि नहीं मिली है जिसके कारण उधार खरीद कर केंद्र पर बच्चों को पोषाहार खिलाया गया। परियोजना द्वारा निर्देश दिया गया है कि केंद्र पर प्रत्येक बच्चों को भोजन के साथ नाश्ता उपलब्ध कराया जाए। लेकिन हालात ऐसी हो चुकी है कि दुकान वाले भी खाद्य सामग्री उधार देने से मना कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में केंद्र पर बच्चों को पोषाहार दे पाना मुश्किल हो गया है। सेविकाओं ने प्रत्येक केंद्र पर गैस चुला तथा सिलेंडर उपलब्ध कराने तथा बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों विभा रानी शीला दास उषा देवी अवंती देवी कंचन कुमारी मेनका अग्रवाल करुणा देवी सुनीता देवी सुमन देवी जरीना खातून अनीता देवी रिंकू लता प्रमिला देवी नीलम देवी सुषमा देवी अवंती देवी इत्यादि शामिल हैं।

## न्यूज गैलरी

### आपसी विवाद में पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहुर गांव निवासी दीपक राम की पत्नी गजनती देवी ने मंगलवार की सुबह अपने घर मे साड़ी को फंदा बना कर आत्महत्या कर ली . घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार दीपक अपने घर से बाहर दूसरी राज्य में काम करने गया हुआ है जहां सुबह 7:00 बजे के लगभग पत्नी उससे फोन पर बात कर रही थी बात करने के दौरान दोनों के बीच कुछ कहासुनी होने के बाद पत्नी गजनती देवी ने घर मे फांसी लगा ली। जहां घर वालों को घटना की जानकारी मिलने के बाद गजनती देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ अनूपम एक्का के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी श्री निवास सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं पुलिस पूरे घटनाक्रम के सभी पहलुओं की जांच करने में जुट चुकी है। ज्ञात है कि दीपक राम की बीते डेढ़ वर्ष पूर्व गजनती देवी से शादी हुई थी जिसका अब तक कोई संतान नही है।

### जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के दिशा-निर्देश के अनुसार पोषण माह का आयोजन किया गया



गारू। गारू प्रखंड अंतर्गत एक सितंबर से 30 सितंबर तक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के दिशानिर्देश अनुसार पोषण माह का आयोजन करने हेतु प्रखंड स्तरीय आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुमारी ने बताया कि यह महीना मानव शरीर के लिए सही पोषण के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डालता है। मानव शरीर के सुचारू कामकाज और विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों और कैलोरी के संयोजन के साथ एक संतुलित आहार महत्वपूर्ण है। इसलिए इस माह में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्रों में इसके बारे में बताना अतिआवश्यक है इसके अलावा तेजस्विनी परियोजना से युवा उत्प्रेरको ने पोषण माह कार्यक्रम के तहत रंगोली कार्यक्रम का आयोजित किया गया साथ ही तेजस्विनी क्लब के किशोरियों व युवतियों के द्वारा पोषण माह मनाकर पोषण माह के बारे में जागरूक किया उपस्थित किशोरियों व युवतियों को पौष्टिक आहार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में छर इंदुमती खलखो संकुल समन्वयक कामिनि कुमारी, प्रवीण कुमार साथ ही गारू प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका युवा उत्प्रेरक उपस्थित हुए

### अफीम की खेती के रोकथाम को लेकर थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरुक

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोधाडीह गांव में अवैधद अफीम खेती के रोकथाम को लेकर थाना प्रभारी परमानंद मेहरा की अगुवाई में ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। बैठक में अफीम से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी ने किसी भी सूरत में खेती नही करने की चेतावनी दी। साथ ही खेती करने वाले पर एनडीपीएस के तहत दर्ज होने वाले मामला एवं जुमार्ना के बारे में बताया। बैठक में समाजसेवी विनोद साव, जयराम भारती, वनरक्षी अरुण कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीएसओ ने की पीडीएस दुकानों की जांच, अनाज वितरण को लेकर दिये निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को जिले के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिलजी गिद्धौर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान डीएसओ ने प्रखंड के आधा दर्जन पीडीएस दुकानों की जाच की। जिसमें शारदा देवी, महावीर पासवान, ऋतुराज दांगी व सीताराम दांगी के पीडीएस दुकान बंद देख नाराजगी व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकान दो बजे के बाद बंद करना है। बंद पीडीएस दुकान संचालकों को स्पष्टिकरण किया गया। जबकि आरती स्वम सहायता समूह से संचालित पीडीएस दुकान की जांच कर राशन कार्डधारियों को राशन कम नही देने व समय से उठाव कर समय से राशन वितरण करने का निर्देश दिया। इस दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रधान सहायक कृष्णदेव राम आदि शामिल थे।

### बीडीओ सह प्रभारी एमओ ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** मंगलवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न पीडीएस दुकानों का बीडीओ सह प्रभारी एमओ मोनी कुमारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पीडीएस दुकान खुले पाए गए। इस दौरान पीडीएस दुकान में वितरण पंजी, स्टॉक पंजी सहित किरासन तेल के स्टॉक की जांच की गई। वहीं निरीक्षण के क्रम में कहीं-कहीं अनियमित्ता की शिकायत मिलने पर दुकानदारों को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्डधारियों को राशन कम नही दें और समय पर उठाव कर समय से राशन का वितरण करें। शिकायत के बाद जांच में अनियमित्ता पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### राजद मयूरहंड प्रखंड कमिटी की बैठक आठ को

**मयूरहंड(चतरा)।** राजद के मयूरहंड प्रखंड कमिटी गठन को लेकर आठ सितंबर को मयूरहंड स्टेडियम में आयोजित की गई है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष के चयन के साथ कमिटी गठन को लेकर आयोजित बैठक में प्रवेक्षक के रूप में राजद नेत्री प्रियंका वर्मा उपस्थित होंगी। बैठक में सभी पंचायतों के बुथ स्तरीय पदाधिकारी व सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

## वृद्ध छकौड़ी यादव ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने 24 घंटे में किया उद्भेदन

# दो आरोपी गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/मयूरहंड।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए मयूरहंड थाना क्षेत्र के हुसिया गांव निवासी वृद्ध छकौडी यादव ब्लाइंड मर्डर केस का उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल मृतक के बहु व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि वृद्ध की हत्या दो दिन पूर्व गोली मारकर कर दी गई थी। उसके बाद मृतक की पत्नी सुदामा देवी के लिखित आवेदन पर भूमि-विवाद में गांव के ही सात लोगों के विरुद्ध हत्या का माला दर्ज किया गया था। उसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने मामले की जांच के लिए एसडीपीओ अविनाश कुमार और डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम के संयुक्त नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। उपरोक्त जानकारी सदर थाना



परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ ने देते हुए बताया कि एसआईटी टीम ने गंभीरता से विभिनन पहलुओं पर जांच करते हुए 24 घंटे के अंदर मामले का उद्भेदन कर हत्या में शामिल हुसिया निवासी 22 वर्षीय अनिल महतो पिता महेश महतो व मृतक के बहु रिंकी देवी पति जितेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। वहीं इनके निशानदेही पर अम्बाही तालाब से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा बरामद किया गया। इसके साथ हत्या का कारण भूमि विवाद नहीं, बल्कि मृतक की छोटी बहु रिंकी देवी और अनिल महतो के बीच प्रेम-प्रसंग में हत्या किया गया। बताया गया कि दोनों के प्रेम-संबंध में मृतक सबसे बड़ा रोड़ा था। एसडीपीओ ने आगे बताया कि इसी को लेकर हत्या कर चालाकी से हत्या का कारण भूमि विवाद बताया दिया गया। लेकिन पुलिस ने सूजबूझ के साथ इनकी मंशा को नाकाम करते हुए ब्लाइंड मर्डर केस का उद्भेदन करते हुए प्रेमी-जोड़े को गिरफ्तर किया। इस मामले में मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम के सूजबूझ व संयम ने कई निर्देशों को बचाया लिया। एसआईटी में एसडीपीओ, डीएसपी के साथ थाना प्रभारी, एसआई अनिरुद्ध कुमार सिंह, श्रीराम पंडित, एसआई पंकज कुमार, ललन दुबे और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### 17 बकायेदारों का काटा गया कनेक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत सलीमपुर व किरकिरा गांव में मंगलवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश में चलाये गये अभियान में 17 बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया कि सलीमपुर गांव व किरकिरा गांव में 3 लाख 22 हजार 575 रुपये उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है। बकायेदारों को बगैर बिजली बिल जमा किए विद्युत जलाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। अभियान में महावीर दांगी, विकास कुमार,संतोष कुमार निराला,पंकज कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

# 11 गैलन कच्चे स्प्रिट के साथ एक गिरफ्तार, पिकअप व बोलेरो जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बीती देर रात चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में पिकअप जेएच 02डीबी 2637 पर लदे ब्लू रंग के 11 गैलन में 330 लीटर अवैध शराब बनाने वाला स्प्रिट बरामद किया। साथ ही एक बोलेरो जेएच 02 एबी 7135 को जप्त किया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ राम व थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में की गई। इटखोरी थाना परिसर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी ने बताया कि वाहनों में 4 लोग थे, लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर 2 लोग भाग निकले। जबकी 2 हिरासत में लिए गए। जिसमें एक की पहचान गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारिशाखी-मायाडीह निवासी सुरेश रविदास के 22 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार व दुसरा नाबालिग के रुप में की गई। इस मामले में कांड दर्ज करते हुए संतोष को जेल भेज दिया गया, जबकी नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया। टीम में एसआई बंटी यादव, पांडव गोराई समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# केरल जा रहे कुरूंद गांव के एक व्यक्ति लापता, परिजन ने लगायी गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित पल्हेया पंचायत के कुरुंद गांव निवासी छठू भुइयां नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ केरल राज्य मजदूरी का काम करने के लिए जा रहा था। केरल जाने के दौरान जब ट्रेन पालकोट रेलवे स्टेशन पर रुकी तो छठू भुइयां नामक व्यक्ति स्टेशन से ही अचानक कहीं लापता हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लापता व्यक्ति के छोटे भाई छोटेलाल भुइयां ने बताया कि उसका बड़ा भाई छठू भुइयां उम्र 45 वर्ष पिता दरोगी भुइयां, रेलवे स्टेशन के आसपास खोजबीन की तो उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया। लापता व्यक्ति के साथ काम करने जा रहे लोगों के द्वारा पालकोट रेलवे स्टेशन के आसपास मौजूद पुलिस चौकी में छठू भुइयां कि लापता होने की सूचना दे



दिया गया है। लापता हुए व्यक्ति के भाई छोटेलाल भुइयां ने बताया कि छठू भुइयां की मानसिक स्थिति भी फिलहाल ठीक नहीं है। उसके विषय में जानकारी देने वाले व्यक्ति को परिजनों के द्वारा उचित इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। लापता छठू भुइयां गुलाबी रंग का शर्ट पहना हुआ है और उसका रंग सांवला है। सूचना देने के लिए 9905634468 मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## सांसद ने किया कुंदा प्रखंड का दौरा, ग्रामीणों से हुए रूबरू

# क्षेत्र में सड़क निर्माण कराने का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** चतरा के लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह लंबे समय बाद मंगलवार को जिले के कुंदा प्रखंड क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सांसद का माला पहना कर गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं जनता हाई स्कूल खेल मैदान में पहुंचने पर ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। वहीं सांसद ने करमा पूजा पर ढोल नगाड़े के धुन पर झूम कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान लोगों ने सांसद को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जबकी सांसद ने क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटक स्थल महादेव मठ को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए चालिस



लाख रुपए पारित करने की जानकारी देते हुए जल्द सुंदरीकरण कार्य प्रारंभ किए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कुंदा के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण करवाने की भी बात कही। आगे उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों के लिए पैसे की कमी नहीं है। झारखंड सरकार की नीयत की आवश्यक है। जिले के विकास कार्य के लिए 925 करोड़ रुपए डीएमएफटी फंड से आवंटित की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अनिता देवी, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, भाजपा नेता गंदौरी साव, युवा मोर्चा के अजित यादव, जितेन्द्र गुप्ता, अनुज गुप्ता, मुखिया मनोज साहू, बिनोद साव, उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, अम्बिका यादव आदि शामिल थे।

### दुर्घटना में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के पहरा रोड में मोटरसाइकिल दुर्घटना में उमेश साव का 10 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार घायल हो गया। जिसमें बालक का पैर टूट गया और वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे भाजपा नेता कपिल कुमार व मनोज कुमार कुशवाहा ने बालक को स्थानीय किलिनीक में इलाज करवाया, उसके बाद बेहतर इलाज के लिए मुखिया पति उपेंद्र दांगी हजारीबगा ले गये। बताया गया कि केंदुआ निवासी शिवकुमार दुबे पिता विजय दुबे गिद्धौर चौक से अपने घर जा रहा था। इसीबीच मोटरसाकिल अनियंत्रित हो बच्चे को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बालक गम्भीर रुप से घायल हो गया।

# एक वर्ष में ही टूटा पीएमजेएसवाई से निर्मित सड़क, आवागमन बाधित, ग्रामीण परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** विभागीय लापरवाही के कारण लाखों के लागत से मयूरहंड प्रखंड के आरइओ रोड से दिग्ही तक ग्रामीण कार्य विभाग की देखरेख में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 35.13 लाख रुपये की लागत से बना सड़क एक वर्ष में ही टूट कर दर्जर हो गया है। जिससे उक्त सड़क पर आवागमन ही बाधित हो गया है। आलम यह है कि सड़क में छर्री व पीच जमीन दोज हो गया है। जबकि कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क की स्थिति जर्जर हो जाने के कारण इस पथ से आने-जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उक्त सड़क से दिग्ही हीं नहीं बल्कि मखरौल, जिंदापुर, सेवई, बडाकर सहित अन्य गांव के लोगों का अवागमन होता है। स्थिति ऐसी हो गई है कि सड़क के जर्जर होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी दुभर हो गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के देखरेख में 1.1 किलोमीटर सड़क का निर्माण 35.130 लाख रुपए से वर्ष 2021 में पूर्ण किया गया था। परंतु विभागीय अधिकारियों की अनदेखी व प्राक्कलन के अनुसार निर्माण नहीं होने के कारण करीब एक माह बाद ही सड़क टूटने लगी और सड़क बदहाल हो गया।

### विभाग व संवेदक द्वारा नहीं हो रहा कोई पहल

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित इस पथ के निर्माण के बाद पांच साल तक इसके सामान्य अनुरक्षण का प्रावधान भी विभाग द्वारा किया गया है। इसके लिए 3.40 लाख रुपए खर्च की राशि भी निर्धारित है। परंतु सड़क के जर्जर हो जाने के बाद भी विभाग व संवेदक द्वारा इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं किया जा सका है। ग्रामीण दिवाकर सिंह ने बताया कि संवेदक व विभाग के मनमानी का खमियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। विनय सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा शुरू से हीं अनियमितता बरता जा रहा था शिकायत करने पर विभाग द्वारा पांच साल मरम्मती करवाने का हवाला दिया जाता था। पर सड़क टूटे महिनो बीत जाने के बाद भी मरम्मती नहीं किया गया।

# तरवाडीह दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन धूमधाम से पूजा मनाने का लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** तरवाड़ीह दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन बहुत ही धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति में सर्व समिति से लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष के रूप में राजकुमार प्रसाद जी को मनोनीत किया गया वहीं पर उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर राम जी कोषाध्यक्ष अभिषेक वर्मा उप कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सचिव चंदन प्रसाद उप सचिव केदार प्रसाद और कार्यकारिणी अध्यक्ष सह पूजा समिति संचालक के रूप में राजेश कुमार साहू को चुनाव कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

साथ में संरक्षक के रूप में कृष्ण देव प्रसाद उप संरक्षक उपेंद्र भारती महामंत्री रामा साव उप महामंत्री दिनेश प्रसाद गुप्ता बनाये गये। वहीं कार्यकारिणी सक्रिय सदस्य धुरूप साव , बिहारी साव अनिल साहू प्रदीप साहू बंगाली सा अशोक सा महेंद्र राम रामधनी मिस्त्री कंचन यादव गुलशन यादव सौरभ प्रसाद बजरंग प्रसाद सुरेश साहू लालू प्रसाद रविंद्र प्रसाद रुपेश वर्मा धीरज नायक अजय प्रसाद लवकुश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, वीरेंद्र भारती, प्रदीप साहू, सेवन शर्मा, बजरंग प्रसाद, संजय शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, सीताराम, सुजीत प्रसाद, संतोष, पंकज प्रसाद राजू प्रसाद सहित ग्रामीण शामिल है। ग्रामीण तथा चयनित पदाधिकारियों ने 2022 दुर्गा पूजा समिति को पूर्ण रूप से सफल बनाने का संकल्प लेते हुए बैठक संपन्न किया।

### पति से झगड़ा कर पत्नी ने खाई नींद की गोली, हालत गंभीर

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मोंगर गांव में एक महिला ने अपने पति से झगड़ा कर नींद की गोली खाने से उनकी हालत गंभीर रूप से खराब हो गई। बेहोश महिला की पहचान मोंगर गांव निवासी रंजीत सिंह की पत्नी प्रभा देवी उम्र 35 वर्ष के रूप में की गई है। महिला प्रभा देवी ने बताया कि रोजाना मेरे पति के द्वारा शराब पीकर मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करते रहता है। जिसको लेकर गुस्सा में आकर घर में रखें नींद की दवा की गोली खा ली। महिला के स्वजन को इसकी जानकारी मिलते ही अनान फनान में बेहोश महिला को सदर अस्पताल लातेहार लाया गया। जहां सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अरविंद कुमार ने प्राथमिक उपचार कर वार्ड में भर्ती कराया गया। इधर पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## होटल में काम करने वाली विधवा महिला से ठगी करने का मामला

# लोन नहीं चुकता करने पर घर में ताला जड़ने की दी धमकी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के नावागढ़ पंचायत के पतरिया चोटाग में होटल में काम करने वाली एक विधवा महिला के साथ ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पतरिया चोटाग गांव निवासी महिला मगरी देवी को पता नहीं की मेरे नाम से लोन स्वीकृत की गई है और इनके खाते से पांच बार मे 36 हजार पांच सौ रुपए की निकासी कर ली जाती है। भुक्तभोगी विधवा महिला ने लातेहार थाना में आवेदन देकर बताया है कि पतरिया चोटाग गांव की रमनी देवी पति स्व. गणेश उरांव ने मेरी बेटी की शादी करवाने के बहाना बनाकर मेरा, मेरे बेटे का आधार कार्ड, पहचान पत्र और फोटो लेकर खाता खुलवा दिए और इसी खाते में हरेक सप्ताह 770 रुपया जमा करने की बात कही। मैंने इनके जाल में आकर हरेक सप्ताह 770 रुपये जमा करने



लगे। इसी बीच रमनी देवी हमेशा मुझे बुलाकर प्रज्ञा केंद्र ले जाकर ठेपा लगवाती और पैसे नहीं आने के बहाना बनाकर प्रज्ञा केंद्र के मिलीभगत से पैसे निकाल लेती थी। एक सप्ताह जब मेरे पास बैंक में पैसा जमा करने को लेकर नहीं था तो फाइनेंस कंपनी बैंक के लोग मेरे घर पहुंच गए और बोले कि इस सप्ताह पैसा क्यों नहीं जमा किए। आपके नाम से 35 हजार रुपये का लोन स्वीकृत हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे घर में अनाज खाने के लिए लाले पड़े हैं और आपके पास से लोन हमने नहीं लिया है। बैंक कर्मियों ने लोन चुकता नहीं करने पर घर पर ताला मारने की बात कर रहे हैं। उन्होंने लातेहार थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना सह प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि विधवा महिला के साथ ठगी किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

### रेलवे ट्रैक के किनारे से अज्ञात शव बरामद

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी-चेटर स्टेशन के बीच किमी 197/16-18 के समीप से मंगलवार को चंदवा पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों के द्वारा चेटर स्टेशन के पूर्व दिशा में रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात शव को देखा गया जिसके बाद शव होने की सूचना चंदवा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव बरामद किया। शव रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में पड़ा हुआ था शव देखने से तीन चार दिन पुराना लग रहा है मृतक के चेहरे व शरीर में कीड़े लग रहे थे। संभवतः युवक की मौत ट्रेन से गिरने की वजह से बताई जा रही हैं। मृतक वाइट चेक शर्ट और काली पैंट पहने हुए हैं। फिलहाल पुलिस शव को अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज जांच में जुट गई है।खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। मौके पर पुअनि नारायण यादव समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# पुलिसिया दुर्व्यवहार को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने डीजीपी को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** 27 अगस्त की रात चंदवा के प्रतिष्ठित व्यवसाई के साथ चंदवा और बालूमाथ पुलिस के द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इस मामले में डीजीपी झारखंड को पत्र लिखकर सभी अभियुक्तों को बरी करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शनिवार की घटना के बाद रविवार को प्रतुल शाहदेव चंदवा पहुंचे थे और दुकानदारों के साथ मिलकर मार्च भी किया था। प्रतुल ने इस घटना की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दिया जिसके बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने चंदवा पहुँचकर मामले की जानकारी ली। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। जिसके आलोक में राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पत्रांक सितंबर/82/2022 दिनांक 5/09/22 के माध्यम से डीजीपी झारखंड को पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने का आग्रह किया है। पत्र में लिखा है कि इस कांड में निर्दोष दुकानदार के अलावे पत्रकार रविराज को भी अभियुक्त बना दिया है। जिसके बाद घटना की सूचना स्थानीय इंस्पेक्टर को दी गयी थी। पत्र में इस बात का भी जिक्र है कि पीड़ित के द्वारा दिये गए आवेदन पर अबतक किसी प्रकार की कार्रवाई नही की गई है। चंदवा थाना के एसआई दिव्य प्रकाश के द्वारा भयादोहन कर अनेक निर्दोष व्यवसायियों को नामजद अभियुक्त बनाना इनके स्वेच्छाचारिता को दशार्ता है। बता दे कि 27 अगस्त को बालूमाथ पुलिस किसी मामले में अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार करने आयी थी, जिसके बाद विवाद हुआ।

## न्यूज गैलरी

### शेयर बाजार में शानदार तेजी: 300 अंक चढ़ा सेंसेक्स, निफ्टी भी 17750 के पार



दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा खरीदारी के चलते सेंसेक्स में 300 अंकों की बढ़त है, वहीं निफ्टी भी 17,747 अंकों के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स में तेजी है। सेंसेक्स करीब 300 अंक मजबूत हुआ है, जबकि निफ्टी 17750 अंकों के पार निकल गया है। आज के कारोबार में बैंक, फाइनेंशियल और ऑटो शेयरों में तेजी देखी जा रही है। निफ्टी पर तीनों इंडेक्स आधे प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुए हैं। रियल्टी इंडेक्स भी आधा प्रतिशत मजबूत हुआ है। आईटी, मेटल, फार्मा सहित अन्य इंडेक्स भी हरे निशान में हैं। फिलहाल सेंसेक्स में 295 अंकों की तेजी है और यह 59541 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी 85 अंक बढ़कर 17750 के पार निकल गया है। हैवीवेट शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है।

### डीएचएफएल मामला: कारोबारी को अंतरिम जमानत आदेश में दखल से उच्च न्यायालय का इनकार

नई दिल्ल (एजेंसी)। उच्च न्यायालय ने 34,615 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार कारोबारी अजय रमेश नवांदर को दो सप्ताह की अंतरिम जमानत देने के निचली अदालत के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। यह मामला दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़ा है। इस संबंध में निचली अदालत ने नवांदर को चिकित्सा आधार पर इलाज के लिए मुंबई जाने की अनुमति दे दी थी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने पाया कि निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों से पता चलता है कि नावंदर का मुंबई के एक अस्पताल से इलाज चल रहा था और इस तरह उन्हें जांच अधिकारी को पूर्व सूचना के साथ तीन दिन के लिए वहां यात्रा करने की अनुमति दी गई। न्यायालय ने कहा कि जांच अधिकारी मुंबई में रहने के दौरान आरोपी पर नजर रखने के लिए स्वतंत्र होंगे। न्यायालय ने पांच सितंबर को जारी आदेश में कहा, ह्यह्यवकील की तरफ से पेश दस्तावेज दशार्ते हैं कि प्रतिवादी का इलाज मुंबई के लीलावती अस्पताल में हो रहा है। इस आधार पर प्रतिवादी को संबंधित जांच अधिकारी को पहले सूचना देने के साथ तीन दिनो के लिए अपने चिकित्सा उपचार के लिए मुंबई जाने की भी अनुमति है।" वहीं, निचली अदालत के आदेश के जवाब में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तर्क दिया कि आरोपी को जिस भी तरह के उपचार की आवश्यकता हो सकती है, वह दिल्ली में उपलब्ध है।

### काइनेटिक ग्रीन का 2022-23 में इलेक्ट्रिक दोपहिया कारोबार से 600 करोड़ रु. के राजस्व का लक्ष्य

मुंबई (एजेंसी)। इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी काइनेटिक ग्रीन को चालू वित्त वर्ष (2022-23) में अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया कारोबार से 600 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। पुणे की कंपनी ने पिछले महीने के अंत में तेज गति वाला तीसरा मॉडल जिंग एचएसएस स्कूटर पेश किया था। इसकी शोरूम कीमत 85,000 रुपये है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और उसे अपनाने को बढ़ावा देने की योजना (फेम) सब्सिडी भी शामिल है। काइनेटिक ने पिछले साल मार्च में दो ई-स्कूटर मॉडल जिंग और जूम के साथ इलेक्ट्रिक दोपहिया खंड में कदम रखा था। काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि कंपनी की डीलरशिप ने सितबंर माह के लिए पहले ही नये वाहनों की 5,000 इकाइयों की बुकिंग हासिल की है, जो एक अच्छी प्रतिक्रिया है। मोटवानी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि हमारा इस वित्त वर्ष के अंत तक दोपहिया कारोबार से 600 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य है। इसके अलावा हम स्कूटर पर ध्यान देने और कम गति से लेकर उच्च गति वाले वाहनों के साथ इस क्षेत्र के अग्रणी कंपनियों में से एक बनने की कोशिश में हैं।

# छत्तीसगढ़ के परसा ईस्ट ब्लॉक में कोयला उत्पादन ठप

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के परसा ईस्ट एंड कांटा बासन ब्लॉक में कोयला उत्पादन पिछले महीने से ही रुका हुआ है जिससे इस साल के लिए निजी इस्तेमाल वाली (कैप्टिव) खदानों से कोयला उत्पादन के लक्ष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह आशंका जताई गई। इस खदान का स्वामित्व राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम (आरआरवीयूएनएल) के पास है जबकि इसका परिचालन अडाणी समूह द्वारा किया जा रहा था। करीब 1.5 करोड़ टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाली इस खदान में अगस्त मध्य से ही उत्पादन रुका हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, स्थानीय वन क्षेत्र के निवासियों की तरफ से लगातार किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन की वजह से इस खदान से कोयला उत्पादन रोकना पड़ा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, कोयला क्षेत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान परसा ईस्ट एंड कांटा बासन खदान में स्थगित उत्पादन की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके अलावा परसा कोयला ब्लॉक से अभी तक उत्पादन नहीं शुरू हो पाने पर भी चिंता जताई गई। अतिरिक्त सचिव (कोयला) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इस बात को लेकर चिंता जताई गई कि लगातार उत्पादन ठप रहने से इस साल के उत्पादन लक्ष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में कैप्टिव खदानों से 13 करोड़ टन कोयले के उत्पादन का लक्ष्य रखा हुआ है। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि कैप्टिव एवं वाणिज्यिक ब्लॉक से कोयला उत्पादन अप्रैल-अगस्त, 2022 की अवधि में 57.74 प्रतिशत बढ़कर 4.39 करोड़ टन हो गया है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 2.78 करोड़ टन था। फिलहाल देशभर की कुल 37 कैप्टिव एवं वाणिज्यिक खदानों में कोयला उत्पादन हो रहा है और इस साल 11 अन्य खदानों से भी उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इस बढ़े हुए उत्पादन से कोयले की मांग पूरा करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि झारखंड के 20 निष्क्रिय कैप्टिव एवं वाणिज्यिक ब्लॉक की स्थिति की भी समीक्षा की गई है। इनमें से तीन-चार ब्लॉक में इस वित्त वर्ष में कोयला खनन की मंजूरी मिल जाने की उम्मीद जताई गई है।



> सरकार ने चालू वित्त वर्ष में कैप्टिव खदानों से 13 करोड़ टन कोयले के उत्पादन का लक्ष्य रखा हुआ है। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि कैप्टिव एवं वाणिज्यिक ब्लॉक से कोयला उत्पादन अप्रैल-अगस्त, 2022 की अवधि में 57.74 प्रतिशत बढ़कर 4.39 करोड़ टन हो गया है।

## टाटा मोटर्स ने ट्रकों को स्मार्ट व सुरक्षित बनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कंपनी टाटा मोटर्स ने सीएनजी से चलने वाले भारत के पहले मीडियम और हैवी कमर्शल वाहन (एम एंड एचसीवी) ट्रक को लॉन्च किया है। साथ ही कंपनी द्वारा नए युग की एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) की पेशकश की गई है और प्राइमा, सिग्ना व अल्ट्रा ट्रकों की अपनी बेस्ट सेलिंग रेंज में गाड़ी चलाने में और सुविधा लाने के लिए विश्वए-स्तपरीय फीचर्स जोड़े गए हैं। तरह-तरह के प्रयोग की जरूरत को पूरा करने के लिए उन्नत इंटरमीडिएट और लाइट कमर्शल वाहन (आईएंड एलसीवी) के टिपर्स और ट्रकों को भी लॉन्च किया गया। इसमें खासतौर से तेजी से बढ़ते हुए लॉजिटिक्स और आधारभूत ढांचे की जरूरत शामिल थी। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि इंडस्ट्री लीडर होने के नाते हम कार्यक्षमता, उत्पादकता, कनेक्टिविटी, सुरक्षा और परफॉर्मेंस के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहे हैं। जिन ट्रकों को लॉन्च कर रहे हैं, वह एडवांस ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम (एडीएएस) के साथ सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की बढ़ती जरूरत को भी पूरा करते हैं। इस सिस्टनम में कॉलिजन मिटिगेशन सिस्टेम, लेन डिपार्चर वार्निंग सिस्टकम, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, ड्राइवर अलर्ट और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम शामिल हैं। ये ट्रक पर्यावरण को स्वच्छ रखने के नजरिये से बेहतरीन मोबिलिटी सोल्यूशन प्रदान करते हैं। इसमें वैकल्पिक फ्यूल पावरट्रेन्स भी शामिल हैं। इन ट्रकों के हरेक पहलू को तरह-तरह की अलग-अलग ड्यूटी साइकल और विशेष प्रयोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

> टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि इंडस्ट्री लीडर होने के नाते हम कार्यक्षमता, सुरक्षा और परफॉर्मेंस के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहे हैं।

# मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने बाजार शोध और विश्लेषण प्लेटफॉर्म रिसर्च 360 को लॉन्च किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने एक नये प्रकार का पहला वित्तीय बाजार शोध और विश्लेषण मंच 'रिसर्च 360' को लॉन्च करने की घोषणा की है।



यह अनूठा मंच निवेशकों और व्यापारियों के लिए विस्तृत मौलिक और तकनीकी अनुसंधान के लिहाज से एक केंद्रीकृत सोर्स के रूप में कार्य करेगा जो इक्विटी, डेरिवेटिव, म्युचुअल फंड, थीमैटिक (थीम आधारित) और मॉडल पोर्टफोलियो आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विवेकपूर्ण निवेश या व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेगा। रिसर्च 360 एप निवेशकों की डीआईवाय (डीआईवाई) श्रेणी के साथ-साथ रेडीमेड शोध समाधानों की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक उत्कृष्ट और अनूठा प्रस्ताव है। 'रिसर्च 360' का लॉन्च वित्त वर्ष 23 में डिजिटल उत्पादों के पोर्टफोलियो के विस्तार का एक हिस्सा है। रिसर्च 360 प्लेटफॉर्म में मुख्य निवेशक पोर्टफोलियो जैसी अनूठी विशेषताएं हैं, जिससे नौसिखिए निवेशक स्टॉक पोर्टफोलियो बनाने के शिल्प को समझ सकते हैं। यह एप एसडब्ल्यूओटी एनालिसिस, कम्पेयरिंग स्टॉक्स, एफएंडओ एनालिटिक्स, एमओ इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज रिसर्च रिपोर्ट्स और एसे इनवेस्टर्स पोर्टफोलियो जैसी अन्य प्रमुख विशेषताएं भी प्रदान करता है। इस उत्पाद के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन के सीईओ अजय मेनन ने कहा, खुदरा निवेशक इक्विटी बाजारों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। 31 मार्च 2022 तक भारत में सक्रिय डीमैट खातों की संख्या 89.7 मिलियन थी जो वित्त वर्ष 2022 में 63% की वृद्धि दर्शाती है। हमें लगता है कि पूंजी बाजार में निवेश किसी एक द्वारा चुने गए निवेश के बारे में विस्तृत शोध के बाद किया जाना चाहिए। मोतीलाल ओसवाल 35 से अधिक वर्षों से इक्विटी बाजारों में हैं और उन्होंने हमारे शोध क्षेत्र तक सभी निवेशकों को पहुंच प्रदान करने के बारे में सोचा, भले ही वह हमारे ग्राहक हों या नहीं। हमारी नवीनतम पेशकश, रिसर्च 360 सभी निवेशकों को मोतीलाल ओसवाल के पुरस्कार विजेता शोध तक पहुंच प्रदान करेगी और उन्हें निवेश संबंधी निर्णय लेने में मदद करेगी।

> समाधानों की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए एक उत्कृष्ट और अनूठा प्रस्ताव है। 'रिसर्च 360' का लॉन्च वित्त वर्ष 23 में डिजिटल उत्पादों के पोर्टफोलियो के विस्तार का एक हिस्सा है।

### 14 साल के निचले स्तर पर पहुंचा गेहूं का सरकारी स्टॉक, त्योहारों में बढ़ सकते हैं गेहूं और आटे के दाम

**नई दिल्ली।** देश में गेहूं के सरकारी स्टॉक में भारी गिरावट आई है। भारतीय खाद्य निगम का गेहूं का स्टॉक 14 सालों के निचले स्तरों पर पहुंच गया है। इसमें आगे और कमी आने की संभावना है। पिछले गेहूं सीजन में देश में गेहूं उत्पादन बहुत कम हुआ था। गेहूं के दाम बढ़ने के कारण गेहूं की सरकारी खरीद भी लक्ष्य के अनुरूप नहीं हुई थी। इसी को देखते हुए सरकार ने गेहूं निर्यात पर मई में ही प्रतिबंध लगा दिया था। मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, राहत की बात यह है कि देश में फिलहाल चावल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। लेकिन इस बार देश के कई प्रमुख चावल उत्पादक इलाकों में कम बारिश होने से चावल का रकबा पिछले साल के मुकाबले 8 फीसदी घटा है। इस वजह से इस बार देश में डेढ़ करोड़ टन चावल कम पैदा होने का अनुमान है।

## बांग्लादेश तक बिजली भेजेंगे गौतम अडानी, बताया प्रोजेक्ट का पूरा प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गौतम अडानी समूह की कंपनी अडानी पावर, बांग्लादेश तक बिजली की आपूर्ति करेगी। दरअसल, एशिया के सबसे रईस अरबपति गौतम अडानी ने दिल्ली में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद गौतम अडानी ने एक ट्विटर पोस्ट में यह जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने योजना के बारे में विस्तार से बताया। अडानी समूह ने इस साल पूर्वी भारत में एक कोयले से चलने वाले प्लांट से बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शुरू करने की योजना बनाई है। गौतम अडानी के मुताबिक झारखंड स्थित 1600 मेगावाट की गोड्डा पावर प्रोजेक्ट और बांग्लादेश को समर्पित ट्रांसमिशन लाइन को 16 दिसंबर 2022 को देश के विजय दिवस तक चालू करने की तैयारी है। गौतम अडानी का यह प्रोजेक्ट पड़ोसी देशों में भारत के बढ़ते दबदबे का एक



उदाहरण है। आपको बता दें कि अडानी समूह ने बड़े पैमाने पर श्रीलंका में भी निवेश किया है। वर्तमान में गौतम अडानी एशिया के सबसे रईस अरबपति भी हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडानी की दौलत 141 बिलियन डॉलर है और वह दुनिया के तीसरे सबसे रईस अरबपति हैं। इस खबर के बीच मंगलवार को अडानी पावर के स्टॉक प्राइस में अपर सर्किट लग गया। कारोबार के अंत में स्टॉक का प्राइस 5 फीसदी बढ़कर 410 रुपये के स्तर पर रहा। कंपनी का मार्केट कैपिटल 1,58,057.36 करोड़ रुपये है।

## ऑर्डर मिलते ही केपीटीएल कंपनी के शेयर खरीदने की लगी होड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेयर बाजार में एक खबर की वजह से किसी भी कंपनी के स्टॉक का परफॉर्मेंस प्रभावित हो जाता है। अगर खबर पॉजिटिव है तो स्टॉक के भाव में उछाल आएगा और निगेटिव है तो बिकवाली का माहौल हावी रहेगा। ऐसी ही एक पॉजिटिव खबर का असर कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) के स्टॉक परफॉर्मेंस पर देखने को मिला है। इस वजह से मंगलवार के कारोबार में स्टॉक का भाव 8 फीसदी तक चढ़ गया। दरअसल, केपीटीएल और इसकी इंटरनेशनल सब्सिडरी को 1,345 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। पावर सेक्टर से जुड़ी कंपनी केपीटीएल ने बताया कि ये ऑर्डर भारत और विदेशी बाजारों में ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्युशन (टीएंडडी) व्यवसाय के लिए हैं। इनमें पाइपलाइन बिछाने के ऑर्डर, भारत में मेट्रो रेल विद्युतीकरण के ऑर्डर शामिल हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष मोहनोत के मुताबिक नए ऑर्डर के साथ हमारी ऑर्डर बुक मजबूत होगी और महत्वपूर्ण बाजारों में हम नेतृत्व कायम कर सकेंगे। मंगलवार के कारोबार में स्टॉक का भाव, एक दिन पहले के मुकाबले 8 फीसदी तक चढ़कर 440 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली देखने को मिली और स्टॉक का भाव 430 रुपये के नीचे ठहरा।

# भारत पर विदेशी कर्ज का भार 8.2 फीसदी बढ़कर 620.7 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत पर बाहरी ऋण भार की स्थिति पर 28 वीं रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 के अंत तक देश पर 620.7 अरब डॉलर का कर्ज बकाया था जो मार्च 2021 के अंत में 573.7 अरब डॉलर के वाह्य ऋण भार की तुलना में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। भारत पर वाह्य ऋण 2021-22 शीर्षक इस रिपोर्ट की प्रस्तावना में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत का विदेशी ऋण भारत वहनीय बना हुआ है और इसे पूरी सूझबूझ के साथ इसका प्रबंध हो रहा है। सीतारमण ने कहा कि विदेशी ऋण का बड़ा हिस्सा दीर्घकालिक ऋणों का है जबकि अल्पकालिक ऋण मूल रूप से आयात को वित्तपोषित करने के लिए लिए लिया जाता है। यह बात विदेशी ऋणों की वहनीयता और कुल विदेशी ऋण की वहनीयता को बढ़ाती है। उन्होंने आगे कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत के



विदेशी ऋण की स्थिति अच्छी है। भारत पर विदेशी कर्ज का भार पिछले वित्त वर्ष के अंत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 19.9 प्रतिशत था जबकि विदेशी कर्ज की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार 97.8 प्रतिशत था। वित्त मंत्रालय ने विगत सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के हिसाब से बाहरी ऋण मार्च 2022 के अंत में मामूली रूप से गिरकर 19.9 प्रतिशत के बराबर रहा, जो एक साल पहले 21.2 प्रतिशत था। इसी दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार देश के विदेशी ऋण के समक्ष थोड़ा घट कर 97.8 प्रतिशत के बराबर रहा जो एक साल पहले 100.6 प्रतिशत से अधिक था। देश के वाह्य ऋण में दीर्घकालिक ऋण 499.1 अरब डॉलर (80.4 प्रतिशत) के बराबर था। जबकि 121.7 अरब डॉलर के साथ अल्पकालिक ऋण का हिस्सा 19.6 प्रतिशत था। अल्पकालिक में बड़ा हिस्सा (96 प्रतिशत) ऋण मुख्य रूप से व्यापार के आयात कर्ज के रूप में था। पिछले वित्त वर्ष के अंत में सरकार पर विदेशी कर्ज 17.1 प्रतिशत बढ़ कर 130.7 अरब डॉलर के बराबर रहा जिसका मुख्य कारण 2021-22 के दौरान आईएमएफ द्वारा एसडीआर का अतिरिक्त आवंटन था। गैर सरकारी विदेशी कर्ज 6.1 प्रतिशत बढ़कर 490 अरब डॉलर हो गया। इस प्रकार के कर्ज में वाणिज्यिक कर्ज, प्रवासी भारतीय (एनआरआई) जमा और अल्पकालिक व्यापारिक ऋणों का हिस्सा कुल मिला कर 95.2 प्रतिशत प्रतिशत था।

> अन्य देशों की तुलना में भारत के विदेशी ऋण की स्थिति अच्छी है। भारत पर विदेशी कर्ज का भार पिछले वित्त वर्ष के अंत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 19.9 प्रतिशत था जबकि विदेशी कर्ज की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार 97.8 प्रतिशत था।

### केंद्र सरकार का निर्णय: आठ सरकारी उर्वरक कंपनियों का किया जाएगा निजीकरण

**दिल्ली।** देश में उर्वरक निर्माण में लगी 8 सरकारी कंपनियों के निजीकरण को नीति आयोग की बैठक में हरी झंडी मिल गई है। यह बैठक तीन सप्ताह पहले हुई थी। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय केमिकल फर्टिलाइजर, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड और फर्टिलाइजर एंड केमिकल त्रावणकोर लिमिटेड सहित 8 फर्टिलाइजर कंपनियों के रणनीतिक विनिवेश की सरकार ने पूरी तैयार कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नई विनिवेश नीति के तहत इन कंपनियों के विनिवेश करने का निर्णय केंद्र सरकार ने लिया है। राष्ट्रीय केमिकल फर्टिलाइजर में सरकार की 75 प्रतिशत, नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड करीब 74 प्रतिशत और फर्टिलाइजर एंड केमिकल त्रावणकोर लिमिटेड में सरकार की 90 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# मुकेश अंबानी ने 4 साल पुरानी अमेरिकी कंपनी पर खेला बड़ा दांव, रिलायंस के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी ने मंगलवार को एक बड़ी डील की है। रिलायंस, अमेरिकी कंपनी सेंसहॉक में 79.4 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदेगी। यह पूरी डील 32 मिलियन डॉलर में होगी। बता दें, सेनसेहॉक की स्थापना 2018 में हुई थी। कंपनी सोलर इंडस्ट्री के लिए सॉफ्टेवेयर मैनेजमेंट टूल्स बनाती है। बता दें, सेंसेक्स में रिलायंस के शेयर मंगलवार दोपहर को 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ ट्रेड कर थे। अधिग्रहण के बारे में बोलते हुए, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा, हम अपने परिवार में सेंसहॉक का स्वागत करते हैं। रिलायंस, ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है और 2030 तक 100 जीडब्ल्यू सौर ऊर्जा बनाने में मदद करने का विजन रखती है। सेंसहॉक के सहयोग से हम सौर परियोजनाओं की लागत कम करेंगे, उत्पादकता बढ़ाएंगे और प्रदर्शन में सुधार करेंगे। मुझे विश्वास है कि आरआईएल के समर्थन से सेंसहॉक का कई गुना विकास होगा। सेंसहॉक



के सीईओ और सह-संस्थापक, स्वरूप मवनूर ने कहा, हम प्रसन्न हैं कि आरआईएल ने इस निवेश के साथ हम पर भरोसा किया है। सेंसहॉक के अध्यक्ष और सह-संस्थापक राहुल सांखे ने सीईओ स्वरूप मवनूर की बात का समर्थन करते हुए कहा कि यह साझेदारी नए बाजारों के रास्ते खोलेगी। हम सौर ऊर्जा के ईको सिस्टम में सुधार करने के मिशन पर हैं, 2025 तक बाजार का 50% हिस्सा हासिल कर लेंगे। सेनसेहॉक सोलर प्रोजेक्ट्स को प्लानिंग से लेकर प्रोडक्शन तक का मदद करती है। सोलर कंपनियों को आटोमेशन के जरिए संचालित करने में सेनसेहॉक की तरफ से मदद किया जाता है। रिलायंस ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2022 में कंपनी का टर्नओवर 2,326,369 डॉलर, वित्त वर्ष 2021 में 11,65,926 डॉलर था। साल दर साल कंपनी के टर्नओवर में ग्रोथ देखने को मिली। रिलायंस इंडस्ट्रीज इस समय प्रमुख तौर पर गैस, ऑयल, पेट्रोकेमिकल्स, टेलीकॉम और रिटेल सेक्टर में कारोबार कर रही है। लेकिन कंपनी 60 प्रतिशत आमदनी ऑयल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल बिजनेस से हो रहा है। इसी निर्भरता को कम करने के लिए मुकेश अंबानी अलग-अलग सेक्टर में बहुत तेजी के साथ पैसा लगा रहे हैं।

> हम सौर ऊर्जा के ईको सिस्टम में सुधार करने के मिशन पर हैं, 2025 तक बाजार का 50% हिस्सा हासिल कर लेंगे। सेनसेहॉक सोलर प्रोजेक्ट्स को प्लानिंग से लेकर प्रोडक्शन तक का मदद करती है।

### कोका-कोला फाउंडेशन राजस्थान में दो बांध बनाकर लोगों की बदल रहा है जिंदगी

**नयी दिल्ली।** देश भर में जल स्तर में गिरावट से चिंतित कोका-कोला फाउंडेशन अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर राजस्थान के धौलपुर जिले के टोंत्री गांव में दो बांध बनाकर लोगों के जीवन को बदलने कोशिश कर रहा है, इससे पांच गांवों के करीब 14 हजार लोगों को लाभ होगा। कोलाकोला फाउंडेशन के एक अधिकारी राजीव गुप्ता ने बताया कि इस बांध के निर्माण से न केवल पेयजल की समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि खेती भी आसान हुई है और किसानों ने पानी की अनुपलब्धता के कारण छोड़ी गई फसलों की खेती शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, हमारा राजस्थान और देश के अन्य हिस्सों में जहां पानी की भारी कमी है, बांधों के निर्माण और नदियों की सफाई के माध्यम से लोगों को पानी उपलब्ध कराना है।

### उद्योगपति साइरस मिस्त्री का मुंबई में पारसी रीति-रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार

## भजन और गायत्री मंत्र का पाठ भी हुआ

> साइरस मिस्त्री जिस लग्जरी मर्सिडीज कार में थे, वह करीब 134 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चल रही थी।



**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री (54) का मंगलवार को मुंबई के वर्ली श्मशान घाट पर पारसी रीति-रिवाज के मुताबिक अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा मुंबई के वालकेश्वर में उनके सी फेसिंग मेंशन से वर्ली श्मशान पहुंची। इससे पहले साइरस मिस्त्री के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में गायत्री मंत्र और गोविंद गोपाल के भजन भी गाए गए। साइरस के अंतिम संस्कार में शामिल होने आकाश अंबानी, एचडीएफसी के चेयरमैन दीपक पारेख, एनसीपी नेता सुप्रिया सुले और कई पारिवारिक मित्र पहुंचे थे। हालांकि उनके परिवार ने अंतिम संस्कार की सूचना के साथ ही लोगों से शोक सभा के लिए न आने की अपील की थी। साइरस मिस्त्री का रविवार दोपहर मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वे गुजरात के उदवाड़ा में बने पारसी मंदिर से लौट रहे थे। मिस्त्री की मर्सिडीज कार महाराष्ट्र में पालघर के पास रोड डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले (49) की मौत हो गई, जबकि कार ड्राइव कर रही महिला डॉक्टर अनायता पंडोले और उनके पति दरीयस पंडोले घायल हैं। साइरस मिस्त्री जिस लग्जरी मर्सिडीज कार में थे, वह करीब 134 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चल रही थी। इसका खुलासा कार के आखिरी सीसीटीवी फुटेज से हुआ है। कार ने विगत रविवार दोपहर 2 बजकर 21 मिनट पर चरौती का चेक पोस्ट क्रॉस किया था। यहां से हादसे की जगह 20 किमी दूर है। मर्सिडीज कार ने यह दूरी महज 9 मिनट में तय की।

सम्पादक की कलम से...

## यूपीए एकजुट व भाजपा परेशान

**झारखंड** विधानसभा में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार ने शक्ति परीक्षण के माध्यम से अपनी सरकार के स्पष्ट बहुमत रहने और यूपीए में एकजुटता का संदेश देने में सफलता हासिल कर ली है। वर्तमान समय में सीएम हेमंत सोरेन की यह बात सबको हैरत में डालती है कि कैसे एक चुनी हुई सरकार को अपदस्त करने की कोशिश की जाती है। तभी तो उन्होंने कहा कि हमने अब तक कपड़ा, सब्जी और राशन खरीदने की बात सुनी थी, लेकिन बीजेपी द्वारा विधायकों को खरीदने का काम किया जा रहा है। व्यापारियों के जामात ने पूरे देश को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि सत्ता के लिए आज कुछ भी असंभव नहीं है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में यूपीए को स्पष्ट बहुमत मिला है, लेकिन इसके बावजूद अभी विश्वास मत प्रस्ताव हासिल करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी, ताकि देश और पूरे राज्य की जनता को सारी बातों की जानकारी मिल सके। जिस तरह से कोरोना वैश्विक महामारी में भी सरकार ने मुंहतोड़ जवाब दिया और झारखंड जैसे पिछड़े राज्यों को संभालने का काम किया, उस परिस्थिति में यदि विपक्षी दलों की सरकार होती, तो गरीब और आदिवासियों एवं मजदूरों का क्या होगा, यह कहना मुश्किल हो जाता है। बीजेपी के नेता आज जरूर कहते हैं कि हवाई चप्पल पहननेवाले लोग हवाई जहाज पर चलेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि इन गरीबों को सड़कों पर चलने लायक नहीं छोड़ा गया है। देश आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आज लोकतंत्र को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। यह सही नहीं है। बीजेपी नेताओं को करारा जवाब देने के यूपीए गठबंधन आज तैयार दिख रहा है। हाल के दिनों में देखा गया है कि वभिन्न राज्यों में लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया के माध्यम से इन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। केंद्र की इस सरकार ने आजादी के पहले की मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का काम किया है। ये धर्म के नाम पर देश के भाग-भाग में बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह सही नहीं कहा जा सकता है। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 25 अगस्त को ही हेमंत सरकार ने अपना मंतव्य सौंपा दिया है, लेकिन इस राज्य में चुनाव आयोग और राज्यपाल द्वारा इस तरह की परिस्थितियां पैदा कर दी गयी हैं। चुनाव आयोग कहता है कि राज्यपाल को मंतव्य भेज दिया गया है, राज्यपाल चुपचाप बैठ जाते हैं। जब यूपीए शिष्टमंडल मुलाकात करता है, तो राज्यपाल कहते हैं कि विचार कर रहे हैं, इसके बाद वे पिछले दरवाजे से राजभवन से निकल कर दिल्ली में जाकर बैठ आते हैं। अब विधायकों को डराने-धमकाने और खरीद-फरोख्त की कोशिश की जा रही है। यही कारण है कि विश्वास मत प्रस्ताव लाकर झारखंड सरकार ने अपने होने का एहसास विपक्ष को करा दिया है। आज सरकारी कर्मचारियों, सहायक पुलिसकर्मियों, पाराकर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और पारा कर्मियों के चेहरे पर मुस्कान है। ऐसे में विपक्ष द्वारा किसी भी तरह की पैतरेबाजी लोकतंत्र के लिए उचित नहीं माना जा सकता है।

### आज का इतिहास

**2004 :** अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने फिलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण के लिए चार साल का समय निर्धारित किया।
**2007 :** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया पैसिफिक स्क्रीन अवार्ड में भारतीय फिल्म 'गांधी माई फादर' को सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार मिला।
**2008 :** असम गण परिषद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई।
**2013 :** तिब्बत में वैज्ञानिकों ने मानव जाति के लिए ज्ञात सबसे पुरानी बड़ी बिल्ली के जीवाश्म की खोज की है।
**2014 :** भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच में 264 रनों की पारी खेलकर रिकार्ड बनाया।
**1781 :** अंग्रेजों ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।
**1841 :** टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।
**1847 :** ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
**1908 :** बुलगारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1927 :** महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की।
**1930 :** लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत।
**1936 :** केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।
**1940 :** भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमजद खान का जन्म हुआ।
**1946 :** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हुआ।
**1974 :** दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।
**1990 :** जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार राज्याभिषेक।
**2001 :** न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।

# बलात्कारी की सजा माफ करने के लायक नहीं

> मध्यप्रदेश सरकार बलात्कारियों की सजा में किसी भी तरह की कोई रियायत देने के पक्ष में नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों की रिहाई की अवधि की प्रस्तावित नीति -2022 पर चर्चा से यह स्वर उभर कर आ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में वर्ष 2012 की नीति लागू है। नई नीति पर यह चर्चा महत्वपूर्ण इसलिए हो जाती है क्योंकि पिछले दिनों बिलकिस बानो मामले में बलात्कार के दोषियों की शेष सजा गुजरात सरकार ने माफ कर दी थी। मध्यप्रदेश में आजीवन कारावास की सजा प्राप्त बंदियों के संबंध में जो नई नीति तैयार की गई है।

साल 2021 की एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में एक साल में 6,459 बलात्कार के मामले दर्ज किये गये हैं जो कि देश में दूसरे नंबर पर हैं। रेप और गैंगरेप के बाद हत्या के केस में मध्यप्रदेश तीसरे नंबर पर है। अपराध का यह ग्राफ मांग करता है कि इसे थामने के लिए कुछ बुनियादी कदम उठाए जाएं। ऐसे में बलात्कारी को अंतिम सांस तक सजा का फैसले अहम कदम माना जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार बलात्कारियों की सजा में किसी भी तरह की कोई रियायत देने के पक्ष में नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों की रिहाई की अवधि की प्रस्तावित नीति -2022 पर चर्चा से यह स्वर उभर कर आ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में वर्ष 2012 की नीति लागू है। नई नीति पर यह चर्चा महत्वपूर्ण इसलिए हो जाती है क्योंकि पिछले दिनों बिलकिस बानो मामले में बलात्कार के दोषियों की शेष सजा गुजरात सरकार ने माफ कर दी थी। मध्यप्रदेश में आजीवन कारावास की सजा प्राप्त बंदियों के संबंध में जो नई नीति तैयार की गई है, उसमें जघन्य अपराधियों को कोई राहत नहीं मिलेगी। इस पर मुहर लगती है तो नाबालिगों से बलात्कार के अपराधियों का कारावास 14 वर्ष में समाप्त नहीं होगा। मध्यप्रदेश में ऐसे अपराधियों को अंतिम सांस तक कारावास में ही रहने की नीति बनाई गई है। इसमें कुछ और अपराधों को भी जोड़ा गया है। इसमें आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाये गये दोषी, गैंगरेप, जहरीली शराब बनाने, विदेशी मुद्रा से जुड़े अपराधों, दो या दो से अधिक प्रकरण में हत्या के दोषी शामिल हैं। शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान हत्या का अपराध, राज्य के विरुद्ध अपराध और सेना के किसी भी अंग से संबंधित अपराध करने वाले अपराधियों पर भी कोई रहम नहीं किया जायेगा। इन अपराधों में आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को अब जेल में ही अंतिम सांस तक रहना होगा। आपको बता दें कि प्रदेश के 131 जेलों में 12 हजार से अधिक बंदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। राज्य की जेलों में कुल 28,718 कैदियों को रखने की क्षमता है, जबकि तकरीबन 44 हजार कैदी वर्तमान में बंद हैं। **महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध का असर :** मध्यप्रदेश वह राज्य है जहां कि महिलाओं के साथ अपराधों की संख्या बढ़ी है। मध्यप्रदेश में ही नाबालिग बच्चियों से बलात्कार के मामले में मृत्युदंड का सबसे पहले प्रावधान किया गया था। इससे पहले महिलाओं और बच्चियों से साथ प्रदेश में अपराध के भयावह आंकड़े सामने आ रहे थे। इस नजरिए से इस सजा के प्रावधान ने एक उम्मीद जगाई थी कि अब अपराधों में आमूलचूल कमी आयेगीये हालांकि इस मामले एक तबके का यह भी मानना था कि बिना शिक्षा, संस्कार और मूल्यों के केवल सजा से ऐसे मामलों का कम होना संभव नहीं है। इस बार भी बेहतर नहीं हो पाए आंकड़े साल 2021 की नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट आई तो एक बार फिर समाज सच्चाई सामने आई। इस साल मध्यप्रदेश में 30, 4066 केस दर्ज किये गये हैं, इनमें 10 फीसदी मामले महिलाओं के साथ अपराध से संबंधित हैं। यदि संख्या के नजरिये से देखें तो महिलाओं के खिलाफ 30,673 मामले दर्ज किये गये। महिलाओं के खिलाफ अपराध में पिछले साल की तुलना में 5, 036 केस की बढ़ोतरी दर्ज हुई। 6,459 बलात्कार के मामले दर्ज किये गये हैं जो कि देश में दूसरे नंबर पर हैं। इस सूची में राजस्थान पहले नंबर पर है जहां कि बलात्कार के 6917 मामले दर्ज किये गये। रेप और गैंगरेप के बाद हत्या के केस में मध्यप्रदेश देश भर में तीसरे नंबर पर आया। 1 साल में प्रदेश में 35 ऐसे केस दर्ज किये गये हैं जिसमें पीड़िता के साथ रेप करने के बाद उसकी हत्या की गई है। इससे ऊपर उत्तरप्रदेश था जो 48 केस के साथ देश में पहले स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश में दहेज के लिए 522 बेटियों की जान इस 1 साल के अंदर गई है। नाबालिग बच्चियों के साथ यौन उत्पीडन में मध्यप्रदेश पहले नंबर पर रहा। 1 साल में 3515 बच्चियां यौन उत्पीडन का शिकार हुई। बलात्कार के दोषियों के साथ कोई रियायत नहीं अपराध का यह ग्राफ मांग करता है कि इसे थामने के लिए कुछ बुनियादी कदम उठाये जायें समाज में यह संदेश जाए कि वह ऐसे मामले में किसी भी हालत में छूट नहीं सकते हैं।

**■ राकेश कुमार मालवीय**

# आखिर इतना अत्याचार क्यों?

संयुक्त राष्ट्र संघ की लंबी रपट में ठोस तथ्य व तर्क देकर बताया गया है कि चीन के ये मुसलमान गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। उनकी जनसंख्या न बढ़े, इसलिए उनकी जबरन सामूहिक नसबंदी कर दी जाती है। उनकी मस्जिदों पर ताले ठोक दिये जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की मानव अधिकार परिषद ने चीन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। उसकी ताजा रपट में उसने बताया है कि चीन के शिन च्यांग (सिंक्यांग) प्रांत के लगभग दस लाख उइगरों को यातना शिविरों में बंद करके रखा हुआ है। ये उइगर मुसलमान हैं। ये दिखने में भी चीनियों से अलग दिखते हैं। उनका सिंक्यांग प्रांत हमारे लद्दाख से लगा हुआ है। सैंकड़ों सालों से पैदल रास्ते चीन जाने वाले और वहां से आने वाले व्यापारी, विद्वान, यात्रीगण इसी रास्ते से आया जाया करते थे। उइगरों का यह क्षेत्र सदियों से चीनी वर्चस्व के बाहर रहा है। कम्युनिस्ट शासन की स्थापना होने के पहले इस उइगर-क्षेत्र में आजादी का आंदोलन चलता रहा है लेकिन जब से चीन में कम्युनिस्ट शासन स्थापित हुआ है, उइगर मुसलमानों को बड़ी बेरहमी से दबाया गया है। कुछ उइगर नेताओं और व्यापारियों को अपना हथियार बनाकर चीनी सरकार उन पर निरंतर जुल्म करती रहती है। संयुक्त राष्ट्र संघ की लंबी रपट में ठोस तथ्य और तर्क देकर बताया गया है कि चीन के ये मुसलमान गुलामी की जिंदगी जी रहे हैं। उनकी जनसंख्या न बढ़े, इसलिए उनकी जबरन सामूहिक नसबंदी कर दी जाती है। उनकी मस्जिदों पर ताले ठोक दिये जाते हैं। वहां मदरसे नहीं चलने दिये जाते हैं। इस्लामी देशों के प्रचारकों को वहां घुसने भी नहीं दिया जाता है। उनकी वेशभूषा और नाम भी बदलने की कोशिश बराबर जारी रहती है। उइगर बच्चों के स्कूलों में चीनी भाषा अनिवार्य रूप से पढ़ाई जाती है। शिंनच्यांग प्रांत में कम्युनिस्ट पार्टी का शिंकजा इतना कड़ा है कि जो उइगर मुसलमान उसके पदाधिकारी हैं, वे चीनियों की नकल भर बने रहते हैं। सिंक्यांग प्रांत की राजधानी उरुमची और अन्य शहरों व गांवों में मुझे घूमने-फिरने और आम आदमियों से खुलकर बात करने का मौका मिला है। कई उइगरों से पेइचिंग और शांघाई में भी मेरा खुलकर संवाद हुआ है। वे अपने आप को चीनी कहने में ही संकोच करते हैं। सिंक्यांग में मैंने जैसी गरीबी देखी, वैसी दुनिया के बहुत कम देशों में देखी है। वहां की कई महिलाओं ने शिकायत की कि चीनी लोग उनके साथ काफी बुरा बर्ताव करते हैं। राजधानी उरुमची में पाकिस्तानी छात्रों की भरमार रहती है। चीनी सरकार उन्हें लगभग मुफ्त में मेडिकल की शिक्षा देती है लेकिन उसे यह डर भी लगा रहता है कि इन इस्लामी पाकिस्तानियों के जरिये अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुस्लिम राष्ट्रों के आतंकवादी कहीं सिंक्यांग में अपना अड्डा न बना लें। ये उइगर लोग भारत और पाकिस्तान को बहुत प्यार करते हैं लेकिन देखिये उनकी बदकिस्मती कि इन दोनों देशों के नेता उइगरों के मुद्दे पर मौन धारण किये रहते हैं। अमेरिका और पश्चिमी राष्ट्र जब मुंह खोलते हैं, चीन उन पर निहित स्वार्थ और दुश्मनी का आरोप लगाता है। चीनी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की इस ताजा रपट को भी यही कहकर रद्द कर दिया है।

**■ डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

# जीवन के बजाय मृत्यु का हुनर क्यों सीख रहे हैं युवा?

दक्षिण कोरिया की चर्चित अभिनेत्री यू जो यून ने 29 अगस्त को आत्महत्या कर लीं। वे सिर्फ 27 साल की थीं। जो यून ने आत्महत्या से पहले जो पत्र लिखा है वह पूरी दुनिया के युवाओं की मानसिकता को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। यू जो यून ने अपनी मां, पिता, भाई व दादी को संबोधित इस पत्र में लिखा कि मुझे इस तरह (आप सभी से पहले) चले जाने का दुख है। लेकिन मेरा दिल चीख चीख कर कह रहा है कि मैं जीना नहीं चाहती। मेरे बिना आप लोगों को अपना जीवन खाली महसूस हो सकता है, लेकिन मैं चाहूंगी कि आप इसे बहादुरी से जिये। आप लोग रोइयेगा मत, क्योंकि मेरी निगाह हर समय आप पर बनी रहेगी। आप मेरे इस कदम से आहत होंगे लेकिन मैं बिल्कुल भी उदास नहीं हूं (बल्कि) दृढ़ और शांत महसूस करती हूं। और ऐसा इसलिए है, क्योंकि मैंने इस बारे में लंबे समय तक सोचा है। मैंने ऐसा सुखी जीवन जिया है, जिसकी मैं हकदार थी। मेरे लिए इतना ही काफी है। यहां सवाल उठता है कि एक अच्छे और शायद पसंदीदा कॅरियर को पा लेने और उसमें काफी हद तक सफल हो जाने के बाद भी ऐसा क्या है जो हमारे युवाओं को बेचैन कर रहा है? यह बेचैनी भी इस हद तक है कि वे इसका समाधान अपने जीवन की समाप्ति में ही देख रहे हैं। जो यून के पास क्या नहीं था, सफलता, शोहरत सभी कुछ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी कुल अनुमानित नेटवर्थ एक से पांच मिलनियन डॉलर के बीच थी। कुछ समय पहले मुझे किसी ने इसी मिलेनियम में लिखी गई हिंदी की एक कहानी का जिक्र किया था। हालांकि वह कहानी मैंने पढ़ी तो नहीं है लेकिन मुझे बताया गया था उसमें प्रमुख रूप से दो युवा पात्र हैं। कुछ समय पहले तक वे रिलेशनशिप में होते हैं और उसके टूट जाने के बाद एक दिन दोनों के बीच संवाद होता है। इस बातचीत में लडकी कहती है- सोच रही हूं, सुसाइड कर लूंगी और इसके जवाब में लड़का कोई आश्चर्य, दुःख, तनाव अथवा चिंता का भाव प्रकट किए बिना बहुत सपाट तरीके से पूछता है- अच्छा! तो तुमने इसके लिए कोई प्लान बनाया है? लडकी की प्रश्नवाचनक निगाहों के जवाब में वह अपनी बात को विस्तार देते हुए कहता है- मेरा मतलब है, सुसाइड किस तरीके से करना है? जैसा कि मैंने कहा, वह मूल कहानी मैंने पढ़ी नहीं है, लेकिन यदि उसका कंटेंट कुछ और होकर, वैसा ही हो जैसा मुझे बताया गया, तो भी यह बात बहुत गंभीरता से विचार करने की है कि अब प्यार करने और एक दूसरे के लिए जीने मरने की कसमें खाने की उम्र वाला युवा अपने साथी के जीवन समाप्त कर लेने की बात पर भी संवेदनाशून्य होकर प्रतिक्रिया देता है। उसकी प्रतिक्रिया में एक अजीब किस्म की उदासीनता और ठंडापन है। एक मशीनी रिस्पांस जो किसी मनुष्य से अपेक्षित नहीं होता तो क्या हमारा युवा जीवन को इसी मुर्दा दृष्टि से देख रहा है? क्या उसे जीवन से या मानवीय संवेदनाओं से कोई सरोकार नहीं रहा है? क्या ये चीजें स्वाभाविक तौर पर हमारे स्वभाव में घर कर रही हैं या फिर कोई परिस्थितियां हैं जो उन्हें ऐसा बना रही हैं? सोचना तो होगा। दो साल पहले जून 2020 में बॉलीवुड के एक प्रतिभाशाली अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने 34 साल की उम्र में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उस दुःखद घटना को लेकर हमारे मीडिया व समाज ने जो भी कुछ माहौल बनाया हो, लेकिन आज तक यह खुलासा नहीं हो पाया कि आखिर सुशांत को इतना अशांत किन हालात ने किया। यू जो यून की तरह सुशांत भी अपने कॅरियर में सफल ही थे। वे वही कर रहे थे जो उन्होंने करना चाहा था। फिर ऐसा क्या हुआ कि भरे पूरे संभावनाशील जीवन को छोड़कर उन्होंने मृत्यु का मार्ग चुना? ऐसे मामलों की दिशा एक और प्रश्न की तरफ जाती है कि क्या हमारे युवा विपरीत परिस्थितियों से घबराकर या डरकर ऐसा कर रहे हैं, या फिर उन्हें इस बात का डर है कि सफलता और शोहरत के जिस शिखर पर वे चढ़ चुके हैं वहां से उतरने पर उनका क्या होगा? चाहे यून हो या सुशांत दोनों ने अपने कॅरियर की शुरूआत में, उसे बनाने में कितना ही संघर्ष किया हो, लेकिन यह तो कहा ही जा सकता है कि अंततः कॅरियर के लिहाज से उन्होंने वो पा लिया था जिसकी उन्हें चाह थी। और यदि ऐसा नहीं है तो फिर वो कौनसी चीज है जो इतना सबकुछ इच्छित और वांछित मिल जाने के बाद भी एक खालीपन का, निस्सारता का अहसास कराती रहती है। कई बार ऐसी स्थितियां बहुत कम उम्र में बहुत कुछ पा लेने के कारण भी पैदा होती हैं। जब आप कम उम्र में ही शिखर को छू लेते हैं तब, उस शिखर से उतरने के बाद बाकी बचे जीवन को कैसे बिताना है, इसका कोई प्लान हमारे पास नहीं होता। ऐसे में बहुत सी बातें अवसाद का कारण बनती हैं। जो यून की चिट्ठी एक और बात की तरफ इशारा करती है कि संतुष्टि या सफलता का कोई निश्चित पैमाना नहीं है। जो यून ने खुद लिखा है कि मैंने बहुत सफल जीवन जिया है।

**■ गिरीश उपाध्याय**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- उनका यह वचन सुनकर दुःखित हृदयवाले वैश्य और राजाने प्रसन्नतापूर्वक विनम्रभावसे मुनिके चरणोंमें प्रणाम किया। भक्तिपरायण चित्तवाले, शान्त स्वभाववाले तथा हर्षके कारण खिले हुए नेत्रोंवाले वे दोनों वाक्य-विशारद राजा और वैश्य जोड़कर कहने लगे।।1-2।।

हे भगवान् ! हम दोनों दुःखी जनोंका आपकी सुक्तिरूपिणी वाणीने उसी शान्त तथा पवित्र कर दिया, जैसे गंगाने राजा भगीरथको कर दिया था।। 3।।

पूर्वजन्मोंके पुण्यके कारण ही महान् दुःखका नाश करनेवाले आपके इस शुभ आश्रममें हम दोनोंका आना हुआ। पृथ्वीपर बहुत-से स्वार्थी मनुष्य होते हैं, परंतु दूसरोंके हित-साधनमें कुशल आप-जैसे कुछ ही लोग कहीं-कहीं मिलते हैं। ये मुनिश्रेष्ठ! मैं दुःखी हूं और ये वैश्य अत्यन्त दुःखी हैं। हम दोनों इस संसारसे पीड़ित हैं। हे विद्वन्! आपके इस आश्रयमें आकर प्रसन्नतापूर्वक आपके दर्शन और उपदेश-श्रवणसे हमारा शारीरिक तथा मानसिक क्लेश दूर हो गया।। 4-8।।

हे ब्रह्मन्! आपकी अमृतमयी वाणीके रससे हम दोनों धन्य और कृतकृत्य हो गये। हे करूणासागर! आपके अपनी कृपासे हम दोनोंको पवित्र कर दिया।। 9।।

हे साधो! हम दोनों थककर इस संसाररूपी महासागरमें डूब रहे हैं-यह जानकर अब आप हम दोनोंका हाथ पकड़िये और मन्त्रदान देकर भवसागरसे पार कर दीजिये।। 10।।

अब अत्यन्त कठोर तपस्या करके हम दोनों सुख प्रदान करनेवाली जगदम्बाका आराधना करके उनका दर्शन प्राप्तकर अपने-अपने घरोंको वापस जायंगे।।11।।

आपके सुखसे देवीका नवाक्षरमन्त्र ग्रहण करके हम दोनों निराहार रहकर व्रत करेंगे और उसे मन्त्रका जप करेंगे।। 12।।

व्यासजी बोले- इस प्रकार उन दोनोंके आग्रह करनेपर मुनिश्रेष्ठ सुमेधाने उन्हें ध्यान-बीजसहित देवीका मंगलकारी नवाक्षरमन्त्र प्रदान किया।।13।।

वे दोनों वैश्य और राजा मुनिसे मन्त्र और उसके ऋषि, छंद, देवताका ज्ञान प्राप्त करके तथा उनसे आज्ञा लेकर नदीके अत्युत्तम तटपर चले गये।।14।।

अत्यन्त कृशकाय वे दोनों एकान्तमें निर्जन स्थानपर आसन लगाकर स्थिरचित होकर बैठ गये।।15।।

उन दोनोंने शान्तचित्त तथा ध्यानपरायण होकर मन्त्रजप और भगवतीके तीनों चरित्रोंका पाठ करते हुए एक मासका समय व्यतीत कर दिया।।16।।

उनके एक मासके व्रतसे ही उनमें भगवती भवानीके चरणकमलमें उत्तम प्रीति उत्पन्न हो गयी और उनका बुद्धि स्थिर हो गयी।।17।।

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## प्राकृतिक जीवों से छेड़-छाड़ न हो

बरसात के मौसम में घरों में सांप निकलने की घटना सामने आती रहती है। सांप निकलने पर हम कहते हैं कि हमारे घर में सांप निकला है। अगर गौर से सोचे तो क्या यह बात सही है? सांपों का का निवास स्थान खेत, जंगल व पहाड़ ही हैं। हमारी बढ़ती आबादी ने उनके प्राकृतिक आवास को छिन लिया है और हमने वहां अपने मकान बना लिए हैं। सच्चाई तो यह है कि हमने उनके घरों में अपना घर बना लिया है। यही बात जंगल के अन्य पशुओं पर लागू होती है। मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे प्रदेशों में तेदुंओं के शहर में आ जाने की बात सामने हमेशा आती रहती है। इन सब का मुख्य कारण है उन पशु-पक्षियों को हमने प्राकृतिक आवास छिन लिया है। इस कारण वे भोजन की तलाश में वे शहरों की तरफ आ रहे हैं। उनके घरों में अपना घर बनाकर कहते हैं कि वह हमारे घरों में आ रहे हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनके प्राकृतिक आवासों से छेड़छाड़ ना करें और उन्हें अपने प्राकृतिक परिवेश में रहने दें और उन्हें तंग नहीं करें। कोई सांप या कोई जंगली पशु छेड़े जाने के कारण ही मनुष्य पर हमला करते हैं। पेट भरा रहने पर बाघ भी किसी पर हमला नहीं करता है।

**■ दिनेश कुमार मेदिनीनगर।**

# तेजी के दौर में संभलकर चलें, ताकी कीमतें ज्यादा न बढ़े

भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 13.5 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो पिछली चार तिमाही में सबसे अधिक है। ऐसे वक्त में, जब कई देश धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं, हमारी यह तरक्की उत्साहवर्द्धक है। एक सच यह भी है कि ऐसे आंकड़ों में अमूमन पिछले साल से तुलना की जाती है, जब अर्थव्यवस्था कोविड की मार से हलकान थी। इसीलिए इसमें काफी तेज वृद्धि नजर आती थी, जबकि कोविड-पूर्व की स्थिति से यह कमजोर रहा करती थी। मगर पिछली दो तिमाही से ऐसा नहीं है। 2019-20 की तिमाही से यदि तुलना करें, तब भी इस बार 3.5-4 फीसदी की दर से हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ी है, जबकि पिछली तिमाही में यह वृद्धि करीब 1.25 प्रतिशत थी। स्पष्ट है, अर्थव्यवस्था अब रफ्तार पकड़ने को तैयार है। अच्छी बात यह भी है कि निजी उपभोग के आंकड़े पहली बार 2019-20 के स्तर से ज्यादा दिखे हैं। इसमें तकरीबन सात फीसदी की दर से वृद्धि हुई है। उपभोग बढ़ने से क्षमता निर्माण बेहतर होता है। इससे पूंजी निर्माण भी बढ़ता है। वर्ष 2019-20 की तुलना में इसमें वृद्धि दिखी भी है। यानी, एक तरह से हमारा पूंजी निवेश बढ़ रहा है। देखा जाए, तो अर्थव्यवस्था के लिए उपभोग और निवेश में वृद्धि काफी महत्वपूर्ण है। इसमें 2021-22 ही नहीं, 2019-20 के तुलना में भी बढ़ोतरी हुई है। कृषि क्षेत्र भी इस तिमाही में करीब 4.5 फीसदी की दर से बढ़ा है, जबकि इसमें गिरावट का अंदेशा था। असल में, अप्रैल-जून के दरम्यान ही भीषण गरमी के कारण गेहूं, टमाटर व अन्य सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हुआ था। मगर नये आंकड़ों ने इस डर को बेमानी बना दिया है। इसी तरह, सेवा क्षेत्र में भी अच्छी वृद्धि हुई है। रेस्तरां, यातायात जैसे क्षेत्रों में तकरीबन 26 फीसदी की दर से वृद्धि हुई है, जबकि विनिर्माण में 17 प्रतिशत की दर से। यह रफ्तार इसलिए कुछ धीमी है, क्योंकि 'कॉन्ट्रैक्ट सर्विस' होने के कारण लोगों को यहां कई तरह की मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। इसी तरह, वित्त, रियल एस्टेट व पेशेवर सर्विस वाले क्षेत्रों में मामूली वृद्धि हुई है। पिछले साल की तुलना में इसमें करीब नौ फीसदी की बढ़ोतरी ही दिखी है, और 2019-20 के स्तर को तो यह अब भी छू नहीं सकी है। तिमाही के आंकड़े यह भी बताते हैं कि देश में कोयले और सीमेंट का उत्पादन बढ़ा है। व्यावसायिक गाड़ियों की खरीदारी में 12 फीसदी, तो निजी गाड़ियों में 51.5 फीसदी की दर से वृद्धि हुई है। मगर एक मुश्किल यह है कि निर्यात की तुलना में आयात तेजी से बढ़ रहा है। आयात में 56 प्रतिशत, तो निर्यात में 29.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना होगा। एक अन्य चीज, जो परेशानी की है, वह है मौजूदा कीमत पर वृद्धि दर 26.7 प्रतिशत है, लेकिन वास्तविक वृद्धि 13.5 फीसदी हुई है, यानी हमारे यहां दाम 13.2 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं। थोक मूल्य सूचकांक में इस वास्तविक वृद्धि से उत्पादन प्रभावित होगा, जिसका नकारात्मक असर उपभोक्ता पर पड़ेगा। आने वाले समय में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक बढ़ सकता है। इसको लेकर अनिश्चितता इसलिए भी है, क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने से खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। चीन में रह-रहकर लग रहे लॉकडाउन और गरमी की वजह से दुनिया भर में जहां-तहां पड़े सूखे ने भी हमारी चिंता बढ़ाई है। फिर, अपने देश में धान की पैदावार के रकबे में कमी आई है। साफ है, खाने-पीने की चीजों के दाम न बढ़े, इसके लिए सरकार को विशेष प्रयास करने होंगे। संभव हो, तो परोक्ष कर को कम करना चाहिए। खासतौर से जीएसटी दरों में की गई वृद्धि को तार्किक बनाया जाना चाहिए, ताकि अनिवार्य चीजों के दाम कम तेजी से बढ़े। असंगठित क्षेत्र को भी सरकार विशेष समर्थन दे, क्योंकि संगठित क्षेत्र में तेजी असंगठित क्षेत्र को नुकसान पहुंचाती है, जबकि बड़ी आबादी असंगठित क्षेत्र में ही अपने लिए काम-काज ढूंढ़ती है। इस क्षेत्र को समर्थन मिला, तो बाजार में मांग पैदा होगी, जिसका अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ेगा। अच्छी बात है कि सरकार ने सार्वजनिक खर्च बढ़ाये हैं, पर आने वाला समय अनिश्चितता का है, इसलिए फूंक-फूंककर कदम रखने की जरूरत है, ताकि महंगाई न बढ़े।**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ अरुण कुमार,अर्थशास्त्री**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन में कैसे शुरू करें कॅरियर

सर्च इंजन ने एक व्यापक सूचकांक बनाया है जो सर्च क्वेरी के लिए प्रासंगिकता के क्रम में क्रमबद्ध है। इस प्रकार जब उपयोगकर्ता एक खोज क्वेरी में प्रवेश करता है तो सर्च इंजन जल्दी से अपने सूचकांक के माध्यम से चलता है और तुरंत परिणाम देता है। डिजिटल क्रांति ने व्यापार की दुनिया को काफी बदल दिया है, विशेष रूप से डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में और एसईओ में करियर के रूप में नए अवसर खोले हैं। मार्केटिंग के भीतर पूरे नए टूलकिट सामने आए हैं, जो कुछ दशक पहले अकल्पनीय था। एसईओ आज मार्केटिंग के उन महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है जिसने पिछले एक दशक में एसईओ नौकरी के अवसरों की संख्या में काफी इजाफा किया है। सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन या एसईओ एक ऐसी अवधारणा है जो दो दशकों से भी कम समय से अस्तित्व में आयी है लेकिन नौकरियों की एक बड़ी तादात को पैदा किया है, जिसमें लगभग हर उद्योग में पुरुषों और महिलाओं ने अपना कॅरियर बनाया है। एसईओ एक ऐसा पेशेवर व्यक्ति होता है जो सर्च इंजन परिणामों के पीछे एल्गोरिदम को सीखने और उसमें महारत हासिल करने में माहिर होता है ताकि वे अपने ग्राहकों और कंपनियों को सर्च करने में मदद कर सकें। आजकल एसईओ पेशेवर उच्च मांग में हैं। एसईओ विशेषज्ञों को डिजिटल और सामग्री विपणन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में वेब डेवलपर्स द्वारा सामग्री विपणक के रूप में और कई अन्य भूमिकाओं में काम पर रखा जाता है, केवल इसलिए कि डिजिटल अभियानों को सफल बनाने के लिए कंपनियों को वेब ट्रैफि क की आवश्यकता होती है।

## एक एसईओ क्या करता है?

जैसे-जैसे अधिक से अधिक व्यवसाय ऑनलाइन होते जा रहे हैं वे प्रतिदिन और भी अधिक सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं और अपने ब्लॉग या लेख के जरिये स्टैंड करना और दृश्यता हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है, खासकर यदि आप इस क्षेत्र में नये हैं। सही विजिबिलिटी के बिना व्यवसायों के लिए अपने लक्षित दर्शकों तक पहुंचना, अपनी ब्रांड की उपस्थिति बनाना और अपनी वेबसाइट के माध्यम से विश्वास पैदा कर-के और एक मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश करके संभावनाओं को आकर्षित करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए एसईओ में करियर आपको ऑर्गेनिक तरीकों के माध्यम से सर्च इंजन पर ब्रांड विजिबिलिटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की मांग करेगा।

## एसईओ कैसे काम करता है?

एसईओ कॅरियर के अवसरों के साथ आप मुख्य रूप से दो मूल सिद्धांतों के साथ काम करेंगे- अत्यधिक प्रासंगिक कीवर्ड-रिच कंटेंट विकसित करना और वेबसाइट और वेब पेजों के लिए गुणवत्ता वाले बैकलिंक बनाना। सर्च इंजन ने एक व्यापक सूचकांक बनाया है जो सर्च क्वेरी के लिए प्रासंगिकता के क्रम में क्रमबद्ध है। इस प्रकार जब उपयोगकर्ता एक खोज क्वेरी में प्रवेश करता है तो सर्च इंजन जल्दी से अपने सूचकांक के माध्यम से चलता है और तुरंत परिणाम देता है। प्रत्येक कीवर्ड के लिए खोजकर्ता सर्च इंजन में इनपुट करता है।

इंडेक्सेशन के लिए ये सर्च इंजन क्रॉलर पर भरोसा करते हैं और इसलिए ऐसा नाम दिया गया है क्योंकि



एक स्पाइडर की तरह वे पूरी वेब डायरेक्टरी को क्रॉल करते हैं। उदाहरण के तौर पर गूगल बॉट्स जोड़े जाने वाली किसी भी नई सामग्री के लिए संपूर्ण वेब निर्देशिका को क्रॉल करता है।

बैकलिंक्स गूगल बॉट्स को आपकी सामग्री को शीघ्रता से खोजने में मदद करते हैं क्योंकि वे अधिक आधिकारिक साइटों पर अधिक बार क्रॉल करते हैं। साथ ही अच्छे ऑर्गेनिक बैकलिंक्स आपकी वेबसाइट के लिए विश्वास और प्रासंगिकता का एक मीट्रिक है जो उपस्थिति और रैंक को बढ़ाने में मदद करता है। इसलिए एक प्रासंगिक आधिकारिक साइट से बैकलिंक्स प्राप्त करना रएड कॅरियर के अवसरों के आवश्यक पहलू होते हैं। इसके साथ ही केवल कुछ डोमेन के बजाय कई डोमेन से बैकलिंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। गुणवत्ता वाले बैकलिंक आपकी रैंकिंग को त्वरित अवधि में बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे सकते हैं और इन सभी विभिन्न आधिकारिक वेबसाइटों से बड़ी मात्रा में रेफरल ट्रैफि क भी प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा एक गुणवत्तापूर्ण सामग्री बनाने और उच्च-गुणवत्ता वाले बैकलिंक्स प्राप्त करने के लिए आपकी गतिविधियाँ भी समय लेने वाली और एक श्रमसाध्य कार्य हो सकती हैं। इसलिए आपको एक उचित योजना के साथ काम करने और धैर्य रखने की आवश्यकता होगी।

## किस तरह के कौशल की जरूरत होती है?

एसईओ अधिक से अधिक जटिल होता जा रहा है क्योंकि सर्च इंजन एल्गोरिदम पर्याप्त रूप से उन्नत होते जा रहे हैं। इसलिए, एसईओ में कॅरियर आज कई कौशलों में महारत हासिल करने की मांग करता है।

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण आपको बाजार के रुझानों के साथ बने रहने के लिए एक डायनामिक लर्नर होने की आवश्यकता होती है। सर्च इंजन एक वर्ष के भीतर कई अपडेट लाते हैं और इस बात पर नजर रखना कि वे आपके व्यवसाय को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, महत्वपूर्ण होने जा रहा है क्योंकि विभिन्न अपडेट आते रहते हैं।

इसके बाद आपको मुख्य एसईओ कौशल में अपने लिए एक मजबूत नींव बनाने की जरूरत होती है। आपको डिजिटल मार्केटिंग के नट और बोल्ट को समझने और व्यावसायिक कौशल विकसित करना शुरू करने की आवश्यकता होती है। आपको नजर रखने और विश्लेषण करने की आवश्यकता है कि प्रतियोगी कैसे आगे बढ़ रहे हैं और इस पर शोध फिर से पूरी तरह से सुनिश्चित होने वाला है।

इसके आलावा आपको वेब फंडामेंटल, डेटाबेस तकनीकों और विशेष रूप से फ्रंट एंड, वेबसाइट प्रबंधन के फाइल प्रबंधन पहलुओं की एक ठोस समझ होनी चाहिए।

विश्लेषणात्मक कौशल अत्यधिक मूल्यवान होने जा रहे हैं। एसईओ में कॅरियर के लिए आपको अपने प्रयासों के प्रभाव और परिणाम को मापने के लिए गूगल विश्लेषिकी और गूगल सर्च कंसोल के साथ समझने और काम करने की आवश्यकता होती है। आप विविध स्त्रोतों से प्रतिदिन आने वाली ढेर सारी सूचनाओं के साथ काम कर रहे होंगे। इसलिए आपको न केवल इसका अर्थ निकालने के लिए विश्लेषणात्मक कौशल की आवश्यकता होगी, बल्कि जानकारी को प्राथमिकता भी देनी होगी।

एसईओ में कॅरियर के लिए आपको व्यावसायिक परिदृश्य को समझने और गहन प्रतिस्पर्धा विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी। बैकलिंक प्रोफाइल को समझने के लिए एक टैब रखें कि वे क्या बना रहे हैं, वे किस प्रकार की सामग्री पोस्ट कर रहे हैं और वे कौन सी प्रेस विज्ञप्ति कर रहे हैं।

## आप कैसे शुरूआत कर सकते हैं?

पहले सर्च इंजन विजिबिलिटी और रैंकिंग के लिए वेबसाइट सेट करना वेबसाइट डेवलपर्स और एडमिन का डोमेन हुआ करता था। लेकिन एक अलग डोमेन और स्वतंत्र अभ्यास के रूप में एसईओ के उदय के साथ अब यह बदल गया है। यदि आप मार्केटिंग, ब्लॉगिंग, एनालिटिक्स के बारे में सीरियस हैं तो यह आपके लिए शुरूआत करने के लिए यह सही क्षेत्र है। इस अभ्यास में उत्कृष्ट विकास क्षमता है। जैसे-जैसे आप अधिक कौशल प्राप्त करते रहेंगे और अपने व्यवसाय और संचार कौशल का निर्माण करते रहेंगे, आप समय के साथ अपने आप से एक डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधक बनने की उम्मीद कर सकते हैं। एसईओ में कॅरियर फ्रीलांसिंग स्पेस में कई अवसर भी खोलता है।

यदि आप विज्ञान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं तो भी एसईओ कॅरियर के अवसरों में प्रवेश पाना असंभव नहीं होगा। कुछ तकनीकी अवधारणाएँ होंगी जिनमें आपको महारत हासिल करने की आवश्यकता होगी, लेकिन जब आप कोशिश करना शुरू करेंगे तो यह अंततः आपके पास आ जाएगी।

**- जे. पी. शुक्ला**

# तटीय स्वच्छता अभियान को धार देने के लिए शुरू की गई नई वेबसाइट

डा. जितेन्द्र सिंह ने दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान में अग्रणी भूमिका निभायी है, और पूरे देश को भारत की 7500 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा को मानव जाति के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अब तक का सबसे लंबा समुद्र तटीय स्वच्छता अभियान 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' चलाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर 05 जुलाई से शुरू हुए इस 75 दिवसीय अभियान का औपचारिक समापन 17 सितंबर, 2022 को 'अंतरराष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस' के मौके पर होगा। लोगों को सागर की स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने और इस अभियान में जन-भागीदारी बढ़ाने के




लिए देशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों, छात्रों और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग अखिल भारतीय तटीय अभियान में हिस्सा ले रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 17 सितंबर को समाप्त होने वाले 75 दिवसीय अभियान को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री, डॉ जितेन्द्र सिंह द्वारा यह जानकारी प्रदान की गई है। 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान को और तेज करने के लिए एक समर्पित वेबसाइट www.swachhsagar.org लॉन्च की गई है। केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने इस वेबसाइट का अनावरण किया है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा हाल में जारी एक वक्तव्य में यह जानकारी प्रदान की गई है। डॉ सिंह ने इस मौके पर 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' अभियान का लोगो - 'वासुकी' भी लॉन्च किया है जो समुद्र तटों की सफाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे युवाओं और छात्रों को समर्पित है। डॉ सिंह ने यह भी जानकारी दी कि 05 जुलाई, 2022 को शुरू किए गए 75-दिवसीय तटीय सफाई अभियान के पहले 20 दिनों के दौरान 200 टन से अधिक कचरा, मुख्य रूप से एकल उपयोग प्लास्टिक, समुद्र तटों से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 24 राज्यों के 52,000 से अधिक वलंटियर्स ने 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस अभियान के लिए पंजीकरण कराया है।

डॉ जितेन्द्र सिंह ने दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान में अग्रणी भूमिका निभायी है, और पूरे देश को भारत की 7500 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा को मानव जाति के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधिकारियों को गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समूहों, बच्चों और युवा मंचों, कंपनियों, गैर-लाभकारी संगठनों, कांसुलर स्टाफ के साथ-साथ तटीय राज्यों के नगर निगमों से इसे जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया है।

डॉ सिंह ने कहा कि यह अभियान 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण के मॉडल पर आधारित है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अक्सर बल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अतिरिक्त; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; जल शक्ति मंत्रालय; स्वास्थ्य और परिवार कल्याण; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय; विदेश मंत्रालय; तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालय इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई मंत्रियों और सांसदों ने विश्व में अपनी तरह के पहले और सबसे लंबे समय तक चलने वाले तटीय सफाई अभियान को पूरा समर्थन देने का वादा किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, पुदुचेरी के उपराज्यपाल डॉ तमिलसाई सुंदरराजन, और पुदुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी जैसे नेताओं का उदाहरण देते हुए डॉ जितेंद्र सिंह ने बताया कि इन नेताओं ने समुद्र तट की सफाई और जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया है। डॉ जितेन्द्र सिंह ने 17 सितंबर 2022 को 'अंतररष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस' पर भारत के समुद्र तटों से 1,500 टन कचरा, मुख्य रूप से एकल उपयोग प्लास्टिक को हटाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नागरिकों के सक्रिय सहयोग के लिए आह्वान किया है। उन्होंने समुद्र तट के प्रत्येक किलोमीटर की दूरी पर 75 स्वयंसेवकों के साथ 17 सितंबर को देशभर के 75 समुद्र तटों पर स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की। डॉ सिंह यह भी कहा कि इस वर्ष का आयोजन देश की आजादी के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के अनुरूप है। 17 सितंबर को संयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है, जिसे देश में 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

# विज्ञान संचार पाठ्यक्रम को सशक्त बनाने की जरूरत

पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं इग्नू के संचार विभाग के संस्थापक अध्यक्ष और इस विज्ञान फिल्म महोत्सव के नॉमिनेशन ज्यूरी सदस्य प्रोफेसर शंभूनाथ सिंह ने कहा कि कानून और पर्यावरण अध्ययन जैसे पाठ्यक्रमों की तरह विज्ञान संचार पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट सिस्टम होना चाहिए। भोपाल में चल रहे 12वें राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव (एनएसएफएफआई)-2022 में संचार विशेषज्ञों ने विज्ञान संचार पाठ्यक्रम को नये सिरे से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन 'साइंस कम्युनिकेशन इन मीडिया स्टडीज ऐंड मीडिया स्टडीज दैट कैन नॉट बी इग्नोर्ड' विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में देश के चर्चित मीडिया एजुकेटर्स, साइंटिस्ट, विज्ञान संचारकों ने एक सुर में यह बात कही है। भोपाल के रवींद्र भवन में 22 अगस्त को शुरू हुआ यह पाँच दिवसीय महोत्सव 26 अगस्त चलेगा।

पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं इग्नू के संचार विभाग के संस्थापक अध्यक्ष और इस विज्ञान फिल्म महोत्सव के नॉमिनेशन ज्यूरी सदस्य प्रोफेसर शंभूनाथ सिंह ने कहा कि कानून और पर्यावरण अध्ययन जैसे पाठ्यक्रमों की तरह विज्ञान संचार पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट सिस्टम होना चाहिए। छात्रों को विज्ञान संचार से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के साथ डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने को भी प्रोफेसर सिंह ने जरूरी बताया है।

प्रोफेसर शूंभनाथ सिंह ने कहा कि विज्ञान संचार पर पाठ्यक्रम चलाना मुश्किल है, और इसे लगातार चलायमान रखना और भी कठिन है। विज्ञान संचार के बारे में ज्यादा से ज्यादा बातचीत और लोगों को सेंसेटाइज करने से इस मामले में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति के आलोक में विज्ञान जनसंचार को सर्टिफिकेट या डिप्लोमा पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग बनाने के लिए 'भोपाल रेज्योलेशन या डिक्लेरेशन' तैयार करके भेजा जाना चाहिए। जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड मास कम्युनिकेशन (जिम्सी), कानपुर के निदेशक डॉ उपेंद्र पांडेय ने कहा कि विज्ञान संबंधी समाचार मीडिया में कम होने का एक प्रमुख कारण संवाददाताओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी है। विज्ञान को अपराध या स्वास्थ्य संबंधी समाचारों का प्राणतत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि इतिहास और राजनीतिक खबरों में भी वैज्ञानिक एंगल हो सकता है। डॉ पांडेय ने कहा कि विज्ञान की खबरें भी



रोचक अंदाज में लिखी जा सकती हैं। खबरें रोचक होंगी तो पढ़ी जाएंगी, और जब पाठक पढ़ेगा, तो मीडिया हाउस को समाचार देना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मीडिया अध्ययन संस्थानों को भी विज्ञान रिपोर्टिंग से संबंधित कोर्स शुरू करने चाहिए। जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड मास कम्युनिकेशन और चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के बीच कृषि पत्रकारिता एवं विज्ञान संचार विषयक पाठ्यक्रम के लिए हाल में ही एक करार हुआ है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पत्रकारिता विभाग की अध्यक्ष डॉ राखी तिवारी ने कहा कि सांस्कृतिक समूहों की तर्ज पर विज्ञान से जुड़े समूह बनाए जाएं तो विज्ञान संचार से लोगों को जोड़ने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि 'घर-घर विज्ञान' और 'हर घर विज्ञान' की चेतना का भी हमें प्रण लेना होगा।

संचार अध्ययन और संचार माध्यमों में विज्ञान विषय पर बोलते हुए विज्ञान प्रसार के वरिष्ठ वैज्ञानिक निमिष कपूर ने कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार शिक्षण तथा प्रशिक्षण में विज्ञान का स्थान और महत्ता सुनिश्चित करना समय की मांग है। वहीं, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ अनिल कोठारी ने सुझाव दिया कि विज्ञान संचार विषय के मॉड्यूल के लिए विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर एक रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए।

जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन एवं न्यू मीडिया विभाग के प्रमुख बच्चा बाबू ने कहा कि समकालीन मीडिया में विज्ञान संचार की कमी देखी जा रही है, और छात्रों में भी विज्ञान के प्रति रुचि कम ही दिखाई देती है। उनका रुझान राजनीति और अन्य विषयों की ओर ज्यादा है। विज्ञान प्रसार में कंसलटेंट डॉ बी.के. त्यागी ने कहा कि विज्ञान संचार पाठ्यक्रमों को लेकर प्रायः चर्चा होती रहती है। मीडिया कोर्स में विज्ञान संचार को सम्मिलित भी किया गया था, साथ ही विश्वविद्यालयों में यह विषय शुरू भी किया गया, लेकिन कभी छात्रों की कमी, तो कभी अध्यापकों की कमी की वजह से सफलतापूर्वक इसका संचालन नहीं हो सका। इंडियन साइंस राइटर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और विज्ञान संचारक तारिक बदर ने कहा कि विज्ञान संचार विषय के लिए समन्वित प्रयास करना होगा। पैनल चर्चा के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के रामलाल आनंद कॉलेज के साइंस कम्युनिकेशन कोर्स की सह-संयोजक श्वेता आर्य सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी विज्ञान संचार में मीडिया-हाउसों की भूमिका पर अपने विचार रखे। भारत का राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव देश का एकमात्र विज्ञान फिल्मोत्सव है, जिसे विज्ञान प्रसार द्वारा वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष देश के विभिन्न भागों में आयोजित किया जा रहा है। विज्ञान संचार विशेषज्ञों की पैनल चर्चा इस आयोजन का एक अभिन्न हिस्सा है।

# शोधकर्ताओं ने विकसित की हाइड्रोजन व हवा से चलने वाली स्वदेशी बस

डा. सिंह ने कहा कि लंबी दूरी के मार्गों पर चलने वाली एक डीजल बस आमतौर पर सालाना 100 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करती है, और भारत में ऐसी दस लाख से अधिक बसें हैं। हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग इस तरह के वाहनों से होने वाले प्रदूषण का बोझ कम करने में मददगार हो सकता है। भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात की दृष्टि से वैश्विक हब बनाने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन' शुरू किया गया है। हाइड्रोजन चालित वाहनों का निर्माण भी इस पहल का हिस्सा है। इस दिशा में कार्य करते हुए भारतीय शोधकर्ताओं को स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल बस विकसित करने में सफलता मिली है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने पुणे में रविवार को इस हाइड्रोजन ईंधन सेल बस का अनावरण किया है। विद्युत उत्पन्न करने के लिए ईंधन सेल हाइड्रोजन और हवा का उपयोग करता है। इससे केवल पानी का उत्सर्जन होता है। इसीलिए, हाइड्रोजन ईंधन



को परिवहन का पर्यावरण अनुकूल साधन माना जा रहा है। यह हाइड्रोजन ईंधन सेल बस केपीआईटी और सीएसआईआर के शोधकताओं द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई है। डॉ सिंह ने कहा कि लंबी दूरी के मार्गों पर चलने वाली एक डीजल बस आमतौर पर सालाना 100 टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करती है, और भारत में ऐसी दस लाख से अधिक बसें हैं। हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग इस तरह के वाहनों से होने वाले प्रदूषण का बोझ कम करने में मददगार हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर और सुलभ स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने एवं नये उद्यमियों तथा नौकरियों के सृजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाइड्रोजन से जुड़ा दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन उत्कृष्ट स्वच्छ ऊर्जा वेक्टर है, जो रिफाइनिंग, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट उद्योगों सहित भारी वाणिज्यिक परिवहन क्षेत्र से होने वाला उत्सर्जन के डीकाबोर्नाइजेशन को सक्षम बनाता है। उन्होंने केपीआईटी और सीएसआईआर-एनसीएल के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का प्रौद्योगिकी कौशल दुनिया में सर्वश्रेष्ठ और किफायती है। डॉ जितेंद्र सिंह ने बताया कि डीजल से चलने वाले भारी वाणिज्यिक वाहनों से लगभग 12-14 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन और कण उत्सर्जन होता है। ये विकेंद्रीकृत उत्सर्जन हैं, और इसलिए इसे कैप्चर कर पाना कठिन है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन से चलने वाले वाहन इस क्षेत्र से सड़क पर होने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रभावी अवसर प्रदान कर सकते हैं। डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करके, भारत जीवाश्म ऊर्जा के शुद्ध आयातक से स्वच्छ हाइड्रोजन ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन सकता है, और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के साथ संबंधित उपकरणों का बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : मेष राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में मर्यादित शिष्ट आचरण में सफलता दिलाने में सहायक होगा। अधिकृत रूप से अपने सहयोगियों की गलतियों को समझकर उनका निवारण करने का प्रयास करेंगे।

**वृष राशि** : वृष राशि के जातकों के कार्य क्षेत्र में कुछ वरिष्ठ सदस्य का दखल परेशानी खड़ी कर सकता है। आपके प्रयासों के व्यर्थ जाने से और इच्छा के अनुरूप परिणाम ना मिलने से निराशा की भावना रहेगी।

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि के जातक आज अपने प्रयासों से सफलता पाने में कामयाब रहेंगे। उनके काम के प्रति समर्पण तथा कठोर परिश्रम को लोगों के द्वारा सराहा जाएगा।

**कर्क राशि** : कर्क राशि के जातकों को कुटुंबजनों का सहयोग कामकाज में मिलेगा। पारिवारिक संस्कारों का उपयोग करते हुए कार्यक्षेत्र को विस्तार देने में कामयाब रहेंगे।

**सिंह राशि** : सिंह राशि के जातकों का स्वाभिमान उन्हें दूसरों से मदद लेने से रोकेगा। स्वयं के प्रयास के द्वारा सफलता पाने की संभावना भी बहुत अच्छी है।

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जातक जो विदेश में बसना चाहते हैं या जिनका कामकाज विदेश से संबंधित है उनके लिए बहुत अच्छा दिन है।

**तुला राशि** : तुला राशि के जातकों को मित्र या बड़े भाई के सहयोग से नए अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक रिश्ते मजबूत होंगे। जिस से बड़ी मात्रा में धन लाभ की संभावना बन जाती है।

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों के लिए मान-सम्मान की बढ़ोतरी कराने वाला दिन है। कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहेगा। अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रहेंगे।

**धनु राशि** : धनु राशि के जातकों के लिए भाग्यशाली दिन है। लंबे समय से चले आ रहे अवरोध दूर होंगे। परिस्थितियों के सही आंकलन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे।

**मकर राशि** : मकर राशि के जातक यह जानते हुए भी कि कुछ भी गलत नहीं होने वाला है फिर भी डर और नकारात्मक विचारों से ग्रस्त रहेंगे। रिसर्च फील्ड से जुड़े हुए जातकों के लिए अच्छा समय है।

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातकों को अपने जीवन साथी के साथ खटपट होने की वजह से कार्यक्षेत्र में भी तनाव का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार करने वाले लोगों का प्रगति का योग बनता है।

**मीन राशि** : मीन राशि के जातकों की व्यवसायिक जिंदगी के लिए बहुत अच्छा समय है। ना केवल काम के पूरा होने की खुशी रहेगी बल्कि अपने उच्च अधिकारियों तथा अधीनस्थ कर्मचारियों से आपके संबंध अच्छे बनेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### लिज ट्रस के जीतते ही बदलाव शुरू, ऋषि सुनक ने किया समर्थन



**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों ने बोरिस जॉनसन की जगह लिज ट्रस को नये प्रधानमंत्री के रूप में चुना है। लिज ट्रस और भारतीय मूल के ऋषि सुनक के बीच कांटे की टक्कर थी। सोमवार को आए परिणामों में लिज ट्रस को लगभग 57 फीसदी मत मिले। वहीं, ऋषि सुनक ने 43 फीसदी वोट प्राप्त किए। लिज ट्रस को सर्वे में जितनी बड़ी बढ़त बताई जा रही थी असल बैलट में उतना बड़ा फासला नहीं दिखा। देश की नई पीएम बनने के बाद अब लिज ट्रस के सामने कई चुनौतियां हैं। सबसे बड़ी चुनौती देश की खराब अर्थव्यवस्था से निपटना और लोगों पर टैक्स के बोझ को कम करना है। लिज ट्रस (47) ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं। ट्रस अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत से ही टैक्स कटौती का वादा करती रही हैं। इसके अलावा हर बहस में वह पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक को खराब अर्थव्यवस्था के लिए जिम्मेदार ठहराती रही हैं। ऋषि सुनक ने हालांकि लिज ट्रस की टैक्स कटौती के जरिए अर्थव्यवस्था को सुधारने से जुड़े वादे को पूरी तरह नकारा है। लेकिन फिर भी ब्रिटेन में कई लोग लिज ट्रस को आयरन लेडी मान रहे हैं।

### पाकिस्तान की अकारण गोलीबारी की बीएसएफ ने दिया करारा जवाब

**जम्मू (एजेंसी)।** पाकिस्तानी रेंजर्स ने लगभग एक वर्ष के संघर्षविराम समझौते के बाद मंगलवार को जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक गश्ती दल पर बिना उकसावे के गोलीबारी की जिसका भारतीय पक्ष ने माकूल जवाब दिया। यह गोलीबारी तब की गयी जब भारतीय जवान बाड़ लगाने का काम कर रहे थे। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बीएसएफ के प्रवक्ता (जम्मू फ्रंटियर) ने कहा कि मंगलवार को अरनिया सेक्टर में पाकिस्तानी रेंजर्स की अकारण गोलीबारी का बीएसएफ (जम्मू) ने मुंहतोड़ जवाब दिया। सतर्क जवानों ने सुबह अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के गश्ती दल पर पाकिस्तानी रेंजर्स की ओर से बिना किसी उकसावे की गयी गोलीबार की करारा जवाब दिया। बीएसएफ के जवानों के हताहत होने या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# भारत-बांग्लादेश में कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर

**मोदी संग हसीना की बैठक** ○ बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारत के योगदान को कभी नहीं भूलेंगे : हसीना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस दौरान भारत और बांग्लादेश के बीच कई अहम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। बैठक के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के साथ एक संयुक्त बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा विकास भागीदार है और इस क्षेत्र में हमारा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। लोगों के बीच सहयोग में निरंतर सुधार हो रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि आज कुशियारा नदी से जल बंटवारे पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गये हैं। इससे भारत में दक्षिणी असम और बांग्लादेश में सिलहट क्षेत्र को लाभ होगा। ऐसी 54 नदियां हैं जो भारत-बांग्लादेश सीमा से गुजरती हैं और सदियों से दोनों देशों के लोगों की आजीविका से जुड़ी रही हैं।

## भारत और बांग्लादेश के आपसी विश्वास पर हमला करने वाली ताकतों का मिलकर मुकाबला करना होगा : मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश को मिलकर उन आतंकवादी तथा चरमपंथी ताकतों का सामना करना होगा जो दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास पर हमला कर सकती हैं। मोदी ने भारत यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह बात कही। हसीना ने इस दौरान तीस्ता जल बंटवारे को लेकर जल्द समाधान पर पहुंचने की पुरजोर वकालत की। मोदी ने कहा कि आज हमने आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ सहयोग पर भी जोर दिया। 1971 की भावना को जीवित रखने के लिए बहुत जरूरी है कि हम ऐसी ताकतों का मिलकर सामना करें जो हमारे आपसी विश्वास पर हमला करती हों। भारत और बांग्लादेश ने मोदी और हसीना की वार्ता के बाद सात समझौतों पर हस्ताक्षर किये जिनमें एक कुशियारा नदी के जल बंटवारे से संबंधित भी है जो दक्षिणी असम के क्षेत्रों और बांग्लादेश के सिलहट इलाके को लाभान्वित कर सकता है। मोदी ने कहा कि भारत और बांग्लादेश की सीमाओं से 54 नदियां गुजरती हैं और ये सदियों से दोनों देशों के लोगों की आजीविका से जुड़ी हैं। हसीना ने यहां हैदराबाद हाउस में संयुक्त मीडिया वार्ता में कहा कि दोनों देशों ने मित्रता और सहयोग की भावना से अनेक मुद्दों का समाधान किया है। हमें आशा है कि तीस्ता जल बंटवारा समझौते समेत सभी लंबित मुद्दों को जल्द निपटा लिया जायेगा।

**शराब घोटाले में ईडी की कार्रवाई**

# देश के 30 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार के शराब घोटाला मामले में सीबीआई के बाद अब ईडी की भी एंट्री हो गई है। ईडी के अधिकारियों ने दिल्ली-एनसीआर समेत देश के छह राज्यों के 30 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद समेत कई शहरों में शराब कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। दिल्ली सरकार द्वारा बीते दिनों लाई गई आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर केन्द्रीय एजेंसियां जांच में जुटी हैं। इसकी जांच में सीबीईआई के बाद प्रवर्तन निदेशालय भी शामिल हो गया है।

मिली जानकारी के ईडी की टीम दिल्ली स्थित जोरबाग में भी पहुंची। ईडी ने यहां इंडो स्प्रिट्स के एमडी समीर महेंद्रू के यहां छापा मारा है। उन्होंने एक करोड़ रुपए मेसर्स राधा इंडस्ट्रीज के राजेन्द्र प्लेस स्थित यूको बैंक के एकांउन्ट में ट्रांसफर किए थे। ईडी अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल मनीष सिसोदिया के आवास पर छापेमारी नहीं हो रही है। अब तक की जानकारी के मुताबिक मूल रूप से आज की ईडी की कारवाई उन्हीं प्राइवेट व्यक्तियों के खिलाफ हो रही है, जिनका नाम सीबीआई की प्राथमिकी में दर्ज है।

बता दें कि आबकारी नीति में घोटाले को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने 17 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। 30 से ज्यादा लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद सीबीआई ने अपने एफआईआर में आबकारी विभाग के मंत्री मनीष सिसोदिया को सबसे पहला और मुख्य आरोपी बनाया गया था। इस केस में कई अज्ञात आरोपियों, कंपनियों समेत कुल 16 लोगों को आरोपी बनाया गया था। सीबीआई द्वारा दर्ज इसी मामले को टेकओवर करके ईडी इसमें मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच कर रही है।

**असम में 'जिहादियों' के खिलाफ फूटा पब्लिक का गुस्सा**

# भीड़ ने मदरसे को ढहाया, आतंक की चौथी पाठशाला जमींदोज

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में मदरसों की आड़ में चल रही जिहादी घटनाओं के खिलाफ अब स्थानीय लोगों का भी गुस्सा फूटने लगा है। यहां के ग्वालपारा जिले में एक मदरसे और उससे सटे एक रेसीडेंसियल कैम्पस को जिहादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किये जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने मंगलवार को कथित तौर पर ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि मटिया पुलिस थाने के अंतर्गत पखिउरा चार में स्थित मदरसे और उससे सटे आवास का कथित तौर पर दो बांग्लादेशी नागरिकों के जिहादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाने की खबर थी। हालांकि ये फरार हैं। इस मदरसे के एक मौलवी जलालुद्दीन शेख की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्र विरोधी गतिविधि के लिए मदरसा कैम्पस के इस्तेमाल का खुलासा हुआ था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शेख ने कथित तौर पर फरार जिहादियों को दरोगर अलगा पखिउरा चार मदरसा के शिक्षकों के रूप में नियुक्त किया था। शेख को हाल ही में उनके साथ कथित संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। पूर्वोत्तर राज्य में ध्वस्त होनेवाला यह चौथा मदरसा है।

**स्थानीय लोगों ने ही ढहा दिया मदरसा :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने जिहादी गतिविधियों के प्रति तीखी नाराजगी जताते हुए खुद ही मदरसा और उससे सटे आवास को गिरा दिया। पुलिस के अनुसार, फरार अमीनुल इस्लाम उर्फ उस्मान उर्फ मेहदी हसन और जहांगीर अलोम आतंकी संगठन अल-कायदा भारतीय उपमहाद्वीप और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के एक्टिव मेंबर हैं। अधिकारी ने कहा कि दोनों ने 2020-22 के बीच अलग-अलग समय पर मदरसे में पढ़ाया था। इस साल अगस्त से मोरीगांव, बारपेटा और बोंगाईगांव जिलों में तीन अन्य मदरसों को ऐसी ही मामलों में धराशायी कर दिया गया था।



### पिछले महीने गिराये गये थे तीन मदरसे

**मस्जिदों** और मदरसों से कथित तौर पर संचालित जिहादी आतंकवादी गतिविधियों पर असम सरकार शिकंजा कसती जा रही है। अगस्त में सरकार ने तीन मदरसों पर बुलडोजर चलवा दिया था। असम प्रशासन और पुलिस ने बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अल-कायदा भारतीय उपमहाद्वीप और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम से जुड़े मौलवियों द्वारा संचालित और प्रबंधित कई मदरसों को ध्वस्त किया है। इन मदरसे के शिक्षकों पर आतंकी कनेक्शन का आरोप है। पुलिस ने करीब 37 लोगों को अरेस्ट किया है।

# पूर्व पाक पीएम इमरान खान के बयान पर सेना आगबबूला

**पाकिस्तान में विस्फोटक हो रहे सियासी हालात, राष्ट्रपति ने भी छोड़ा खान का साथ**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई नेता इमरान खान की बढ़ती हताशा से सियासी हालात विस्फोटक होते जा रहे हैं। इमरान खान ने नवाज शरीफ और आसिफ अली जरदारी पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि ये दोनों ही सेना प्रमुख के रूप में अपनी पसंद के व्यक्ति को लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जरदारी और शरीफ ने जनता का पैसा चुराया है। इनको डर है कि देशभक्त सेना प्रमुख आएगा तो उनसे उनकी लूट के बारे में पूछेगा। इमरान के इस बयान के बाद सेना आगबबूला हो गई है और उसने सार्वजनिक रूप से पीटीआई नेता के बयान को अपमानजनक बताया और कड़ी आलोचना की है।



पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह इस आरोप पर 'हैरान' हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इमरान खान की ओर से सेना प्रमुख को बदनाम करने और उन्हें कमजोर करने का प्रयास किया गया है। वह भी तब भी जब सेना पाकिस्तानी लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान दे रही है। उसने कहा कि इमरान का बयान अफसोसजनक है। इस बीच इमरान के बयान पर पाकिस्तान में सियासत बहुत गरम हो गई है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति और इमरान खान के बहुत करीबी आरिफ अल्वी ने भी पीटीआई नेता के बयान से किनारा कर लिया है।

### सेना अपनी जान देने के लिए तैयार : अल्वी

**पाकिस्तानी** राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा कि इमरान खान को सेना को लेकर दिए अपने बयान पर सफाई देनी चाहिए। आरिफ अल्वी इमरान खान की पार्टी के सदस्य हैं। अल्वी ने कहा कि सेना देशभक्त है और अपनी जान देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तानी सेना प्रमुख और पूरी आर्मी की देशभक्ति पर संदेह नहीं किया जा सकता है।' इस बीच इमरान खान के इस हताशा में दिए गए बयान ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सत्तारूढ़ गठबंधन को मौका दे दिया है। शहबाज शरीफ ने इमरान खान के बयान को 'जहरीला' बताया है।

## चीन में शक्तिशाली भूकंप आने से 65 से अधिक लोगों की मौत

**बीजिंग (एजेंसी)।** दक्षिण-पश्चिम चीन में आए शक्तिशाली भूकंप और भूस्खलन की घटनाओं में मरनेवालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चीन के दक्षिण पश्चिमी सिचुआन प्रांत की लुडिंग काउंटी में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद से 16 अन्य लोग लापता हैं। भूकंप से चेंगदू की प्रांतीय राजधानी में इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रांतीय राजधानी के दो करोड़ से ज्यादा लोग पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण के चलते पाबंदियों में रह रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार भूकंप से गार्जे तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र के मोक्शी शहर में इमारतें क्षतिग्रत हो गई हैं और बिजली आपूर्ति ठप है। वहां 37 लागों की मौत हुई है। वहां से 50 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और उनके रहने के लिए टेंट लगाए जा रहे हैं। शिमियान काउंटी में भूकंप से 28 लोगों के मारे जाने की खबर है।

# काशी में गंगा किनारे रामनगर से पड़ाव के बीच सात किमी. लंबी फोरलेन सड़क व रिवर फ्रंट योजना

**अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर बनने वाले इस सड़क आदि का बजट है 2600 करोड़ रुपये**

- आरएनएम

**वाराणसी।** अब काशी में गंगा में सुबह-सुबह स्नान के बाद पूरब गंगा पार रेती की तरफ उगते सूरज का नजारा पहले की तरह देखने को नहीं मिलेगा। उगते सूरज को देखते हुए अर्घ्य देने का भाव पहले की तरह नहीं होगा। 2600 करोड़ रुपये के रामनगर से पड़ाव के बीच लगभग सात किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क व रिवर फ्रंट निर्माण से वह सब केवल स्मृति में रह जायेगा। रामनगर से पड़ाव के बीच लगभग सात किलोमीटर लंबी चार लेन सड़क के लिए प्रशासन की अनापत्ति जारी कर दी गयी। केंद्र के तीन मंत्रालयों की एनओसी की प्रक्रिया भी अंतिम दौर में है। वहीं, फोरलेन के लिए चिह्नित जमीन को भी प्रशासन अधिग्रहण करने की तैयारी में है। इसके लिये 2600 करोड़ रुपये खर्च करने का बजट तय किया गया है। जल्द ही टेंडर निकालने की तैयारी है। स्थानीय स्तर पर नगर निगम आदि से सभी अनापत्ति प्रमाण मिल गये हैं। केंद्र के नमामि गंगे, पर्यावरण मंत्रालय और वन मंत्रालय से मांगी गयी अनापत्ति अब अंतिम दौर में है। वह भी मिल ही जायेगा। वाराणसी के मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने कहा कि रिवर फ्रंट योजना में स्थानीय विभागों की एनओसी मिल गयी है। मंत्रालयों ने भी इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। गंगा का जलस्तर कम होने के बाद सर्वे की रिपोर्ट शासन को भेजेंगे और इसके बाद निविदा प्रक्रिया शुरू करायी जायेगी। दिसम्बर तक निविदा जारी कर दी जायेगी।



अहमदाबाद के साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर बनने वाले इस परियोजना की सभी कागजी कार्रवाई सितम्बर तक पूरी कर ली जायेगी। रामनगर से राजघाट तक गंगा के समानांतर लगभग सात किमी लंबी फोर लेन सड़क और अन्य विकास कार्यों के लिए 26 सौ करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस सड़क का गंगा पार रेती से सीधा जुड़ाव होने के कारण चंदौली, मिर्जापुर, बिहार और मध्य प्रदेश सहित अन्य नगरों के यात्रियों व श्रद्धालु बिना नगर में प्रवेश किये सीधे गंगा घाटों पर पहुंच जायेंगे। इसके साथ ही यहां लगभग 10 हजार वाहनों की पार्किंग, पार्क, सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य भी कराये जायेंगे। रिवर फ्रंट योजना के जरिये प्रशासन जल परिवहन का भी नया प्लान बनाने की तैयारी में है। सात किलोमीटर लंबी सड़क में तीन जेटी के जरिये शहर को जलमार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जेटी के जरिये नावों का संचालन किया जायेगा। यही कारण है कि यहां पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है। गंगा में बाढ़ थमने के बाद जेटी का भी सर्वे शुरू किया जायेगा।

# साइरस की जिस मर्सिडीज दुर्घटना में मौत हुई, उसकी डाटा चिप जांच के लिए जर्मनी गयी

-आरएनएम

**नयी दिल्ली।** महंगी मर्सिडीज कार में ज्यादातर धनी, पावरफुल लोग, बड़े डॉन आदि ही चलते हैं। इसलिए इसको बनानेवाली कंपनी किसी चर्चित व्यक्ति की मर्सिडीज क्रैश में मौत पर सावधान हो जाती है और कार की किसी फॉल्ट के कारण दुर्घटना तो नहीं हुई यह पता लगाने की कोशिश के तहत कार का ब्लैक बॉक्स निकलवा उसकी फोरेंसिक जांच कराती है। टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का बीते रविवार को जब सड़क दुर्घटना में निधन हुआ तो वह जिस मर्सिडीज बेंज जीएलसी220 कार में सवार थे, वह अहमदाबाद-मुंबई हाईवे पर रोड डिवाइडर से टकरा गयी थी। इस हादसे के बाद मर्सिडीज की हाई एंड लग्जरी कार की सेफ्टी पर भी सवाल उठने लगे हैं। अब पुलिस ने इसे बनानेवाली जर्मन कंपनी मर्सिडीज बेंज से इसके सेफ्टी फीचर्स को लेकर जवाब तलब किया है। पुलिस का कहना है कि मर्सिडीज अपने सभी व्हीकल्स को प्रॉपर टेस्टिंग के बाद ही प्लांट से बाहर निकालने का दावा करती है। इसलिए कंपनी से



पूछा गया है कि मैन्युफैक्चरर की तरफ से कराये गये टेस्ट और इन्वेस्टिगेशन में कोलिजन इम्पैक्ट की रिपोर्ट क्या है...और क्या कार में कोई मैकेनिकल फॉल्ट था? ये सवाल पुलिस ने इसलिए भी किये हैं, क्योंकि मर्सिडीज की जीएलसी220 को ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट में फाइव स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है।

इसे जांचने के लिए कार की डाटा रिकॉर्डर चिप डिकोडिंग के लिए जर्मनी भेजा गया। पुलिस ने कार एक्सीडेंट के तुरंत बाद मर्सिडीज कंपनी को हादसे के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद कंपनी ने पालघर पुलिस को बताया कि कार में लगे डेटा रिकॉर्डर चिप को डिकोडिंग के लिए जर्मनी भेजा जायेगा। इसे डिकोड करने पर कार के बारे में पूरी जानकारी मिल सकेगी, जिसे पुलिस से साझा किया जायेगा। कार की स्पीड का अनुमान वीडियो फुटेज या टाइम कैलकुलेशन के आधार पर लगाया जाता है। इससे कार की एवरेज स्पीड तो पता चल जाती है, लेकिन अलग-अलग समय पर अलग-अलग जगह कार की स्पीड का अंदाजा नहीं लग पाता है। एक्सीडेंट के समय कार की स्पीड के बारे में सटीक जानकारी भी डाटा रिकॉर्डर चिप से ही मिलेगी। डेटा रिकॉर्डर चिप में कार के बारे में डिटेल में जानकारी मौजूद होगी। इससे कार की स्पीड के अलावा यह भी पता चलेगा कि हादसे के वक्त गाड़ी के ब्रेक, एयरबैग और बाकी मशीनरी कैसे काम कर रही थी।

## न्यूज गैलरी

### स्पीकर ने मीडियाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार मामले में दिखायी संजीदगी, मान-सम्मान की रक्षा का दिलाया भरोसा

रांची। झारखंड विधानसभा के विस्तारित मॉनसून सत्र के एकदिवसीय बैठक के दौरान मुख्य द्वार पर मीडियाकर्मियों और मार्शलों के बीच हुई नोंक-झोंक मामले में स्पीकर ने स्वतः संज्ञान लिया है। विधानसभा में हुई मार्शलों के द्वारा सोमवार को दुर्व्यवहार की घटना सामने आने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने घटना के शिकार मीडियाकर्मियों को अपने चेंबर में आमंत्रित कर उनसे घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। साथ ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मान-सम्मान की रक्षा का भरोसा दिलाया। मार्शल के साथ नोकझोंक के वक्त मौके पर उपस्थित पत्रकार संजय रंजन ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि कवरेज के दौरान मार्शल से मामूली बहस हुई थी, जिसकी वजह उसके द्वारा की गयी बदतमीजी थी। इसका उन्होंने और कई अन्य पत्रकारों ने विरोध किया। स्पीकर ने खुद मामले को संज्ञान में लेकर उनसे दो-दो बार बुलाया और उस मार्शल के बारे में बताने का आग्रह किया। स्पीकर बार-बार यह बोल रहे थे कि गलती हुई है, कार्रवाई करेंगे। हालांकि संजय रंजन ने ऐसा ना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि काम के दबाव में कभी-कभी ऐसी चीजें हो जाती है। अब इस मामले को यही खत्म कर आगे बढ़ा जाए। छोटी-छोटी चीजों में जरूरत से ज्यादा उलझने की जरूरत नहीं हैं।

### करमा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रांची। आज नवा टोली पिठौरिया कांके स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय (नव ज्योति भवन) प्रेक्षागृह में करमा महोत्सव -2022 धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम के भक्तों ने मं ।दर कि थाप और सुमधुर करमा गीतों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवा टोली कांके पिठौरिया की संचालिका परमपूजनीय बी के राजमती बहन, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि रांची जिला एव मंत्री रांची जिला ग्रामीण हरी नाथ साहू, कांके पक्षमी जिला परिषद सदस्य कांके सुषमा देवी, पिठौरिया पंचायत की मुकिया मुन्नी मुंडा ने संतुक्त रूप से कहा कि आदिवासी समाज ने सभी समाज को कला , संस्कृति,बोली, भाषा, परंपरा, और प्रकृति की रक्षा करने को लेकर जागरूक किया है ।यह समाज अपनी संस्कृति व पूर्वजों की धरोहर को बचाए रखने में भी सफल रहा है ।आदिवासी समाज हमेशा अपनी संस्कृति में जीता है ।आधुनिक चका चौंध में भी यह समाज अपनी मूल मंत्र और संस्कृति को नहीं भूलता है ।आदिवासी समाज प्रकृति का पूरक रहा है। जल,जंगल, जमीन और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए भी यह समाज कृतयग रहा है। आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करता। करमा पर्व एक उत्सव का पर्व है जिसमें हमें प्रकृति की रक्षा का संकल्प भी लेना चाहिए ।इस अवसर पर मुख्य रूप से भालापुर सेंटर की बी के प्रभा, बी के वीना बहन, बी के कंचन, बी के प्रिया समेत कई लोग उपस्थित थे ।यह जानकारी अमन ने दी।

### शिक्षकों को किया गया सम्मानित

रांची। स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने शिक्षक दिवस के अवसर पर रांची के सबसे पुराने स्कूलों में से एक सेंट माइकल ब्लाइंड स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह हमारे जीवन में शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान को महत्व देने और उन्हें सम्मानित करने का अवसर है। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने स्कूल के दृष्टिबाधित बच्चों के साथ बातचीत की और गुणवत्तापूर्ण समय बिताया। इसके बाद सीएसआर के तहत खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर क्लब की उपाध्यक्ष संचिता कोनार, लक्ष्मी मूर्ति, किरण दुबे, स्मिता विल्सन, स्निग्धा मांझी, रेशमा बेहरा, बी वैशाली, मनसा वर्मा और अपूर्वा त्रिवेदी मौजूद थीं।

### भाकपा-माले और एपवा की जांच टीम पहुंची राणाडीह गांव

रांची। सोनाहातू के राणाडीह गांव में तीन महिलाओं की हत्या के मामले में भाकपा-माले और एपवा की पांच सदस्यीय जांच टीम मंगलवार को राणाडीह पहुंची। टीम ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र है, परंतु डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी नहीं है और न दवा की व्यवस्था है। दूसरी सबसे बड़ी समस्या है अशिक्षा क इस वर्ष सर्पदंश से कई लोग मर चुके हैं। अशिक्षा के अभाव में गांववालों ने मान लिया कि तीनों महिलाएं डायन हैं और गांव के बच्चों को मार डाला है। टीम सदस्यों के अनुसार गांव के लोगों को तीनों महिलाओं की हत्या पर तनिक भी अफसोस नहीं था।

# जेएमएम का भाजपा पर आरोप, सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने की हो रही कोशिश




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने मंगलवार को भाजपा पर हमला बोला। पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने में लगी है। पिछले दिनों सीएम हाउस से चुनाव आयोग को भाजपा की एक शिकायत पर स्पष्टीकरण भेजा गया। यह गोपनीय दस्तावेज था। गोड्डा सांसद ने इसे ट्विटर पर जारी कर दिया है जो अपराध है। ऐसे में झामुमो की चुनाव आयोग से मांग है कि वह इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करे। सीएम का उनको भेजा गया गोपनीय डॉक्यूमेंट प्राइवेट हाथों में कैसे गया। अगर चला भी गया तो वह इसके लिये जिम्मेवार लोगों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में राजनीतिक प्रदूषण फैला हुआ है। यह लोकतंत्र के लिये खतरा है। संवैधानिक संस्थाओं की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में गोपनीयता एक अहम चीज है। सीएम का अपना संवैधानिक महत्व है। उनके कार्यालय के पत्र गोपनीयता की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग ने भाजपा की कुछ शिकायत पर राज्यपाल की ओर से आयोग को एक पत्र भेजा गया। राज्यपाल ने इसे आयोग को मंतव्य के लिये भेजा। आयोग ने भाजपा से और सीएम हेमंत से भी स्पष्टीकरण जानना चाहा था। सीएम ने अपने ऑफिशियल डॉक्यूमेंट में आयोग को अपनी बातें कहीं। 5 सितंबर को भाजपा के सांसद ने ऑफिस ऑफ सीक्रेट एक्ट का उल्लंघन करते दो पत्रों को जारी कर दिया। दोनों पत्र बाहर कैसे आ गये, यह चिंता का विषय है। 5 सितंबर को ही सदन में हेमंत सरकार ने विश्वास मत हासिल किया और इसी दिन यह पत्र लीक हो गया। अब लगता है कि आयोग गोपनीयता नहीं संभाल पा रहा है। यह संयोग नहीं मान सकते। चुनाव आयोग गोड्डा सांसद से पूछ कर हर काम करते हैं। यह दिखता है कि संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा का प्रत्यक्ष कब्जा हो गया है। पिछले दिनों यूपीए के लोग राजभवन गये। राज्यपाल ने सीएम से संबंधित मामले में कहा था कि दो दिनों के अंदर अति शीघ्र अपना मंतव्य वे आयोग को भेज देंगे।

## कांग्रेस नेताओं ने करम पर्व पर राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं

**रांची।** प्रदेश कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने समस्त राज्य वासियों को प्रकृति महापर्व करम परव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, कांग्रेस नेताओं ने कहा प्रकृति महापर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है तो दूसरी तरफ प्रकृति के प्रति लोगों का प्रेम, समर्पण, समर्थन पूरे विश्व को प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। प्रदेश कांग्रेस के नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा झारखंड की भाषा संस्कृति की एक अलग ही विशिष्टता है जो देश की एक प्राचीनतम आदिम संस्कृति है और यह संस्कृति झारखंड का करम महोत्सव प्रकृति की महाशक्ति पर आधारित है। प्रदेश कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा भाई-बहन के प्रति अटूट संबंधों के साथ साथ संगीत और नृत्य हमें जीवंत रखता है एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

## चिन्मय आश्रम में चार दिवसीय युवा शिविर का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यह शिविर चिन्मय मिशन चास द्वारा चिन्मय मिशन रांची के सहयोग से आयोजित था। इस शिविर में चास व बोकारो से 47 लड़के व 14 लड़कियां थी । प्रतिदिन सुबह योग, ध्यान, भजन, वैदिक मंत्रों का गायन, पूजन आदि के माध्यम से अनुशासन की सीख दी गई। एकाग्रता कैसे करें - इस बारे में पूज्य स्वामी राघवानंद जी ने बताया और इसका अभ्यास भी कराया। कोलकाता के ब्रह्मचारी दिवाकर चेतन्य जी ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण कैसे करें और निर्धारण के बाद लक्ष्य की प्राप्ति कैसे करें इस बारे में 3 दिनों तक विस्तार से बताया। बोकारो की स्वामिनी जी पूज्य संयुक्तानंदा जी ने युवाओं को तनाव का प्रबंधन कैसे करें। तनाव को प्रतिबद्धता में कैसे बदलें, इस बारे में विस्तार से बताया और इसका अभ्यास भी कराया। चिन्मय मिशन रांची के श्री राजेश कौशिक जी ने एक समय प्रबंधन के सूक्ष्म सूत्रों के बारे में बताया, कोलकाता के श्री ए के दत्ता एवं शिविर के मुख्य संयोजक श्री संदीप तिवारी ने समूह चर्चा को संचालित कर युवाओं की समझ को स्पष्ट कराया. चिन्मय मिशन के अध्यक्ष श्री आर. एस. अग्रवाल ने अपने अनुभव से युवाओं को सीख दी। पंकज मिश्रा, श्री देवेश त्रिपाठी व रवि मिश्रा भी चास से शिविर के सफल संचालन के लिए आए थे। समापन सत्र में वेद प्रकाश बागला ने युवाओं को थीम विषय पर प्रेरित किया श्री अशोक अग्रवाल जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शिविर की सफलता में निम्नलिखित अभिभावको का भी विशेष योगदान रहा-सर्वश्री प्रेम आर्य, बिजय सराईका, प्रदीप जयसवाल, अशोक मंगल, राजीव रंजन प्रसाद, बैजनाथ सिंह, बालेश्वर चौधरी, बी एन सिंह, बसन्त शर्मा आदि पूरी गतिविधियों में धीरज कुमार, मुक्ति प्रकाश, सहजानंद, सतेंदर, मनीष आदि की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## मंगलदीप प्ले स्कूल में शिक्षक दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांच।** विगत सोमवार को शिक्षक दिवस के शुभअवसर पर रातु रोड सब्जी मार्केट के निकट मंगलदीप प्ले स्कूल में प्राचार्या श्वेता मिश्रा के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजन कर देश के पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़ी प्रसिद्ध समाजसेविका मंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि हरीनाथ साहू, छात्र क्लब चिकित्सक मंच के अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक अजय कुमार आदि मौजूद थे। शिक्षिका रूबी चौधरी एवं संगीता चौधरी ने डॉक्टर राधाकृष्णन जी के जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुएं उनके आदर्शों को बतलाया ।मौके पर मंजू देवी ने बच्चों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा शिक्षक समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ है शिक्षकों का हमेशा सम्मान करें ।हरिनाथ साहू ने कहा शिक्षक ही समाज एवं राष्ट्र के निमार्ता होते हैं,वही शिव किशोर शर्मा ने कहा हमें डॉक्टर राधाकृष्णन जी के आदर्शों को अपनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया कुमारी,कंचन देवी,सविता चौधरी,मंजू देवी,प्रभा देवी,सुषमा पांडेय एवं अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।देशभक्ति संगीत गायन के साथ कार्यक्रम की समापन हुई।

## दुर्गा पूजा की तैयारी, डोरंडा में 60 फीट ऊंची काल्पनिक मंदिर का कराया जा रहा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट,डोरंडा द्वारा 50 वर्षों से अधिक समय से हो रहे दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर शोर एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। दो वर्ष के कोरोना महामारी के उपरांत दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर एक ओर समिति के पदाधिकारी उत्साहित हैं तो दूसरी ओर माता के भक्त गणों के भावनाएं एवं श्रद्धा भी चरम पर हैं। पूजा आयोजन को लेकर छप्पन सेट मैदान में पंडित उदय मिश्रा के देखरेख में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज विधिवत मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन किया गया और पूजा पंडाल का निर्माण कार्य कोलकाता के कारीगरों द्वारा प्रारंभ किया गया ।समिति के मीडिया प्रभारी मेंहुल दूबे ने बताया कि साठ फीट काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसके शीर्ष पर भगवान शिव अपनी जटा से गंगा को निकालते हुए दिखाई देंगे। आकर्षक विद्युत सज्जा, साउण्ड सिस्टम एवं बंगाल का ताशा पार्टी आकर्षण के केंद्र बिन्दू रहेंगे। दुर्गा पूजा के सफल संचालन के लिए वर्ष 2022 के लिए समिति का निम्नवत गठन किया गया

> पूजा आयोजन को लेकर छप्पन सेट मैदान में पंडित उदय मिश्रा के देखरेख में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज विधिवत मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन किया गया

है-संस्थापक- कपिलदेव सिंह, संरक्षकः गोपाल तिवारी, दीपक सिन्हा, कमलेश प्रसाद, बीएन झा, बबलू सिन्हा, अध्यक्षः गौतम कुमार दूबे (गोपी), सचिवः महेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्षः विजय कुमार गुप्ता, जे डी गुरुंग, संजय शास्त्री, अजित राय , राकेश वर्मा, मीडिया प्रभारीरू मेंहुल दूबे, नीरज कुमार सह सचिवरू विवेक सिंह, अनूप कुमार, विकास छेत्री , पंडितः उदय शंकर मिश्र, पूजा प्रभारीः कमलेश झा, विशेष आमंत्रित सदस्यः अभय सिंह, ओ.पी शर्मा, आर.पी साह , संजय सिंह , बी.के मिश्रा, विनोद छेत्री, चुन्नू सिंह, कृषणाश्रय शर्मा, शशि भूषण सिंह, सामु घोष, मनोज तिवारी,रितेश थापा, मनीष कुमार दूबे, लाइट एंड साउंडरू सन्नी कुमार (चीकू), दीपक ठाकुर सदस्यरू आयुष कुमार गुप्ता, अश्विनी कुमार, शशिकांत(गोलू), संतोष बनाये गए हैं।

## श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा के पाठ से श्याम मंदिर गूंज रहा था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर सोलवा(16) श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन में श्लोक के पाठ से हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। बजरंग बली की जय-जय घोष हो रही थी। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया था। कैलाश नगर निवासी राजीव चौधरी, रश्मि चौधरी ने परिवार के संग श्री हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर पेड़ा, गुड़, चना, केला, फल, पंचमेवा, काजू, किसमिस, अखरोट, बदाम, अंजीर, का प्रसाद का भोग समर्पित किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने चना, गुड़ प्रसाद की सेवा समर्पित की। मंडल के उप मंत्री श्री अनिल नारनौली ने पूजा अनुष्ठान संपन्न करवाया। पाठ वाचक श्री मनीष सारस्वत व श्री ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ सैकड़ों भक्तों से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ करवाया। 2 घंटे के पाठ के उपरांत महाआरती की गई। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने भक्तजनों को सभी प्रकार के प्रसाद वितरित किए।

**एकादशी संकीर्तन :** भादवा की पदमा/ कर्मा एकादशी के अवसर पर आज हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रात से ही भक्तों की भारी संख्या में निरंतर आगमन होता रहा । प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती 8:30 बजे श्रृंगार आरती 12:15 बजे भोग आरती रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती व रात्रि 8:30 बजे शयन आरती में भक्तों ने आरती का स्पर्श कर भोग लगाया। इस अवसर पर बालाजी एवं श्यामेश्वर महादेव शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**ईडी की तैयारी, पंकज मिश्रा पर जल्द...**

भेजा है। वहीं, भगवान भगत, हीरा भगत समेत दर्जनों कारोबारियों से अबतक की जांच में पूछताछ की है।

**दाहू यादव की संपत्ति जब्त करेगी ईडी :** पंकज मिश्रा के ही करीबी दाहू यादव को ईडी ने जुलाई माह में बुलाया था। शुरुआती पूछताछ में आने के बाद दाहू यादव ने अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाया। इसके बाद ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। ईडी ने कई बार दाहू के ठिकानों पर छापेमारी की, उसके परिवार के लोगों को भी नोटिस भेजा। लेकिन दाहू का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के मामले में दाहू यादव की संपत्ति की जानकारी जुटा उसे जब्त की जायेगी। इस दिशा में ईडी ने प्रयास शुरू कर दिया है।

**करम पर्व की धूम, अखड़ा...**

वर्धमान कंपाउंड, तिरिल, डेलाटोली, अरगोड़ा, पुंदाग, लालपुर, लोवाडीह, बसर टोली, चुटिया और तुपूदाना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य रूप से पूजा की गयी। राजधानी में मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने रांची के हातमा अखड़ा में पूजा करायी। मुख्य पाहन जागलाल पाहन का कहना है कि करमा पूजा एकता और भाईचारगी के साथ जीवन जीने की सीख देता है। करम-धरम की कथा में सामूहिकता का पाठ विद्यामान है। सभी वर्गों को मिलजुल कर अपनी-अपनी तरक्की का संदेश देता है। आज समाज में ईर्ष्या-द्वेष काफी बढ़ गया है। करमा पूजा में शामिल हों तो कथा जरूर सुनें। कथा सुनकर उसको अपने व्यक्तिगत जीवन में भी उतारें।

**पलामू पुलिस ने हत्या में शामिल तीन...**

जिले के बीएसएल कम्पनी बोकारो से सेवानिवृत कर्मी है। एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि मृतक के इकलौता पोता हर्षराज की वर्ष अगस्त माह 2021 को दामोदर नदी बोकारो में डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। मृतक का एक पुत्र दीपक प्रसाद जो अपने पुत्र के सदमे के कारण नवम्बर 2021 में ही उनकी मृत्यु हो गयी थी। तभी से दिनेश कुमार राम अपने पैतृक घर फिरहीन्डीह रोहतास बिहार एवं ज्यादातर बोकारो में किराये के मकान में अकेले रह रहे थे। इस बीच दिनेश कुमार का मकान मालिक मिथलेश पासवान एवं उनके दो पुत्र सोनू पासवान और अभिमन्यु पासवान के साथ काफी घुल मिल गये थे। इसी का नाजायज फायदा उठाकर अपराधियों ने दिनेश कुमार का खाता, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं यूजर आईडी का फोटो खीचकर नेट बैंकिंग के माध्यम से 14 अगस्त से 01 सितम्बर के बीच करीब तेईस लाख रुपए की निकासी अपने बगल सन्टू शर्मा और इमतियाज अंसारी पिता-नसीम अंसारी के सहयोग से किया था। अपना गुनाह से बचने के लिये अपराधियों के द्वारा एक षडयंत्र के तहत मृतक दिनेश प्रसाद को दूसरी शादी कराने का प्रलोभन देकर मकान मालिक एवं उनके पुत्र, सहयोगी तथा तीन सुपारी किलर के साथ मिलकर जपला स्थित श्री गणेश लॉज में रुके तथा पाँच लाख रुपए में सुपारी देकर मृतक दिनेश कुमार राम की हत्या कर उनका शव छतरपुर थाना अन्तर्गत तरमी जंगल में फेक दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने हत्या में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सन्टू शर्मा,अभिमन्यु कुमार उर्फ मोनू पासवान,नसीम अंसारी शामिल है। तीनों बोकारो जिला के रहने वाले है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने सैमसंग कम्पनी का एक की पैड मोबाईल,पैसा निकासी में उपयोग किये गये मोबाईल, एक आरईडीएमाई कम्पनी का दो ओप्पो कम्पनी का स्कीनटच मोबाईल बरामद किया है।

**छापामारी दल में शामिल टीम :** छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ,एसआई प्रियरंजन कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**एसपी अंजनी अंजन ने खुद संभाला कमान...**

2 किलो, 2 किलो यूरिया, अर्ध निर्मित बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, ड्रिल मशीन, विभिन्न तरह के 15 पाइप, 20 फीट अल्मुनियम सीट, 5 किलो नट बोल्ट, हैंडपंप सिलेंडर, एसएलआर का 350 गोली, केन लैंडमाइंस 16, प्रेसर लैंडमाइंस 03, 500 मीटर कोडेक्स वायर, 130 एविल इंजेक्शन, 130 नीडल इंजेक्शन, 100 साइकिल ट्यूब मिला है।

**एसपी खुद कर रहे है कैंप :** बूढ़ापहाड़ के इलाके में अभियान को लेकर एसपी अंजली अंजन खुद कैंप कर रहे हैं। भारी बारिश और नदी में पानी भरने के कारण सुरक्षाबल अभियान के बाद छिपादोहर के इलाके में लौट रहे हैं। एसपी अंजनी अंजन पूरे मुठभेड़ और अभियान का खुद से निगरानी कर रहे है।

**देश को मिली पहली नेजल...**

उम्र के लोगों के प्राथमिक टीकाकरण के लिए आपातकालीन स्थितियों में प्रतिबंधित उपयोग के लिए टीके को मंजूरी दी है। यानी 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों को नेजल वैक्सीन दी जा सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट कर लिखा- 'कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई को बड़ा बूस्ट मिला है। भारत बायोटेक के कोविड-19 (चिंपांजी एडेनोवायरस वेक्टरेड) रीकॉम्बिनेंट नेजल वैक्सीन को आपातकालीन स्थिति में 18 साल से ज्यादा आयु वर्ग के उपयोग के लिए अनुमति दी गयी है।

**कोरोना से जंग में सामूहिक लड़ाई और मजबूत होगी : मनसुख मंडाविया**

यही नहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने बताया कि यह कदम महामारी के खिलाफ हमारी सामूहिक लड़ाई को और मजबूत करेगा। मंडाविया ने कहा कि भारत ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में अपने विज्ञान, अनुसंधान एवं विकास और मानव संसाधनों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान संचालित दृष्टिकोण और सबका प्रयास के साथ, हम कोविड-19 को हरा देंगे। वैक्सीन निर्माता भारत बायोटेक ने बीते महीने ही इंट्रानैसल कोविड-19 वैक्सीन के लिए तीसरे चरण और बूस्टर खुराक का परीक्षण पूरा किया था।

**हाई वॉल्टेज करंट की चपेट में...**

दी। समाज सेवी कामेश्वर यादव ने बिजली विभाग को तुरंत फोन कर बिजली बंद करवाया। लोग घटना स्थल पहुँचे तब तक देखा कि 14 भैंस की मौत हो चुकी थी। और तीन भैंस बुरी तरह जख्मी है। इस घटना पर मुखिया प्रतिनिधि बबन भुईयां ने बिजली विभाग के अधिकारियों से उचित मुआवजा की मांग की है। मुखिया ने बताया कि मृत सभी भैस सुरेन्द्र यादव,राजेन्द्र यादव,नरेश यादव और नागेन्द्र यादव का है। इन को काफी क्षति हुई है। मुखिया ने कहा कि यह घटना बिजली विभाग के लापहरवाही के कारण हुई है। इसलिये बिजली बिभाग दोषी है। वही भुगतभोगी राजेन्द्र यादव ने बताया कि बारिश नही होने के कारण हमलोगों की फसल भी चली गई है । इसी भैंस के दूध बेचकर हमलों का भरन पोषण हो रहा था। बिजली बिभाग के जेई कुलदीप यादव से दुरभाष के मध्यम से बात करने बताया कि अगर तार गिरा रहता तो यह किलियर रहता की इंसुलेटर पंचर है। अगर बिजली से भैंस की मौत हुआ होगा तो मुवाबजा दी जायेगी।

**बैंकमोड़ में मुथूट फिनकॉर्प में लूट...**

गोली भी चलायी। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने ऑटोमेटिक हथियार से फायरिंग की, जिसमें एक की मौत हो गयी। अन्य दो लोगों को पुलिस ने बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। एसएसपी संजीव कुमार, ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन, बैंक मोड़ पुलिस थाना के प्रभारी पीके सिंह समेत अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर डटे रहे। मौके पर सैकड़ों लोग भी जमा हो गये। मुठभेड़ के दौरान अपराधियों की ओर से पांच राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। बैंक मोड़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि घटना के बारे में सुबह में जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि जब मौके पर पहुंचा तो डकैतों ने हमला शुरू कर दिया। जवाबी फायरिंग में एक डकैत मारा गया है। उन्होंने कहा कि जो भी इस वारदात में शामिल हैं, उन सबकी धरपकड़ जारी है। जो भी आपराधिक घटना को अंजाम देगा, उसका यही हश्र होगा। धनबाद शहर में एक सप्ताह के भीतर अपराधियों का यह दूसरा बड़ा दुस्साहस है। मुथूट फिनकॉर्प का दफ्तर बैंकमोड़ पुलिस स्टेशन से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित है। इससे तीन दिन पहले अपराधियों ने धनसार पुलिस स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित गुंजन ज्वेलर्स से एक करोड़ रुपये से अधिक का सोना लूट लिया था। वहीं, मुथूट फिनकॉर्प कंपनी भी सोना गिरवी रखकर बतौर ऋण रुपये देती है।

**वाहन में पीछे की शीटों पर...**

चलाया जा सके। टाटा मोटर्स के पूर्व चेयरमैन का दुखद निधन के मद्देनजर उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि पीछे बैठनेवालों को बेल्ट की जरूरत नहीं है। यह समस्या है। मैं किसी भी दुर्घटना पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन आगे और पीछे बैठनेवालों दोनों को सीट बेल्ट पहनने की जरूरत है। उनके मंत्रालय ने इस साल की शुरुआत में एक मसौदा अधिसूचना जारी कर एक अक्टूबर से कारों के अंदर छह एयरबैग अनिवार्य करने पर विचार मांगा था, जिन कारों में आठ लोग सवार हो सकते हैं। हालांकि, कई कार निर्माताओं द्वारा इस कदम की व्यवहार्यता पर सवाल उठाये जाने के बाद अभी तक एक औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं की गयी है। फरवरी में गडकरी ने कहा था कि उनका मंत्रालय वाहनों में सामनेवाले सभी यात्रियों के लिए तीन-बिंदु सीट बेल्ट अनिवार्य कर देगा। वर्तमान में, ज्यादातर कारों में पीछे की पिछली सीटों में तीन-बिंदु बेल्ट नहीं होते हैं।

# सूचना कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा के कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजभाषा पखवाड़ा के अवसर पर आज मंगलवार, 6 सितंबर 2022 को सूचना प्रसारण मंत्रालय के रांची स्थित विभागों - पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा संयुक्त रुप से हिंदी कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता दोनों विभागों के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने की। इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं के रूप में भारतीय सूचना सेवा से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी श्री नीरज कुमार पाठक एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) में मुख्य तकनीकी अधिकारी तथा हिंदी के लिए अपनी कार्यावधि समर्पित करने वाले डाक्टर अंजेश कुमार, शामिल हुए। अध्यक्ष एवं दोनों विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक गमछा से स्वागत किया गया। तदोपरांत सभी का स्वागत करते हुए, अपने अध्यक्षीय संबोधन में अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि 'क' क्षेत्र होने के नाते हमारी कोशिश होनी चाहिए कि अधिकतर कार्यालय के दैनिक कार्य एवं पत्राचार हम हिंदी में ही करें। मुझे पूरी उम्मीद है कि आज के इस कार्यशाला से आपको हिंदी में और बेहतर कार्य करने के लिए हमारे विशेषज्ञ अतिथियों से प्रेरणादायक जानकारी प्राप्त होगी। पूर्व भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी एवं मुख्य रूप से दूरदर्शन तथा आकाशवाणी में प्रमुखता से अपनी सेवाएं देने वाले डॉक्टर नीरज पाठक ने संबोधन में अपने कार्य संबंधी अनुभवों को साझा किया तथा राजभाषा के रूप में मुगल काल में फारसी तथा अंग्रेजों के शासन में अंग्रेजी के प्रभुत्व के बाद हिंदी के रूप में आजादी के बाद से राजभाषा के रोचक सफर पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राजभाषा का समय-समय पर विरोध हिंदी ना बोलने वाले राज्यों में होता रहा है, लेकिन आज हिंदी एक सशक्त भाषा के रूप में देश में मौजूद है। हमें अपनी इस राजभाषा को बोलने पर गौरवान्वित होना चाहिए और इसे कभी भी कमतर नहीं आंकना चाहिए। करीब घंटे भर के अपने संबोधन में आईसीएआर के डॉ. अंजेश कुमार ने आजादी के बाद से अभी तक के राजभाषा के रूप में हिंदी के सफर की जानकारी दी एवं 1966 में बने कोठारी कमीशन के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से विज्ञान और तकनीक ने हिंदी के प्रयोग को और आसान बनाया है, आज हम कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से बड़े ही आसानी में हिंदी में पत्राचार तथा किसी भी प्रकार का संचार कर सकते हैं ।

दूसरे क्षेत्रों में भी संपर्क भाषा के रूप में हिंदी सबसे सशक्त रूप में उभरी है। हालांकि तकनीकी शिक्षा में अभी भी हिंदी का वांछनीय प्रयोग कम है। किसी भी भाषा का विस्तार उसके रोजगार परक होने से ही होता है, अगर हम देखें तो जैसे जैसे देश बढ़ रहा है? वैसे ही हिंदी भी रोजगार से जुड़े भाषा के रूप में प्रमुखता से बढ़ रही है, इसलिए मुझे हिंदी का भविष्य काफी उज्जवल दिखता है। आज विश्व में 170 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में या पढ़ाई जा रही है और 600 से अधिक संस्थान हैं जहां पर इसकी शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर आज दोनों ही विभागों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे। बैठक की प्रस्तावना केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान ने रखी, वहीं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला श्रीमती महवीश रहमान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## न्यूज गैलरी

### यूएस ओपन : फ्रांसेस टियाफो ने नडाल के विजय अभियान पर लगायी रोक

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** फ्रांसेस टियाफो ने राफेल नडाल का ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में पिछले 22 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान थाम कर पहली बार अमरीकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। टियाफो ने आर्थर ऐस स्टेडियम में खेले गये चौथे दौर के मुकाबले में नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत से अभिभूत टियाफो ने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा था जैसे दुनिया थम गयी है। एक मिनट के लिए मैंने कुछ नहीं सुना। टियाफो अभी 24 वर्ष के हैं और उन्हें अमरीकी ओपन में 22वीं वरीयता दी गयी है। वह एंडी रोडिक (2006) के बाद इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचनेवाले सबसे कम उम्र के अमरीकी खिलाड़ी हैं। टियाफो का सामना अब आंद्रे रुबलेव से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नोरी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। नडाल ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और जून में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह टूनार्मेंट से हट गए थे। अमरीकी ओपन में चार बार के चैंपियन नडाल इसके बाद केवल एक टूनार्मेंट में खेल पाए थे।

### पायस-यशस्विनी की जोड़ी ने एशियाई जूनियर टेबल टेनिस में स्वर्ण जीता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पायस जैन और यशस्विनी घोरपड़े ने चीन की हान शिनयुआन और किन युसुआन की चीनी जोड़ी को 3-2 से हराकर लाओस में एशियाई जूनियर और कैडेट चैम्पियनशिप के मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीत कर अपने अभियान का अंत किया। भारतीय जोड़ी ने 11-9, 11-1, 10-12, 7-11, 11-8 से जीत दर्ज की। यह एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय जूनियर खिलाड़ियों का पहला स्वर्ण पदक है। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक भी जीते। यह पदक उसने लड़कों के अंडर-19 युगल, लड़कियों के अंडर-19 एकल और लड़कों की अंडर-19 टीम स्पर्धा में जीते। इस तरह से भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने चार पदक हासिल किए। पायस और यशस्विनी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके पहले दोनों गेम जीते, लेकिन चीनी जोड़ी ने भी इसके बाद अच्छी वापसी की और अगले दोनों गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक खींच दिया जिसमें भारतीयों ने दमदार प्रदर्शन किया। कर्नाटक की शीर्ष वरीयता प्राप्त यशस्विनी ने लड़कियों के अंडर-19 एकल में क्वार्टर फाइनल में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की चेन यी से सीधे गेम में 13-11, 11-9, 11-4, 11-3 से हार गयी।

### प्लिस्कोवा और सबालेंका क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** चेक गणराज्य की 22वीं वरीयता प्राप्त सीड कैरोलीना प्लिस्कोवा ने यूएस ओपन के चौथे दौर में 26वीं वरीयता प्राप्त सीड विक्टोरिया अजारेंका को मात देकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। यूएस ओपन 2016 के फाइनल में एंजलीक केर्बर से हारने वाली प्लिस्कोवा ने सोमवार को तीन बार की फाइनलिस्ट अजारेंका को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराया। दोनों दिग्गज 2019 के बाद पहली बार एक-दूसरे से मुकाबला कर रही थीं। प्लिस्कोवा मुकाबलों में अजारेंका से 5-4 से आगे हैं। 30 वर्षीय प्लिस्कोवा क्वार्टरफाइनल का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त खिलाडी एरीना सबालेंका से होगा। जो सेट में वापसी करके अमेरिका की डेनिएल कॉलिन्स को 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर दूसरे यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है।

# सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी प्रारूप से लिया संन्यास

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। रैना ने मंगलवार को ट्वीट कर ये जानकारी दी। रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 15 अगस्त 2020 को लिया था। इसी दिन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी संन्यास का ऐलान किया था। अब रैना ने सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया है। यानी वे घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में भी नहीं खेलेंगे। रैना ने मंगलवार को ट्वीट किया कि देश और अपने राज्य उत्तर प्रदेश के लिए खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। ट्वीट में उन्होंने बीसीसीआई, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन, अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स का शुक्रिया अदा किया है।

**2022 आईपीएल में किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद रैना आईपीएल और विदेशी लीग्स में खेल रहे थे, लेकिन 2022 के आईपीएल में उन्हें चेन्नई समेत किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं लिया था। हालांकि, माना जा रहा था कि 2022 आईपीएल में रैना की वापसी हो सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं था। रैना ने 2020 का सीजन बीच में छोड़ा था। इसी सीजन में उन्होंने अपना आखिरी आईपीएल मैच खेला था।

**विदेशी लीग में खेलने की संभावना :** रैना ने भले ही घरेलू क्रिकेट को अलविदा कह दिया है, लेकिन वे रोड सेफ्टी सीरीज जैसी इंटरनेशनल लीग में खेलते दिख सकते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस खिलाड़ी ने बीसीसीआई से एनओसी मांगा है। सुरेश रैना के क्रिकेट करियर की शुरुआत 2000 में हुई थी। जब उन्होंने क्रिकेटर बनने का निर्णय लिया और एक स्पोर्ट्स स्कूल जॉइन किया। उसके बाद 2002 में झारखंड के खिलाफ उन्होंने यूपी टीम के लिए डेब्यू किया था। वे उस टीम के कप्तान भी बने थे। आईपीएल-2022 मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद



मिस्टर आईपीएल ने एक फोटो पोस्ट की थी। जिसमें वे अल्लू अर्जुन के लुक और स्टाइल में नजर आ रहे थे। पोस्ट में खिलाड़ी ने लिखा था- फायर (इमोजी) है मैं, आप जानते हैं कि यह क्या है। इस फोटो की खूब चर्चा हो रही थी। रैना ने संन्यास के समय सीएसके को टैग करते हुए शुक्रिया भी लिखा है।

## संन्यास पर गिल ने दी प्रतिक्रिया कहा- अमूल्य है आपका योगदान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने मंगलवार को भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को क्रिकेट में उनके अमूल्य योगदान के लिए बधाई दी। गिल की यह टिप्पणी रैना द्वारा मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा के बाद आयी है। गिल ने घरेलू सोशल मीडिया ऐप कू ऐप पर पोस्ट करते हुए कहा, रैना का क्रिकेट में योगदान अमूल्य है और आपकी दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं। चार साल पहले रैना ने अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में गिल की पारी के लिए उनकी तारीफ की थी। 2020 में रैना ने एमएस धोनी के संन्यास की पुष्टि के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 13 साल से अधिक के करियर में 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। बल्लेबाज ने 2005 में श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 226 एकदिवसीय मैचों में 5615 रन बनाए। रैना अब रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के दूसरे सीजन में इंडियन लीजेंड्स के लिए खेलेंगे।

# टीम इंडिया ने बनाये 173 रन, चहल ने एक ओवर में लिये दो विकेट

**दुबई (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच एशिया कप में सुपर-4 का मुकाबला खेला गया। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। 20 ओवर में टीम इंडिया ने सात विकेट खोकर 173 रन बनाये। खबर लिखे जाने तक जवाब में श्रीलंका की टीम ने 12 ओवर में दो विकेट खोकर 98 रन बना लिये थे। रोहित शर्मा के बल्ले से भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन निकले। उन्होंने 41 गेंद में 72 रनों की पारी खेली। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने भी 34 रन बनाये। श्रीलंका के लिए दिलशान मदुशंका ने शानदार गेंदबाजी की और 24 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। 2-2 विकेट दासुन शनाका और चमिका करुणारत्ने ने लिए।





**रोहित की कप्तानी पारी :** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला आज के मैच में जमकर बोला। उन्होंने 41 गेंद पर 72 रन की धमाकेदार पारी खेली। भारत को 2 झटके जल्दी लग गए थे, विराट और केएल राहुल कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। इसके बाद रोहित ने 5 चौके और 4 छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली उनका स्ट्राइक रेट 175.60 का रहा। रोहित के बाद सूर्यकुमार यादव भी जल्दी आउट हो गए। उनके बल्ले से 29 गेंद में 34 रन निकले। रोहित और सूर्या के बीच 58 गेंद में 97 रन की साझेदारी हुई। हार्दिक पंड्या और दीपक हुड्डा भी मैच में फ्लॉप रहे। हार्दिक 13 और हुड्डा सिर्फ 3 रन बना पाए। पिछले मैच में खराब शॉट खेलकर आउट हुए ऋषभ पंत श्रीलंका के खिलाफ भी कुछ खास नहीं कर पाए और 13 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हो गए।

**केएल राहुल-विराट कोहली का फ्लॉप शो :** केएल राहुल श्रीलंका के खिलाफ एक बार फिर फ्लॉप रहे। उन्होंने सात बॉल का सामना किया और सिर्फ 6 रन बनाए। उनका विकेट महेश तीक्ष्णा ने लिया। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर राहुल आगे बढ़ के खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल जाकर उनके पैर पर लगी। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने जोरदार अपील की और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। एशिया कप के 4 मैचों में राहुल के बल्ले से एक भी अर्धशतक नहीं निकला है। विराट कोहली दिलशान मदुशंका की अंदर आती हुई गेंद को समझ ही नहीं पाए। वहीं, पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली अपना खाता भी नहीं खोल पाए। युवा तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की अंदर आती हुई गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। तीसरे ओवर की चौथी गेंद विराट के लिए खतरनाक साबित हुई। विराट जैसे ही आउट हुए रोहित भी निराश हो गए।

## भारतीय बैडमिंटन संघ ने पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं के लिए मंगलवार को लगभग 1.5 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय बैडमिंटन दल ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उसने तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए थे। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने 2021 और 2022 की विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर तीन पदक जीते थे।

महासंघ के अध्यक्ष हिमंता विश्व सरमा ने पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे बैडमिंटन खिलाड़ियों ने लगातार देश का गौरव बढ़ाया है और यह नकद पुरस्कार पिछले दो वर्षों में उनकी शानदार उपलब्धियों को सम्मान देने का एक छोटा सा प्रयास है। बर्मिंघम में रजत पदक जीतने वाली 10 सदस्यीय मिश्रित टीम को कुल 30 लाख रुपये यानि प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपये मिलेंगे, जबकि सहयोगी स्टाफ के आठ सदस्यों में से प्रत्येक को 1.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष और महिला एकल चैंपियन लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू को 20-20 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी को बर्मिंघम में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के लिए 25 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की युवा महिला युगल जोड़ी को कांस्य पदक जीतने पर 7.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी बर्मिंघम में अपने पुरुष एकल कांस्य के लिए पांच लाख रुपये जबकि स्पेन के ह्यूएलवा में 2021 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के लिए 10 लाख रुपये मिलेंगे। सेन को विश्व चैंपियनशिप 2021 में कांस्य पदक जीतने के लिए पांच लाख रुपए जबकि चिराग और सात्विक को पिछले महीने तोक्यो में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के लिए 7.5 लाख रुपए मिलेंगे।

# टी-20 विश्व कप के लिए द. अफ्रीका टीम का ऐलान



**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** कोहनी की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर होने वाले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान और टेस्ट उप-कप्तान टेम्बा बावुमा साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में टीम शामिल हो गए हैं। 32 वर्षीय खिलाड़ी को जून में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के दौरान बाईं कोहनी में चोट लगी थी और अब वह पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अनुसार इस महीने के अंत में होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टी-20 विश्व कप से पहले 15 सदस्यीय टीम और तीन ट्रेवलिंग रिजर्व भी भारत का दौरा करेंगे। मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान चोटिल होने वाले रस्सी वैन डेर डूसन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

उन्हें सर्जरी की आवश्यकता होगी और उन्हें ठीक होने में कम से कम छह सप्ताह तक का समय लगने की उम्मीद है। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में टी-20 श्रृंखला में एक प्रभावशाली आउटिंग के बाद 22 वर्षीय ट्रिस्टन स्टब्स को अपना पहला विश्व कप कॉल प्राप्त हुआ। अन्य उल्लेखनीय चयनों में रिले रोसौव और वेन पार्नेल शामिल हैं। सभी 18 खिलाड़ी भारत के खिलाफ 28 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक टी-20 श्रृंखला में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे जबकि तीन मैचों की 50 ओवर की श्रृंखला के लिए 15-मजबूत खिलाड़ियों का नाम दिया गया है। टीम 23 सितम्बर को भारत के लिए रवाना होगी।

**एफआईएच नेशंस कप हॉकी**

## कनाडा के खिलाफ महिला टीम खेलेगी अपना पहला मैच

**लुसाने (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम स्पेन के वालेंशिया में 11 से 17 दिसम्बर तक होनेवाले एफआईएच नेशंस कप में कनाडा के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत को पूल बी में कनाडा, जापान, दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। यह टूर्नामेंट एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र का क्वालीफायर है। पूल ए में कोरिया, इटली, स्पेन और आयरलैंड हैं। कनाडा के बाद भारत का सामना 12 दिसम्बर को जापान से होगा जबकि 14 दिसम्बर को उसे दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। हर पूल से दो टीमें सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी जो 16 दिसम्बर से खेला जाएगा। फाइनल 17 दिसम्बर को होगा। भारतीय महिला टीम 2021.22 में प्रो लीग में पदार्पण के साथ तीसरे स्थान पर रही थी।

## तेजी से बदल रहा है क्रिकेट परिदृश्य, संतुलन बनाने की जरूरत : विलियमसन

**केयर्न्स (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि कई टी-20 आने से विश्व भर में क्रिकेट का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है तथा फ्रेंचाइजी क्रिकेट और राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। विलियमसन का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि दुनियाभर के क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वजह टी-20 लीग में खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह मुश्किल स्थिति है क्योंकि सब कुछ बदल रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे सब कुछ बहुत तेजी से हो रहा है। विलियमसन ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह खेल के परिदृश्य को लेकर एक आंदोलन है। हर मामला पूरी तरह से भिन्न है और प्रत्येक मामले की अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताएं हैं। उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कई अलग तरह के आयोजन हो रहे हैं और खिलाड़ी अपने करियर को लेकर फैसला कर रहे हैं। इसे देखकर लगता है संतुलन बनाना जरूरी है। हाल में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट अपने केंद्रीय अनुबंध से हट गए थे। उन्होंने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और विश्व भर में टी-20 क्रिकेट खेलने को लेकर ऐसा फैसला किया।




# एशिया कप : रिजवान के दाहिने घुटने का होगा फॉलो-अप स्कैन

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने चार सितम्बर (रविवार) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एशिया कप सुपर-4 चरण में भारत के खिलाफ टीम की रोमांचक जीत में अहम अर्धशतक जमाया था। हालांकि, अब पाकिस्तान के लिए बुरी खबर है और वो यह कि रिजवान को दाहिने घुटने में चोट के बाद स्कैन के लिए भेजा गया है। रिजवान को भारत की पारी के 15वें ओवर में चोट लग गयी थी। रिजवान दर्द में थे और पाकिस्तान के फिजियो उनकी देखभाल करने के लिए मैदान पर उतरे। दर्द और बेचैनी के बावजूद, रिजवान बल्लेबाजी करने गए और 51 गेंदों में 71 रनों के साथ रन चेज में अहम योगदान देते हुए पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। रिपोर्ट्स

**भारत के खिलाफ मैच में लगी थी चोट**



की मानें तो ओपनिंग बैटर का मैच के बाद एमआरआई स्कैन कराया गया था, लेकिन एहतियात के तौर पर फॉलो-अप स्कैन की भी सिफारिश की गयी है। रिजवान एशिया कप के इस संस्करण में 192 रन के साथ प्रमुख रन-स्कोरर हैं जिसमें तीन मैचों में दो हाफ-टॉम शामिल हैं।

उन्होंने 2021 की शुरूआत से अब तक टी-20 इंटरनेशनल्स में 1,521 रन बनाए हैं जो पुरुषों के टी-20 इंटरनेशनल में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है। पाकिस्तान अपने एशिया कप अभियान के दौरान चोटों की चपेट में रहा है, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टूर्नामेंट से पहले बाहर हो गये और मोहम्मद वसीम और शाहनवाज दहानी इस आयोजन के दौरान साइड-लाइन हो गये। एशिया कप के सुपर फोर चरण में बुधवार को पाकिस्तान का सामना अफगानिस्तान से होगा।